हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11 खेल



**टीम इंडिया में बदलते समीकरण, इंग्लैंड दौरा होगा 'करो या मरो' फॉर्म से जूझ रहे सूर्या...**

Page 09 देश



**महिला सांसद का सनसनीखेज दावा-स्वयंभू बाबा, अशोक खरात का हो सकता है मुठभेड़...**

कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 16 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 134 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,42,400 | ₹ 2,70,000 |

## आज का इतिहास

**1853 :** भारतीय रेलवे, भारत की राज्य के स्वामित्व वाली रेलवे कंपनी बन जाएगी, की पहली यात्री लाइन बॉम्बे (अब मुंबई) और ठाणे के बीच खोली गई थी।

**2001 :** भारत और बांग्लादेश ने अपनी निर्विवाद सीमा पर पांच दिवसीय संघर्ष शुरू किया, जो एक गतिरोध में समाप्त हुआ।

**2014 :** दक्षिण कोरियाई नौका एमवी सीवोल डोंगेमोचाडो, जिंदो काउंटी के 1.5 किमी (0.93 मील) की दूरी पर स्थित है, जिसमें 476 जहाज हैं, जिनमें 172 लोग बचे हैं।

### सम्राट चौधरी बने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री, रज्यपाल ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ, सम्राट ने कहा

# बिहार में चलेगा मोदी-नीतीश मॉडल

**नीतीश कुमार के विश्वास को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताते हुए सम्राट ने संदेश दिया कि यह नई सरकार अनुभव और युवा जोश का एक संतुलित मिश्रण होगी, जो 2030 के विकसित बिहार के सपने को पूरा करेगी।**



### विजय चौधरी, बिजेंद्र यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की ली शपथ

निज संवाददाता | पटना

सम्राट चौधरी बिहार 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है।

बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पद संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं साफ कर दी हैं। शपथ लेने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य में विकास का पहिया नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के मॉडल पर ही आगे बढ़ेगा। इस बयान ने नई सरकार की दिशा और सोच दोनों को स्पष्ट कर दिया है। बिहार की राजनीति में सम्राट युग की विधिवत शुरुआत हो चुकी है। मीडिया के सामने आए मुख्यमंत्री ने साफ लहजे में कहा कि राज्य में विकास की गति थमेगी नहीं, बल्कि अब नए जोश के साथ डबल इंजन की रफ्तार पकड़ेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने साफ कर दिया कि बिहार के विकास का खाका नरेंद्र मोदी और नीतीश मॉडल के संगम पर आधारित होगा। उन्होंने राज्य की समृद्धि का संकल्प दोहराते हुए कहा कि जिस रास्ते पर बिहार ने पिछले दो दशकों में सुशासन और स्थिरता की नींव रखी है, उसी पैटर्न को और अधिक मजबूती दी जाएगी। सम्राट के इस बयान को गठबंधन के भीतर समन्वय और प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिहार की जनता का विश्वास ही उनकी सरकार के लिए सर्वोपरी होगा। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सम्राट चौधरी ने डिजिटल मंच से जनता और एनडीए नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी शपथ के शब्दों को साझा करते हुए लिखा कि विकास और समृद्धि की दिशा में उनका हर कदम समर्पित होगा। अपनी इस नई पारी के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेडीयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार के प्रति विशेष कृतज्ञता प्रकट की। सम्राट ने स्पष्ट किया कि एनडीए के सामूहिक परिश्रम और मार्गदर्शन में एक सशक्त बिहार का निर्माण करना ही उनका अंतिम लक्ष्य है। पूर्व सीएम नीतीश कुमार के शुभकामना संदेश का जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने उन्हें आदरणीय संबोधित किया और कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार को सुशासन की जो मजबूत नींव मिली है, उसे वे नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।



### जल्द होगा मंत्रिमंडल का गठन

चिराग पासवान ने संकेत दिया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ही विस्तार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। माना जा रहा है कि परिणाम आने के बाद मंत्रिमंडल की रूपरेखा तय कर ली जाएगी। चिराग पासवान के इस बयान से संभावना है कि पांच मई को चुनाव परिणाम आने के बाद मंत्रिमिंडल का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए एकजुट है और प्रधानमंत्री के "विकसित भारत" विजन के अनुरूप "विकसित बिहार" बनाने की दिशा में काम करेगा। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नई सरकार नीतीश कुमार के कार्यों और नीतियों को आगे बढ़ाएगी।

### सीएम बनते ही सम्राट चौधरी का एक्शन, अधिकारियों को दिया पांच सूत्री मंत्र

# भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, तेज गति से काम और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

• भूमि विवादों पर विशेष फोकस, 60–70% मामलों को बताया मुख्य कारण

निज संवाददाता | पटना

सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। शपथ लेने के तुरंत बाद बुधवार को उन्होंने मुख्य सचिवालय में राज्य के वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर कामकाज की गति तेज करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में चल रहे सभी कार्यों का संचालन बेहतर ढंग से हो रहा है, लेकिन अब जरूरत है कि इसकी गति को और तेज किया जाए, ताकि आम जनता को त्वरित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का वास्तविक और पूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।अपने 5 सूत्री मंत्र में मुख्यमंत्री ने सबसे पहले कार्यों की गति को दुगुना करने और समस्याओं के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यालय से लेकर निचले स्तर तक किसी भी कार्य में अनावश्यक देरी या फाइलों को लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर आम जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि आम लोग बिना परेशानी के अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें।

भूमि विवाद के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने विशेष चिंता जताते हुए कहा कि राज्य में 60 से 70 प्रतिशत आपसी विवाद भूमि से जुड़े होते हैं। ऐसे मामलों में जटिलता को खत्म कर प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों से जनता के साथ सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझकर समाधान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए बिहार को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी अधिकारियों को अनुशासन, संवेदनशीलता और टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे सीएम सम्राट चौधरी

सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

# एलआईसी ने लॉन्च किया 'माई एलआईसी' और 'सुपर सेल्स साथी' ऐप

• डिजिटल सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

विशेष संवाददाता | मुंबई



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों और विपणन कर्मियों के लिए दो अत्याधुनिक मोबाइल एप्लिकेशन—'माई एलआईसी' और 'सुपर सेल्स साथी'का शुभारंभ किया है। इन ऐप्स का उद्घाटन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू द्वारा 15 अप्रैल 2026 को मुंबई में किया गया। इस अवसर पर एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामी, प्रबंध निदेशक दिनेश पंत, रथाकर पटनायक तथा आर. चंदर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। 'माई एलआईसी' एक अगली पीढ़ी का मोबाइल अनुप्रयोग है, जिसे विशेष रूप से पॉलिसीधारकों के लिए विकसित किया गया है। इसके माध्यम से ग्राहक अपने जीवन बीमा पोर्टफोलियो का प्रबंधन अधिक सरल और प्रभावी तरीके से कर सकेंगे। यह अनुप्रयोग उपयोगकर्ता अनुभव को नया रूप देने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक और सहज इंटरफेस के साथ तैयार किया गया है।

वहीं 'सुपर सेल्स साथी' अनुप्रयोग एलआईसी के विपणन कर्मियों के लिए विकसित किया गया है, जो उन्हें अपने कार्यों के निष्पादन में अधिक सक्षम बनाएगा। इसमें सहज डिजाइन, शक्तिशाली विशेषताएं और उन्नत तकनीक का समावेश किया गया है, जिससे कार्य प्रणाली अधिक तेज, स्मार्ट और प्रभावी बन सके। दोनों अनुप्रयोगों को "उपयोगकर्ता-प्रथम" दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सहित आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इनका उद्देश्य एक सुरक्षित, पूर्णतः एकीकृत और बुद्धिमान डिजिटल बीमा पारितंत्र तैयार करना है, जिससे ग्राहकों का अनुभव बेहतर हो और आंतरिक कार्यप्रणाली भी अधिक आधुनिक बन सके। एलआईसी का मानना है कि इन डिजिटल पहलों से न केवल ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी, बल्कि विपणन कर्मियों की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी और संस्था की डिजिटल दिशा को नई मजबूती मिलेगी।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष

डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

### 2552 हज यात्रियों का फ्लाइट शेड्यूल जारी, 18 अप्रैल से शुरू होगी रवानगी

पटना (नि.सं.)। बिहार के 2552 हजयात्रियों का फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उनकी रवानगी 18 अप्रैल से 21 मई के बीच देश के 8 एयरपोर्ट से होगी। इस बार गयाजी एयरपोर्ट से हजयात्रियों की रवानगी नहीं होगी, क्योंकि 97 लोगों ने ही यहां से जाने का ऑप्शन चुना था। बिहार के 360 हज यात्रियों का पहला जत्था 18 अप्रैल को कोलकाता, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से रवाना होगा। इनमें पटना जिले के करीब 100 लोग हैं। कोलकाता से सुबह 8:20 बजे, मुंबई से सुबह 6:30 बजे और दिल्ली से 10:35 बजे विमान टेकऑफ करेगा। इससे पहले हज यात्रियों के लिए बुधवार को हज भवन में सामूहिक दुआ होगी। बिहार में चल रही राजनीतिक हलचल की वजह से इसमें कौन नेता शामिल होंगे, यह तय नहीं हो सका है। पिछले 20 साल से नीतीश कुमार शामिल होते रहे हैं। बिहार के 2552 में से 1698 हजयात्री मदीना जाएंगे और उनकी वापसी जेद्दाह एयरपोर्ट से होगी। वहीं 854 लोग जेद्दाह एयरपोर्ट जाएंगे और उनकी वापसी मदीना एयरपोर्ट से होगी। हज का सफर 40 से 42 दिन का होगा। 18 अप्रैल से 5 मई तक का काफिला मदीना, जबकि 6 मई से 20 मई तक का काफिला जेद्दाह जाएगा। 20 साल में पहली बार बिना हज कमेटी के होगा हज ऑपरेशन : बिहार राज्य हज कमेटी का गठन नहीं हो सका है। 11 माह से चेयरमैन और मेंबर की फाइल लटकी है। पिछले 20 साल में पहली बार होगा कि बिना हज कमेटी के ही हज ऑपरेशन होगा। वैसे सभी एयरपोर्ट पर हज कमेटी के पदाधिकारी, स्टाफ और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लोग मौजूद रहेंगे।

INDIAN NURSING COUNCIL से मान्यता प्राप्त

HIMALAYA COLLEGE OF NURSING

Approved by-BNRC & Health Department (Govt. of Bihar)
Affiliated to-Bihar University of Health Science

Address: Chiksi (SH-69), Paliganj, Patna, Bihar, PIN-801110

+91-9264497191, +91 9264497198 himalayanursing@gmail.com



ADMISSION OPEN

100% PLACEMENT ASSISTANCE

बिहार रजिस्ट्रे क्रडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध

Courses Offered

• ANM • GNM • B.Sc. B.Sc. NURSING • P.B. B.Sc. NURSING • M.Sc. NURSING

Facilities: Smart Classes | Modern Library | Internet Facility | Medical Facility | 24 Hours Power Backup | CCTV Surveillance | Hostel Facility | Transport Facility

Courses Run under Himalaya Group of Institutions

MEDICAL | IT & MANAGEMENT | LAW | ITI | NURSING | Paramedical
PARAMEDICAL | PHARMACY | EDUCATION | Polytechnic

Admission Office

MIG-44, Near Salimar Sweets (Opp-Bata Showroom) Kankarbagh, Patna-20

0612-2355110, 9031624635

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत स्पर्शाघात से मजदूर घायल

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में विद्युत स्पर्शाघात की घटना में एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के अरविन्द कुमार (40 वर्ष),पिता-सत्यनारायण मालाकार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर स्थित सामुदायिक भवन में निर्माण कार्य चल रहा था,जहां अरविन्द कुमार मजदूर के रूप में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पास से प्रवाहित 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आ जाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तुरंत इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### जनगणना कार्य को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**नारदीगंज (नवादा)**। आगामी दो मई से प्रगणकों के माध्यम से मकान सूचीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर भारत की जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का तीन दिवसीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक के रुप में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार के अलावा प्रशिक्षक राकेश कुमार, रविरंजन कुमार और पंकज कुमार के माध्यम से प्रशिक्षण सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी जनगणना कर्मियों को क्षेत्र में जाने की तैयारियां, मिलने और बात करने के तौर तरीकों,आने वाले समस्याओं के बारें में जानकारी दी गई। साथ ही उन सभी समस्याओं को समाधान करने के तरीकों को भी बताया गया। उसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को समूहों में बांटकर डेमो भी कराया गया। मौके पर पर्यवेक्षक शंकर कुमार, शैलेश कुमार,अभिषेक कुमार, प्रगणक राजेश कुमार, निर्मला कुमारी,आकांक्षा कुमारी,सविता सिन्हा समेत अन्य प्रशिक्षण में शामिल हुए।

### सशक्त स्थायी समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित

**नवादा**। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के अधिसूचना सं० 1187, दिनांक 02.04.2026 के आलोक में राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक 15.04.2026 से 25.04.2026 तक निर्धारित किया गया था तथा निर्धारित अवधि के भीतर निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश निर्गत किया गया था। इसी क्रम में विभिन्न नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के निर्वाचन हेतु आवश्यक प्रशासनिक तैयारियाँ की गई थीं तथा निर्धारित तिथि से निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई थी। किन्तु अपरिहार्य कारणों से नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा उक्त निर्वाचन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि वैसे नगर निकाय, जहाँ दिनांक 15.04.2026 को सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन विधिवत संपन्न हो चुका है, वहाँ वैधानिक रूप से निर्वाचित सशक्त स्थायी समिति कार्य करेगी।

### रोशना थानाः गौरीपुर बांध गोलीकांड एवं लूटपाट मामले में पुलिस जांच के दौरान किया बड़ा खुलासा

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के रोशना थाना अंतर्गत गौरीपुर बांध पर कथित गोलीकांड एवं लूटपाट मामले में पुलिस जांच के दौरान पुलिस ने किया बड़ा खुलासा। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक को लूटपाट के दौरान गोली मारने की बात सही नहीं पाई गई। डीएसपी अभिजीत सिंह के नेतृत्व में एफएसएल टीम की मदद से की गई जांच में पता चला कि घायल युवक राजेश कुमार यादव अपने ममेरे भाई नीतीश कुमार यादव व शुभम यादव के साथ बांध के पास बैठा था।नीतीश के पास अवैध हथियार थे। इसी दौरान हथियार की आपस में छीना-झपटी में अचानक गोली चल गयी। गोली राजेश कुमार यादव के जांघ में लग गई।पुलिस ने आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एक पिस्टल और मैगजीन व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में कटिहार सदर डीएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने रोशना थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया कि बीते रविवार को अमदाबाद थाना क्षेत्र के सुरापाड़ गांव निवासी राजेश कुमार यादव पिता कारू यादव अपने ममेरा भाई नीतीश कुमार यादव व शुभम यादव के घर गौरीपुर पंचायत के दिल्ली दीवानगंज थाना रोशना आया था।उक्त तीनों व्यक्ति रविवार के संध्या गौरीपुर महानंदा बांध पर अवैध हथियार लेकर बैठा था।हथियार नीतीश कुमार यादव के पास था। उक्त हथियार का आपस में छीना-झपटी करने में गोली चल गई और गोली राजेश कुमार यादव के जांघ पर लग गई। जिससे वह घायल हो गया।उक्त घटना को लेकर एक टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा मामले की गंभीरता से जांच करते हुए घटना में संलिप्त नीतीश कुमार यादव को थाना लाया गया।उक्त व्यक्ति के निशानदेही पर से एक पिस्टल और मैगजीन व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकोरना में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकोरना में प्रगति पत्रक वितरण समारोह सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरण किया गया।इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावे अभिभावकों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मो.इमाम हुसैन ने किया। प्रधानाध्यापक मो. इमाम हुसैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय नियम का पालन करते हुए स-समय आते हैं।विद्यालय के समय सारणी के अनुसार शिक्षक- शिक्षिकाएं वर्ग में निष्ठा पूर्वक पठन-पाठन करते हैं। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में आते हैं। विद्यालय में अनुशासित रहकर पठन-पाठन करते हैं। अविभावक का भी सहयोग मिलता है। जिस कारण से विद्यालय का संचालन बहुत अच्छा से चल रहा है। प्रधानाध्यापक मो.इमाम हुसैन ने कहा कि जब से हमने विद्यालय योगदान किया है, तब से विद्यालय की दशा एवं दिशा बदलने में लगे हुए हैं। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल एवं विद्यालय में स्वच्छता बरकरार रखने,नियमित रूप से पठन-पाठन करने, शत प्रतिशत छात्र छात्राओं स्कूल पोशाक में आने,प्रधानमंत्री पोषण योजना गुणवत्तापूर्ण संचालित करने आदि जैसे कार्य को अमली जामा पहनाने में लगे हुये हैं।

## रजौली के एनएच-20 पर कार और बाइक में जबरदस्त टक्कर

# बाइक पर सवार एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

◆ **कार सवार फरार, गलत दिशा में चलना जानलेवा साबित हुआ, जांच में जुटी पुलिस**



क्षतिग्रस्त कार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए के समीप एनएच-20 पर एक कार और बाइक सवार में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतना भयावह था कि बाइक सवार कार के ऊपर से होते हुए 100 फीट दूर जाकर गिरा। इस सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही एक बाइक सवार की मौत हो गई,जबकि दूसरे बाइक सवार को गम्भीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 को सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल बाइक सवार को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक की पहचान मेसकौर थाना क्षेत्र के नोनी गांव निवासी अमीरक राजवंशी के पुत्र करण कुमार के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल युवक को चिंताजनक स्थिति में पावापुरी अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना के बाद थाना में पदस्थापित एसआई सचिन कुमार एवं एएसआई पवन कुमार पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव के साथ दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या बीआर27डब्लू3085 पर सवार दो युवक हरदिया के जाजपुर गांव से गलत दिशा में आ रहा था,जबकि कार सवार टोयटा इटियस कार संख्या जेएच01एजेड5604 रजौली से कोडरमा की ओर जा रहा था। घटनास्थल पर रोते-बिलखते मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक युवक नोनी गांव निवासी कुंदन कुमार है,जो जाजपुर स्थित चचेरी बहन प्रतिमा देवी पति प्रदीप राजवंशी के घर से वापस लौट रहा था। इसी बीच सड़क दुर्घटना में एक की मौत एवं दूसरा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नवादा सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। वहीं घायल बाइक सवार इलाजरत है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस कब्जे में रखा गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है एवं लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## डा.अम्बेडकर के चिंतन ने वंचित वर्गों की कायाकल्प कर दी : मसीह उद्दीन



शोभायात्रा में शामिल नेता एवं कार्यकर्ता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। संविधान निर्माता भारत रत्न डा.अम्बेडकर की सोंच ने दबे,कुचले और वंचित तबकों की समाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति में चमत्कारिक तब्दीली लायी है। जनसुराज पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने बुधवार को नरहट प्रखंड के बेरौंटा ग्राम स्थित मां तारा मंदिर के समीप आयोजित अम्बेडकर शोभा यात्रा को सम्बोधित करते हुए यह बातें कहीं।

अम्बेडकर जयंती पखवारा के दौरान बुधवार को नरहट प्रखंड के ग्राम बेरौंटा से शुरू होकर शेख़पुरा बाजार, बरौली, कुशा, नरहट और वलीपुर होते हुए यह शोभा यात्रा हसनपुरा में बाबा साहब डा.अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष विसर्जित की गयी जहां पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि की और श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस शोभा यात्रा का नेतृत्व बेरौंटा ग्राम निवासी सुभाष अम्बेडकर और राजो रविदास ने किया।इस आयोजन में पूर्व मुखिया मो.हामिद,मनीष सिंह, मो.नसीर मलिक और मो.कमाल अंसारी सहित सैंकड़ो लोग शामिल हुए।

## चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने सीएम सम्राट चौधरी को दी बधाई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)**। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी को चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है उन्होनें ने कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और जनसेवा के संकल्प से निश्चित ही बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश की जनता को आपसे बहुत उम्मीद है, और हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में बिहार प्रगति, समृद्धि और सुशासन की ओर निरंतर अग्रसर रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल प्रदान करें।

## धूमधाम से निकली बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा, गूंजा 'जय भीम' का नारा





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर निकाली गयी ऐतिहासिक शोभायात्रा में हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।मुड़लाचक स्थित कल्याण छात्रावास के नायक एवं छात्रों के नेतृत्व में निकाली गयी शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली, जहां हर ओर 'जय भीम' और 'बाबा साहेब अमर रहें' जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। बाबा साहेब की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से फूलों से सजाया गया था, जो श्रद्धा और सम्मान का केंद्र बनी रही।

युवाओं की टोली हाथों में नीला झंडा लिए पूरे जोश के साथ नारे लगा रही थी— "जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा"। शोभायात्रा में शामिल झांकियों के माध्यम से बाबा साहेब के संघर्षमय जीवन और भारतीय संविधान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढ़ोल बाजे और डीजे की धुन पर युवा झूमते नजर आए। कल्याण छात्रावास में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा साहेब के बताए मार्ग— शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो— पर चलने का आह्वान किया और इसे समाज के उत्थान का मूल मंत्र बताया।वक्ताओ ने देश के अभिवँचितो, शोषितों, पीड़ितों के उत्थान में बाबा साहब के योगदान की सराहना करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रेम रंजन,पूर्व मुखिया अशोक पासवान, नरेश पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अजीत यादव,हीरा रविदास, पपु चौधरी, सुरेन्द्र यादव, राजीव चौधरी सहित सैकड़ो लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प समर्पित कर उन्हें नमन किया।तथा उनके मार्गो पर चलने का संकल्प लिया।

## बिजली समस्या दूर करने के लिए लगेगा कैंप, 72 घंटे में परेशानियों का निकलेगा हल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा**। नालंदा के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है, जहां अब उन्हें अपने बिजली बिलों में सुधार, नए कनेक्शन या खराब ट्रांसफार्मर जैसी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ऊर्जा विभाग ने जन-समस्याओं के निष्पादन की दिशा में एक प्रभावी कदम उठाया है। अप्रैल में विशेष शिविरों के आयोजन का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अप्रैल के हर सोमवार और शुक्रवार को सभी विद्युत अभियंता कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जिनका समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। विभाग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निपटारा अधिकतम 72 घंटों में किया जाएगा।

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी तकनीकी दिक्कत भी दूर होगीः** बिहार शरीफ के कार्यपालक अभियंता रूपक कुमार ने बताया कि विभाग का प्राथमिक उद्देश्य उपभोक्ताओं को बिना किसी मानसिक या शारीरिक परेशानी के सुगम सेवाएं प्रदान करना है। शिविर के दौरान बिजली बिल की विसंगतियों को दूर करने, उपभोक्ता के नाम में परिवर्तन करने, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन स्वीकार करने और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी तकनीकी परेशानियों का मौके पर ही समाधान निकाला जाएगा। इसके अलावा यदि किसी क्षेत्र में बिजली का पोल झुका हुआ है, तार ढीले हैं या लो-वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर जैसी बुनियादी ढांचागत समस्याएं हैं, तो उपभोक्ता उनकी शिकायत दर्ज कराकर समाधान करेंगे।

**सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया भी बताई जाएगीः** विभाग का विशेष ध्यान इस बार कृषि क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा पर भी है, जिसके तहत शिविरों में खेती के लिए नए कृषि कनेक्शन के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर लिए जाएंगे। साथ ही, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के प्रति लोगों को जागरूक करने और छतों पर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उपभोक्ता इन कैंपों का लाभ उठाकर अपने पुराने बकाया बिलों का भुगतान भी एक ही स्थान पर कर सकेंगे। विभाग ने आम जनता से यह अपील की है कि त्वरित समाधान करने के लिए वे शिविर में अपने साथ पहचान पत्र, आधार कार्ड, पुराने बिल की रसीद और जमीन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अवश्य लेकर आएं ताकि प्रक्रिया में कोई विलंब न हो।

## राजगीर में सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2026, 650 खिलाड़ी लेंगे भाग

### बिहार की बेटियां अपने घर में खिताब बचाने उतरेंगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालन्दा**। बिहार की खेल राजधानी के रूप में उभरते राजगीर में एक बार फिर रग्बी का रोमांच सिर चढ़कर बोलेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के देखरेख में राजगीर खेल अकादमी में 16 से 21 अप्रैल तक 'सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

इस महामुकाबले में देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आए 650 से अधिक महिला और पुरुष खिलाड़ी अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। पिछले साल अगस्त में एशिया रग्बी अंडर-20 चैंपियनशिप की सफल मेजबानी के बाद, एक साल के अंदर बिहार में रग्बी का यह दूसरा बड़ा राष्ट्रीय आयोजन है, जो राज्य के सुदृढ़ होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र की गवाही देता है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह चैंपियनशिप दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

**महिला वर्ग के मुकाबले 16 और 17 अप्रैल कोः** महिला वर्ग के मुकाबले 16 और 17 अप्रैल को होंगे, जिसमें कुल 27 टीमें शिरकत कर रही हैं। वहीं, पुरुष वर्ग में 26 टीमें 20 और 21 अप्रैल को मैदान में उतरेंगी। श्री शंकरण ने विश्वास जताया कि राजगीर में इस स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिहार की खेल प्रबंधन क्षमता को वैश्विक और राष्ट्रीय पटल पर एक बार फिर मजबूती से स्थापित करेगा। उन्होंने देश भर से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए इसे बिहार के लिए एक अहम मील का पत्थर करार दिया।

**अध्यक्ष राहुल बोस ने भी उत्साह जाहिर कियाः** प्रतियोगिता को लेकर भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन (IRFU) के अध्यक्ष राहुल बोस ने भी उत्साह जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि राजगीर ने पूर्व में अपनी मेजबानी क्षमता सिद्ध की है, इसलिए 2026 के इस संस्करण को यहां लाना सुखद अनुभव है। यह चैंपियनशिप भारतीय रग्बी की बढ़ती रफ़्तार और एथलीटों की गुणवत्ता को प्रदर्शित करने का सबसे बड़ा मंच है।

बिहार के दर्शकों के लिए महिला वर्ग का मुकाबला बेहद दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि डिफेंडिंग चैंपियन बिहार की बेटियां अपने घर में खिताब बचाने उतरेंगी। पिछले साल बिहार ने ओडिशा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था, ऐसे में ओडिशा की टीम इस बार अपना खोया गौरव वापस पाने के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगी।

पुरुष वर्ग में भी कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है, जहां गत विजेता पश्चिम बंगाल अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगा। हरियाणा की टीम, जिसने पिछले साल के फाइनल में शानदार खेल दिखाया था, इस बार स्वर्ण पदक पर निशाना साधेगी। मेजबान बिहार की पुरुष टीम, जिसने पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, घरेलू मैदान और दर्शकों के समर्थन का लाभ उठाकर चैंपियन बनने की पूरी कोशिश करेगी। खेल विभाग, बिहार सरकार और बिहार रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में रग्बी इंडिया ने स्पीड, स्किल और टीम वर्क के अद्भुत संगम का वादा किया है। सभी मुकाबलों का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया गया है और प्रशासन ने आयोजन को लेकर सुरक्षा व अन्य पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई पोषण पखवाड़ा की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक

◆ **जन-जागरूकता, समन्वित कार्रवाई एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**नवादा**। पोषण पखवाड़ा के आठवें संस्करण का आयोजन दिनांक 09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026 तक जिले भर में व्यापक रूप से किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक पोषण संबंधी जागरूकता पहुंचाना, कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त करना तथा स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। इसी क्रम में आज दिनांक 15 अप्रैल 2026 को समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य थीम "जीवन के पहले 6 वर्ष में मस्तिष्क का विकास" है, जो बच्चों के समग्र विकास की नींव को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा 0-6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल एवं प्रारंभिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय गतिविधि कैलेंडर के अनुसार सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक गतिविधि की ऑनलाइन/पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टि (एंट्री) की जाए, ताकि राज्य स्तर पर प्रगति की सतत निगरानी संभव हो सके।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य संस्थानों पर संचालित ANC जांच की नियमित एवं शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं पोषण संबंधी परामर्श में कोई शिथिलता न बरती जाए।जीविका के अंतर्गत डीपीएम को निर्देशित किया गया कि जीविका दीदियों के माध्यम से गांव-गांव में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी, पोषण रैली तथा घर-घर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए।

विशेष रूप से महिलाओं को परिवार में भोजन के दौरान प्राथमिकता देने एवं संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में चेतना सत्र, अभिभावक बैठक (Parents Meeting) एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों एवं अभिभावकों को पोषण संबंधी जानकारी दी जाए तथा इन गतिविधियों की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए।जिला पदाधिकारी ने प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से पोषण पखवाड़ा से संबंधित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त अन्य सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर सामूहिक रूप से अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इस पोषण पखवाड़ा में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं, ताकि कुपोषण मुक्त एवं स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) सहित विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गयाजी में कचरे का लगा ढेर, हड़ताल के दूसरे दिन रोड पर 800 टन कचरा, कर्मचारी बोले- बहाली स्थायी हो

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**गयाजी**। गयाजी शहर में सफाई व्यवस्था की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। निकाय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन से असर दिखाने लगी है। हालात ये हैं कि करीब 800 टन कचरा सड़क और गली-मोहल्लों में फैल चुका है। हर वार्ड में कूड़े कचरे का अंबार दिखने लगा है। कूड़े की बदबू और उस पर लावारिस पशुओं के भ्रमण से लोग परेशान हैं। सोमवार शाम और मंगलवार सुबह हुई अधिकारियों के साथ बातचीत बेनतीजा रही थी। इसके बाद कर्मचारियों ने साफ कर दिया कि अब बिना मांग माने काम पर लौटना संभव नहीं है। मंगलवार से काम ठप होने का असर बुधवार को साफ दिखा। शहर के कई इलाकों स्टेशन रोड, कोयरीबाड़ी मोड़, मुख्य बाजार और रिहायशी मोहल्लों में कचरे के ढेर जमा हैं। झाड़ू तक नहीं लगी। कचरा उठाव पूरी तरह से बंद है। जबकि मुख्य मार्ग पर दो शिफ्ट में साफ सफाई ओ कचड़े का उठान होता था। हालांकि, राहत की बात यह है कि फिलहाल पानी सप्लाई जारी है। इस पर निकाय कर्मियों का रुख फिलहाल सकारात्मक है। लेकिन निगम सूत्रों का कहना है कि अगर हड़ताल लंबी चली तो शहर की पूरी व्यवस्था चरमरा सकती है।

**कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े**: हड़ताल से पहले गतिरोध तोड़ने की कोशिश हुई थी। सोमवार देर शाम नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया और यूनियन नेताओं के बीच बैठक हुई थी। इसके बाद मंगलवार सुबह उपनगर आयुक्त शशिकांत और स्वच्छता पदाधिकारी चंदन कुमार की मौजूदगी में निगम स्टोर, स्टेशन रोड में फिर बातचीत हुई थी। अधिकारियों ने हड़ताल खत्म कराने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। नतीजा बातचीत का कोई निष्कर्ष नहीं निकला और हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। हड़ताल के समर्थन में बुधवार को भी निकाय कर्मियों ने स्टेशन रोड स्थित निगम स्टोर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। बिहार बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजीत सिंह ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से सिर्फ आश्वासन पर काम कर रहे थे। अब आर-पार की लड़ाई होगी। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन मनमाने तरीके से काम कराना चाहता है। यही कारण है कि समझौता नहीं हो सका। हड़ताल किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि अपने अधिकार के लिए है। हड़ताली कर्मियों ने अलग-अलग वार्डों में घूमकर अन्य कर्मचारियों से भी काम बंद कराया। इससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई।

**ये हैं प्रमुख मांगें, जिन पर अड़े कर्मचारी**: कर्मचारियों ने 14 सूत्री मांग रखी है। इसमें सातवां वेतनमान लागू करना, बकाया अंतर वेतन भुगतान, दैनिक और तकनीकी कर्मियों की स्थायी बहाली, 783 रुपए न्यूनतम मजदूरी लागू करना, समान काम के लिए समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली और पारिवारिक पेंशन लागू करना शामिल है। इसके अलावा एसीपी कटौती रोकने, पीएफ का ब्योरा सार्वजनिक करने, एनजीओ कर्मियों को निगम का दर्जा देने, दलाली प्रथा खत्म करने और पंप ऑपरेटरों को वेतन भुगतान की मांग भी प्रमुख है।

**लंबी हड़ताल हुई तो बिगड़ेगा खेल**: नगर निगम हर दिन करीब 500 टन कचरा उठाता है। अभी यह पूरा कचरा शहर में ही जमा हो रहा है। अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो हालात दिन पर दिन बिगड़ते चले जायेंगे। फिलहाल शहर गंदगी से जूझने लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा डाक मंडल ने रचा इतिहास 3.5 लाख नए खातों के साथ बिहार में बना नंबर वन, डाक निदेशक ने कर्मचारियों की सराहना की



**नालंदा**। बिहार डाक परिमंडल के अंतर्गत नालंदा डाक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में एक अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। नालंदा मंडल ने रिकॉर्ड 3.5 लाख नए खाते खोलकर राज्य के सभी मंडलों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस ऐतिहासिक विजय का उत्सव बिहारशरीफ में केक काटकर बेहद उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को संबोधित करते हुए डाक निदेशक पवन कुमार ने नालंदा मंडल की टीम के उत्कृष्ट कार्य संपादन, अटूट टीम भावना और विभागीय लक्ष्यों के प्रति उनके समर्पण की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में खाते खोलना न केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि है, बल्कि यह आम जनमानस का डाक विभाग पर बढ़ते भरोसे का प्रतीक भी है। नालंदा मंडल के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने इस सफलता का श्रेय अपने जमीनी स्तर के कर्मियों की दिन-रात की मेहनत और सामूहिक सहयोग को दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह उपलब्धि हर उस डाककर्मी की है, जिसने दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प दोहराया। समारोह में सर्किल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ नालंदा मंडल के डाक निरीक्षक (पूर्वी) रंजीत कुमार रजक, डाक निरीक्षक (उत्तरी) विकास राय, डाक निरीक्षक (पश्चिमी) इन्द्रेश विक्रांत और परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार ने भी सहभागिता की। इसके अलावा बिहारशरीफ के पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार और संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में डाक कर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने इस शानदार जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और अपनी खुशी साझा की।

### शिविर लगाकर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं दूर की जाएगी

**गयाजी**। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को लेकर अब विभाग ने सीधी सुनवाई की व्यवस्था शुरू की है। ऊर्जा विभाग की पहल पर पूरे अप्रैल महीने में हर सोमवार और शुक्रवार को विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। विभाग का दावा है कि यहां दर्ज शिकायतों का 72 घंटे के भीतर निपटारा किया जाएगा। जिले में भी सभी विद्युत अभियंता कार्यालयों में यह शिविर चल रहा है। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर लगेगा। उपभोक्ता शिविर में शरीक होकर अपनी समस्या बता सकते हैं। और मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया भी शुरू होगी। शिविर का उद्देश्य छोटी से बड़ी हर बिजली समस्या का त्वरित निपटारा किया जाना है। बिजली उपभोक्ताओं की माने तो सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली बिल में गड़बड़ी, कम वोल्टेज और स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आ रही है। कई जगहों पर झुके पोल, ढीले तार और खराब ट्रांसफार्मर भी बड़ी परेशानी बने हुए हैं। ऐसे मामलों में मौके पर टीम भेजने और प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत की आवश्यकता है। नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने वालों के लिए भी यह शिविर राहत लेकर आया है। पहले जहां चक्कर लगाने पड़ते थे। अब एक ही जगह पर आवेदन और प्रक्रिया शुरू हो रही है। नाम परिवर्तन और कृषि कनेक्शन से जुड़े मामलों का भी ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन हो रहा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में कई तरह की शंकाएं हैं। रिचार्ज, बैलेंस कटने और बिलिंग पैटर्न के मद्देजनर लोग सवाल लेकर आ सकते हैं। शिविर में एक और सुविधा दी गई है। बकाया बिजली बिल का भुगतान। उपभोक्ता मौके पर ही अपना बिल जमा कर सकते हैं। इससे लंबित बकाया कम करने में भी विभाग को मदद मिलने की उम्मीद है। विभाग की ओर से अपील की गई है कि उपभोक्ता अपनी समस्या से जुड़े जरूरी दस्तावेज लेकर ही शिविर में आएं। इससे शिकायत दर्ज करने और उसके समाधान में देरी नहीं होगी।

### राशन कार्ड से 29 हजार मृतकों के नाम हटेंगे

**नालन्दा**। बिहार सरकार ने राज्य की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और राशन कार्ड के डेटाबेस को अपडेट करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार के विशेष सचिव की ओर से जारी ताजा आदेश के अनुसार, प्रदेश भर के कुल 8 लाख 2 हजार 514 राशन कार्डधारियों के नाम डेटाबेस से हटाए जाएंगे। इस कार्रवाई का मुख्य आधार मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की रिपोर्ट को बनाया गया है, जिसके जरिए उन व्यक्तियों की पहचान की गई है जिनकी मौत हो चुकी है, लेकिन उनका नाम अब भी राशन कार्ड की सूची में है। इस मुहिम के तहत नालंदा जिले में सबसे बड़ा प्रभाव देखने को मिल रहा है, जहां कुल 29 हजार 742 मृतकों के नाम राशन कार्ड से हटाए जाएंगे। बिहार सरकार के विशेष सचिव ने इस संबंध में सभी जिला प्रशासनों को पत्र भेजकर प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनुमंडल अधिकारियों के लॉगिन में संबंधित डेटा उपलब्ध करा दिया गया है और कार्य में सुगमता के लिए ऑनलाइन प्रतिवेदन की छायाप्रति भी भेजी गई है। सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव ने इस प्रक्रिया की पुष्टि करते हुए बताया कि एसआईआर की रिपोर्ट के आधार पर मृतकों के भौतिक सत्यापन की पहल शुरू कर दी गई है। अकेले सदर अनुमंडल क्षेत्र में ही लगभग 13 हजार ऐसे व्यक्तियों की पहचान हुई है जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। सरकार की इस कार्रवाई से जहां अपात्र लोगों के नाम सूची से बाहर होंगे, वहीं वास्तविक जरूरतमंदों तक अनाज की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्य के अन्य जिलों की बात करें तो मुजफ्फरपुर में सर्वाधिक 66,918 और राजधानी पटना में 67,417 मृतकों के नाम काटे जाने की सूची तैयार हुई है। इसके अलावा गयाजी में 43,909, पूर्वी चंपारण में 41,421 और समस्तीपुर में 43,554 नामों को हटाया जाएगा। छोटे जिलों में शिवहर से 1,330 और अरवल से 1,588 नाम हटाए जाने हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई पूरी तरह से एसआईआर के प्रमाणित डेटा पर आधारित है, ताकि किसी भी जीवित व्यक्ति का नाम गलती से न हटे और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग रोका जा सके।

# डेमो दिखाकर बताया आग से बचने के उपाय



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को शहर के स्कूलों में सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। फायर ब्रिगेड गया सदर की टीम ने अलग-अलग स्कूलों में पहुंचकर मॉक ड्रिल कराई और बच्चों को आग से बचाव के तौर तरीके सिखाए। अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी अजय कुमार साह और सहायक जिला अग्निशाम पदाधिकारी नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने क्रेन मेमोरियल स्कूल, नजारत अकैडमी और पोदार इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम किया। प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद इवैक्यूएशन प्लान के तहत मॉक ड्रिल कराई गई। रैली के तहत दुकानदारों से भी अग्नि सुरक्षा उपकरण रखने की अपील की गई।

ड्रिल के दौरान बच्चों और शिक्षकों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराना नहीं है। सबसे पहले सुरक्षित रास्ते से बाहर निकलना है। टीम ने स्कूल बिल्डिंग से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने का लाइव डेमो दिया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। स्कूल स्तर पर जागरूकता जरूरी अधिकारियों ने बताया कि अक्सर छोटी लापरवाही बड़ी दुर्घटना बन जाती है। इसलिए स्कूल स्तर पर जागरूकता जरूरी है। बच्चों को अभी से ट्रेनिंग मिलेगी तो वे खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। मॉक ड्रिल के दौरान फायर टीम ने आग बुझाने के तरीके भी दिखाए। सिलेंडर, बिजली और अन्य कारणों से लगने वाली आग से कैसे निपटना है, इसकी जानकारी दी गई। छात्रों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अग्निशमन विभाग का कहना है कि सप्ताह भर ऐसे कार्यक्रम चलेंगे।

# विष्णुपद में गूंजेंगे महायज्ञ के मंत्र, 15 साल बाद 18 से 26 अप्रैल तक 9 दिन तक आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में मोक्षस्थली विष्णुपद एक बार फिर बड़े धार्मिक आयोजन का गवाह बनने जा रही है। 15 साल बाद यहां बड़े स्तर पर श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। 18 अप्रैल से शुरू होकर 26 अप्रैल तक चलने वाले इस 9 दिवसीय महायज्ञ को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। आयोजन श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति और चौदह सैयां गयापाल पंडा समाज की ओर से किया जा रहा है। यज्ञ का उद्देश्य विश्व शांति, समाज कल्याण और राष्ट्र की उन्नति है। महायज्ञ की शुरुआत 18 अप्रैल, शनिवार को जलभरी यात्रा के साथ होगी। सुबह 8:30 बजे विष्णुपद मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। शोभा यात्रा रूट में अहिल्याबाई चौक, नवागढ़ी, नादरगंज, कोयरीबाड़ी, जीबी रोड, कोतवाली चौक, टावर चौक, रमना रोड, पितामहेश्वर, मल्लाह टोली, ब्राह्मणी घाट पुल, नई सड़क और पंचमहला बाजार शामिल हैं। यात्रा सूर्यकुंड पहुंचेगी, जहां पवित्र जल भरा जाएगा।

### 1000 महिलाओं की कलश यात्रा बनेगी आकर्षण



**1000 महिलाओं की भागीदारी होगी**: इस यात्रा की सबसे बड़ी खासियत होगी 1000 महिलाओं की भागीदारी। सभी महिलाएं पीले और लाल परिधान में माथे पर कलश लेकर चलेंगी। आगे घोड़े और ऊंट रहेंगे, पीछे महिलाओं की लंबी कतार होगी। पूरा माहौल धार्मिक रंग में रंगा नजर आएगा।

**20 अप्रैल से शुरू होगा मुख्य यज्ञ, रोज गूंजेंगे वैदिक मंत्र**: 19 अप्रैल को वेदी पूजन, मंडप पूजन और अग्नि स्थापना की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नियमित यज्ञ होगा। यज्ञ का संचालन कर्नाटक के माध्वाचार्य संप्रदाय के गुरु यादवाचार्य के आचार्यत्व में होगा। काशी और गया के विद्वान आचार्य भी इसमें शामिल होंगे। हर दिन सुबह 8 बजे से यज्ञ शुरू होगा। नई यज्ञशाला में पांच कुंड बनाए गए हैं, जहां वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां दी जाएंगी।

**प्रवचन से मिलेगा आध्यात्मिक संदेश**: महायज्ञ के दौरान हर दिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक प्रवचन होगा। वृंदावन से आईं कथा वाचिका डॉ. सरोज मृणालिनी ब्रजवासी श्रद्धालुओं को कथा सुनाएंगी। आयोजकों का कहना है कि यज्ञ से जहां वातावरण शुद्ध होगा, वहीं लोगों को मानसिक शांति भी मिलेगी।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सीसीटीवी से निगरानी**: बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन से पुलिस बल, एम्बुलेंस और अग्निशमन की व्यवस्था की मांग की गई है। विष्णुपद परिसर में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

**28 अप्रैल को होगा विशाल भंडारा**: 26 अप्रैल को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद 28 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने गया जिले के धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर इस महायज्ञ को सफल बनाएं। मन्दिर विष्णुपद में होने वाला यह आयोजन शहर को एक बार फिर धार्मिक ऊर्जा से भरने जा रहा है। 9 दिन तक गया में भक्ति, आस्था और संस्कृति की अलग ही तस्वीर दिखेगी।

# 141 लीटर शराब जब्त, मानपुर-इटौरा की सीमा पर रेड, नदी किनारे चल रही थी अवैध फैक्ट्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा**। बिहार में अवैध रूप से विदेशी शराब बनाने वाले गिरोह के खिलाफ नालंदा मद्यनिषेध विभाग को सफलता मिली है। विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मानपुर थाना क्षेत्र के सर्वहदी और इटौरा ग्राम की सीमा पर स्थित कुम्हरी नदी के किनारे छापेमारी कर एक मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। तस्करों ने नदी के किनारे एक सुनसान इलाके में दो कमरों का बंद पड़ा मकान किराए पर ले रखा था, जहां ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली विदेशी शराब तैयार की जा रही थी।

मद्यनिषेध विभाग के अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में कच्चा माल और तकनीकी उपकरण बरामद किए गए हैं। फैक्ट्री के अंदर से 140 लीटर स्पिरिट, 50 लीटर तैयार शराब और 188 बोतलों में पैक की गई 141 लीटर शराब जब्त की गई है। इसके अलावा शराब बनाने और उसे पैक करने के लिए उपयोग की जाने वाली दो मिनी बॉटलिंग मशीन, एक कैपिंग मशीन, लगभग 2 किलो नकली होलोग्राम व स्टिकर, 322 कैप और 70 खाली बोतलें भी बरामद हुई हैं। माफिया इस काम को इतनी बारीकी से कर रहे थे कि शराब के मिश्रण को मापने के लिए दो हाइड्रोमीटर, थर्मामीटर, छोटे-बड़े मापन फ्लास्क और ब्लेंडिंग के लिए कलरिंग एजेंट का भी इस्तेमाल किया जा रहा था।

**तस्कर की नहीं हुई गिरफ्तारी**: अधीक्षक ने बताया कि तस्करों ने इस वीरान जगह को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाया था, ताकि किसी को भनक न लगे। यहां ब्रांडेड बोतलों में नकली शराब भरकर उन पर असली दिखने वाले होलोग्राम और कैप लगाए जा रहे थे, ताकि उसे बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। हालांकि, छापेमारी के दौरान मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, क्योंकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार होने में सफल रहे। फिलहाल पुलिस ने पूरे माल को जब्त कर लिया है और मकान मालिक सहित शराब कारोबारियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चला रही है।

# गयाजी में युवक की गोली लगने से मौत जन्मदिन पार्टी में हुई थी कहासुनी

## पत्नी ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गया शहर के चंदौती थाना क्षेत्र के दाराचक गांव में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय चौधरी के रूप में हुई है। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए दोस्तों पर आरोप लगाया है। घटना मंगलवार रात एक जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई। अगरैली निवासी आकाश यादव, गौरव कुमार और नीरज चौधरी अपने कुछ साथियों के साथ विजय चौधरी को जन्मदिन मनाने के बहाने मानपुर क्षेत्र के गौरा गांव के पास ले गए थे। पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोस्तों ने ही विजय चौधरी को गोली मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद उनके साथी मौके से फरार हो गए।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**: गांव वालों को घटना की जानकारी मिलने पर वे विजय को एक निजी गाड़ी से अस्पताल ले जा रहे थे। हालांकि, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतक युवक के मोबाइल से डायल किए गए नंबर पर कॉल कर परिजनों को सूचना दी गई, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। चंदौती थानाध्यक्ष अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया से यह मामला हर्ष फायरिंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों की ओर से लगाए गए हत्या के आरोपों को भी गंभीरता से लिया जा रहा है।

मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने आकाश यादव, गौरव कुमार और नीरज चौधरी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। सभी आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नगर डीएसपी और चंदौती थाना की पुलिस ने मृतक के घर पहुंचकर भी जांच की। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और पूरे मामले की गहन जांच में जुटी।मृतक की पत्नी का आरोप है कि यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत हत्या है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

# बाबा बख्तौर मंदिर परिसर में नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**नालन्दा**। नालंदा के हरनौत नगर पंचायत अंतर्गत सबनहुआडीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर परिसर आज भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। अवसर था- श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ के भव्य शुभारंभ का, जिसकी शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और आकर्षक कलश यात्रा के साथ की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है और श्रद्धालुओं के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा**: महायज्ञ की देखरेख कर रहे अयोध्या धाम से पधारे त्यागी बाबा ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा। बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 501 से अधिक महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कलश यात्रा गाजे-बाजे, हाथी-घोड़ों और डीजे की धुन के साथ निकली, जिसमें शामिल श्रद्धालु जय श्रीराम और मां चंडी के जयकारे लगा रहे थे। श्रद्धालुओं ने बख्तियारपुर स्थित गंगाजी के ग्यासपुर तट पर विधि-विधान के साथ जलभरी की, जिसके बाद कलश को यज्ञशाला में स्थापित किया गया। महायज्ञ के सफल संचालन के लिए मंदिर परिसर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां 24 फीट लंबी, 24 फीट चौड़ी और 21 फीट ऊंची विशाल यज्ञशाला का निर्माण किया गया है।

**60 बाई 70 फीट का एक विशाल पंडाल बनाया**: श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 60 बाई 70 फीट का एक विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें एक समय में 500 से अधिक लोग बैठकर अनुष्ठान देख सकेंगे। इसके अलावा, रांची रोड समेत क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रवचन के लिए 30 बाई 20 फीट का एक भव्य मंच तैयार किया गया है, जबकि दूर-दराज से आए आचार्यों और पंडितों के निवास के लिए 60 फीट लंबी और 12 फीट चौड़ी विशेष कुटिया का निर्माण किया गया है। त्यागी बाबा ने बताया कि महायज्ञ के दौरान रोजाना धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

दिन में जहां यज्ञ और पूजन का कार्यक्रम होगा, वहीं रात्रि में देश के प्रख्यात विद्वानों की ओर से प्रवचन और रासलीला का मंचन किया जाएगा। बच्चों और ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मेला परिसर में विभिन्न प्रकार के झूले और दुकानें भी सजाई गई हैं। इस महायज्ञ से न केवल सबनहुआडीह बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार को मिला सम्राट सरकार- जे पी पांडेय

**काराकाट/रोहतास।** भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के नेता सह बिहार राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि वर्षों के भागीरथ प्रयास के बाद बिहार में पहली बार भाजपा मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी के रूप में देखने को मिल रहा है,यह घटना सम्पूर्ण बिहार के लिए एक अविस्मरणीय घटना है,श्री सम्राट चौधरी जी को मुख्यमंत्री बनने से पूरे बिहार में भाजपा परिवार में भारी उत्साह व्याप्त है,श्री सम्राट चौधरी जी पूर्व मंत्री श्री शकुनि चौधरी के पुत्र है,जिन्हें बिहार का मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत कर भाजपा परिवार ने श्री सम्राट चौधरी जी को एक चमकते हुए मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा परिवार द्वारा शपथग्रहण कराया गया है,जो भाजपा परिवार को बिहार के लिए खुशी के छड़ हैं ,हमें ज्ञात है कि बिहार भारत का सबसे पिछड़े राज्य की श्रेणी में आता है और यहां पर कोई बड़ा औद्योगिक केंद्र और उद्योग नहीं है,इसी के कारण योग्यता प्राप्त करने के बाद अधिकांश बिहारियों का पलायन दूसरे राज्यों में हो जाता है,क्यों कि राजी रोटी सभी को चाहिए, जो अब तक बिहार में उपलब्ध नहीं है,इस स्थिति नया नव बिहार बनाने में माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी अवश्य ही सफल होंगे,बिहार भाजपा को अपनी शक्ति मजबूत करने का अवसर मिल रहा है,पूरे भाजपा परिवार और एनडीए को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी से काफी उम्मीदें कायम है,बिहार अब द्रुत गति से राज्य को विकसित राज्य के श्रेणी में शामिल होने में सफल होगा,क्यों कि बिहार में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या रही हैं जिसमें कई पीढ़ियां अपना जीवन बेरोजगार होकर जिंदगी खपा चुके है,औद्योगिक विकास बिहार का नहीं होने के कारण बिहार पिछड़े राज्यों के श्रेणी में गिनी जाती रही है,बिहार को अब पुनः अपने गौरवशाली इतिहास को हासिल करने का अवसर प्राप्त हुआ है,आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सम्पूर्ण भारत में एक शक्तिशाली विकसित राज्य के रूप में उदय होगा।

### विकास मित्र दलित एवं महादलित परिवार के शौचालय का देंगे रिपोर्ट

**राजपुर।** प्रखंड अंतर्गत कौन कौन दलित एवं महादलित परिवार के घर शौचालय अभी उपलब्ध नहीं है.इसकी रिपोर्ट सभी पंचायतों के विकास मित्र दो सप्ताह में प्रखण्ड कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे.जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताय कि विवाह उपरांत बहुत सारे नये परिवारों का जन्म हुआ है.जिस दलित महादलित परिवार के पास अभी शौचालय नहीं उपलब्ध है,उनका रिपोर्ट मिलने पर प्रशासनिक टीम उसकी जांच करेगी. सही पाये जाने पर उक्त परिवार को सरकार के लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन अन्तर्गत शौचालय उपलब्ध कराया जायोगा.इस आशय का पत्र सभी संबंधित विकास मित्र को जारी कर दिया गया है.

### रीपर मशीन का हैंगर गिरा, बोल्ट खोल रहे युवक की गर्दन कटी—मौके पर दर्दनाक मौत

**करगहर (रोहतास):** थाना क्षेत्र के पिपरा-समहुता गांवों के बधार में मंगलवार देर शाम एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की जान चली गई। रीपर मशीन में फंसे हैंगर का बोल्ट खोलने के दौरान अचानक भारी और तेजधार हैंगर नीचे गिर गया, जिससे युवक की गर्दन कट गई। मिली जानकारी के अनुसार, राघोपुर निवासी अशोक राय के 28 वर्षीय पुत्र शशि भूषण राय गेहूं की कटाई के बाद रीपर मशीन से भूसा बनाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मशीन का हैंगर अचानक फंस गया, जिससे काम बाधित हो गया। ऑपरेटर और मिस्त्री के काफी प्रयास के बावजूद मशीन ठीक नहीं हो सकी। इसके बाद शशि भूषण राय खुद मशीन के अंदर सिर डालकर फंसे हुए हैंगर का बोल्ट खोलने लगे। जैसे ही बोल्ट खुला, भारी हैंगर अचानक नीचे गिर पड़ा और उसकी चपेट में आने से युवक की गर्दन कट गई। घटना स्थल पर ही खून का फव्वारा निकल पड़ा और अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद युवक को मशीन से बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रहित मे अधिकार के साथ कर्तव्य को भी समझना होगा-संतोष भंडारी



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद बिक्रमगंज के वार्ड नंबर 8 में मंगलवार की देर रात संत रविदास पूजा समिति धनगाई के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष संतोष भंडारी सहित आगत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात बाबा भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र के समक्ष केक काटते हुए लोगों ने एक दूसरे को शुभकामना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण एवं समाज निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यो को रखा। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने राष्ट्र उत्थान के प्रति अपने समर्पण भाव को संविधान के रूप में संजोने का काम किया। जिससे संपूर्णता का बोध होता है। परंतु वर्तमान परिवेश में लोग सिर्फ अपने अधिकारों को महत्व देते हुए कर्तव्यों को भूलने लगे हैं। जिसके कारण स्थितियां प्रतिकूल होने लगी है। राष्ट्र के लिए कर्तव्य बोध का होना संतोष भंडारी ने आवश्यक बताया। वही वार्ड नंबर 7 के वार्ड पार्षद सैफ अली, वार्ड नंबर 8 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजा कुमार एवं वार्ड नंबर 9 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुधीर कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी जयंती समारोह को संबोधित करते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों को रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंद्र दास एवं संचालन रौशन कुमार ने किया। आयोजकों द्वारा अतिथियों को पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर वशिष्ठ राम, श्री भगवान राम, अनिल कुमार,राजेश राम,नीरज कुमार, उत्तम कुमार,बब्लू कुमार, अविनाश कुमार एवं अमरजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चार्तुमाश यज्ञ को लेकर बैठक, कई बिंदुओं पर बनी सहमति



**कोचस (रोहतास)।** आगामी वर्ष कोचस मे आध्यात्म की गंगा मे लोग डूबकी लगाएंगे । पूज्य संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी का चातुर्मास व्रत कोचस के भोलेनाथ के नगरी गंगवलिया वन क्षेत्र में प्रस्तावित है।यज्ञ समिति द्वारा एक साल पूर्व से ही तैयारी को लेकर लगातार बैठक की जा रही है। तैयारी को लेकर बुधवार को आयोजन समिति की बैठक की बैठक गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में की गई।जहां पिछले बैठक में लिए गए निर्णय एवं कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा की गई। इसके बाद कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। यज्ञ स्थल के लिए चयनित भूमि के स्वामियों से बातचीत, किसानों के नफा नुकसान की भरपाई पर चर्चा के अलावा आसपास के पंचायतो कि किसानों से चंदा के रूप में अनाज वसूली करने को लेकर चर्चा किया गया। अध्यक्ष सुदर्शन तिवारी उर्फ़ टुन्नी बाबा ने कहा कि एक-दो दिन के अंदर यज्ञ स्थल के आस पास के पंचायत से अनाज वसूली का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ताकि सहयोग राशि के अलावे धर्म और आध्यात्मिक की इस मेले में किसी तरह की कमी ना रह जाए।यज्ञ की सफलता व रूप रेखा पर भी चर्चा की गई।बैठक की अगली तिथि सर्वसम्मत से 15 मई को पुनः निर्धारित की गई। अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया सुदर्शन तिवारी उर्फ टुनी बाबा एवं संचालन कामेश्वर दुबे बागी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उप मुखिया दुर्गेश चौबे,निरंतर कुमार पांडेय,अरविंद ओझा, दुर्गेश पांडेय,अशोक राय,मुन्ना तिवारी, जोखन तिवारी, पप्पू पटेल,अनिल चौबे, कविंद्र तिवारी, जयप्रकाश तिवारी सहित अन्य कई उपस्थित थे।

## सासाराम में तेज रफ्तार का कहर:
# स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, युवक की मौत, दो जिंदगी से जूझ रहे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**सासाराम (रोहतास)।** बुधवार शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित साहू सिनेमा के समीप बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहिंडी गांव निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश पासवान के रूप में की गई है। वहीं घायलों में 27 वर्षीय प्रतीक राज और 26 वर्षीय जयप्रकाश कुमार शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जाता है कि तीनों युवक एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान साहू सिनेमा के पास वाहन का ब्रेक फेल हो गया, जिससे स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पेड़ के पास स्थित पान की दो गुमटियां भी टूट गईं धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों व मृतक को वाहन से बाहर निकाला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सासाराम नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## बिक्रमगंज में नए थानाध्यक्ष रंजन कुमार की एंट्री
# अपराधियों को दी सीधी चेतावनी : कानून से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास :** रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना को एक सशक्त और अनुभवी नेतृत्व मिल गया है । पुलिस निरीक्षक रंजन कुमार ने नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है । इससे पहले वे चेनारी थाना में अपनी सेवा दे चुके हैं,जहां उनके कार्यकाल को अनुशासन और प्रभावी कानून-व्यवस्था के लिए सराहा गया । पदभार संभालते ही रंजन कुमार ने अपने तेवर साफ कर दिए । उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी । कानून से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाएगी । थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि जनता की सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी है । किसी भी कीमत पर अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा । हर शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी और पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी ।उन्होंने आगे कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे का रिश्ता मजबूत किया जाएगा,ताकि लोग बिना किसी डर के अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रख सकें । साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी । रंजन कुमार ने पुलिस बल को भी स्पष्ट निर्देश दिए कि वे पूरी ईमानदारी,सतर्कता और जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें । नए थानाध्यक्ष के आगमन से बिक्रमगंज क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं । आम लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में कानून का राज और अधिक मजबूत होगा और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल कायम रहेगा ।

## बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं के छत पर सरकार लगायेगी एक किलोवाट का सोलर पैनल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** क्षेत्र अन्तर्गत बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं के घर छत पर सरकार द्वारा एक प्वाईंट एक किलोवाट विद्युत उत्पादन क्षमता का सोलर पैनल लगाया जायेगा.सरकार के इस फ्री सोलर प्लांट योजना से गरीब परिवार को बिजली में डबल राहत मिलेगी.

जानकारी देते हुए विभाग के जेई शनि कुमार गुप्ता ने बताया कि फ्री सोलर प्लांट योजना में अभी सरकार द्वारा उन बीपीएल परिवारों को लाभान्वित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है,जिन उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा विधुत कनेक्शन के लिए एक बकुली नुमा लोहे की पाईप एवं कुछ मिटर बिजली तार मुफ्त में उपलब्ध कराया गया था.वैसे सभी उपभोक्ताओं का सूचि स्थानिय कार्यालय को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है.सरकार के इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए विधुत कम्पनी कर्मियों को उन उपभोक्ताओं के घर भेजकर आवश्यक डॉक्यूमेंट प्राप्त करके आवेदन फार्म सहमति पत्र भराया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि कुटीर ज्योति योजना अन्तर्गत जो भी बीपीएल उपभोक्ता फ्री सोलर पैनल प्लांट लगवाना चाहते हैं.उनके आवेदन फार्म के सहमति पत्र को 30 अप्रैल तक ऑनलाइन करना है.

## ग्रीनफील्ड 119-ए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अधिगृहित भूमि के सीमांकन को लेकर किसानों और भू-मालिकों ने किया विरोध प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट /रोहतास।** नगर पंचायत क्षेत्र में ग्रीनफील्ड 119-ए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए अधिगृहित भूमि के सीमांकन को लेकर किसानों और भू-मालिकों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी आवासीय और व्यावसायिक भूमि को कृषि भूमि के रूप में दर्शाकर कम मुआवजा दिया जा रहा है।

किसानों का आरोप है कि अधिग्रहण नोटिस में उनकी भूमि को 'कृषि' के रूप में दर्शाया गया है, जबकि यह क्षेत्र पूरी तरह से आवासीय और व्यावसायिक रूप में विकसित हो चुका है। किसानों ने बताया कि गोड़री ग्राम को वर्ष 2021 में नगर पंचायत में शामिल किया गया था, जिसके बाद यहां की सभी भूमि का निबंधन आवासीय और व्यावसायिक श्रेणी में हो चुका है।

किसानों ने मांग की है कि अधिगृहित भूमि का मुआवजा 2013 के बाजार मूल्य (MVR) के बजाय नगर के वर्तमान आवासीय-व्यावसायिक दर्जे के अनुसार 2021 के बाद के बाजार मूल्य के हिसाब से तय किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि उचित मुआवजे की व्यवस्था के बिना भूमि का सीमांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी जयप्रकाश राय ने किसानों की मांगों को वाजिब बताया। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं को लिखित रूप में नोट कर जिला स्तर पर भेजा जाएगा और उचित समय में इसका निराकरण किया जाएगा। दूसरे अपर भू-अर्जन जिला पदाधिकारी चंद्रकांत सिंह ने स्पष्ट किया कि मुआवजे से जुड़े निर्णय भू-अर्जन आयुक्त के दायरे में आते हैं, लेकिन किसानों की मांगों को निश्चित रूप से आगे भेजा जाएगा।

किसान मनीष कुमार उर्फ पप्पू तिवारी और सत्येन्द्र तिवारी सहित कई भू-मालिकों ने नारेबाजी के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर एनएचएआई के सहायक अभियंता रवि रंजन, भू-अर्जन जिला अमीन बबन सिंह, अर्बिट्रेटर आदित्य कुमार के अलावा अनंत तिवारी, दीपक कुमार तिवारी, संजय कुमार तिवारी, मंगलेश पांडे, शेषनाथ प्रसाद, मनीष कुमार तिवारी, अजय कुमार तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, राजकुमार शर्मा, शिव शंकर प्रसाद, रामजग तिवारी, कुमार गौतम, सुशील कुमार, वाचस्पति तिवारी, भगवती शरण तिवारी और रूपेश कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेमरा बिक्रमगंज में अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली एवं मौक ड्रिल का सफल आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास।** अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेमरा (बिक्रमगंज) में बिहार अग्निशमन विभाग के सहयोग से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों के बीच अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव, सतर्कता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही कदम उठाने के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं संक्षिप्त उद्घाटन सभा के साथ हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रमिला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "अग्नि जहां एक उपयोगी साधन है, वहीं लापरवाही बरतने पर यह विनाश का कारण भी बन सकती है। अतः हमें इसके प्रति सदैव सतर्क रहना चाहिए।" उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ समाज को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

रैली में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में आकर्षक पोस्टर, बैनर एवं तख्तियां लेकर "अग्नि से सावधान रहें", "सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है", "आग लगने पर तुरंत 101 पर कॉल करें", "सावधानी हटी, दुर्घटना घटी" जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों—बाजार क्षेत्र, मुख्य चौक एवं आवासीय इलाकों—से गुजरती हुई पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर बिहार अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने विद्यार्थियों को आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले आवश्यक कदमों की विस्तृत जानकारी विद्यालय परिसर में दी गई । उन्होंने गैस सिलेंडर, विद्युत उपकरणों एवं ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी बताया। साथ ही, अग्निशमन यंत्र के सही प्रयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री नीरज कुमार, शिक्षक श्री रंजीत कुमार, श्री रवि प्रकाश पांडेय एवं शिक्षिका श्रीमती संध्या तिवारी सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विद्यार्थियों के उत्साह और संदेशों की सराहना की तथा इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ रैली का समापन हुआ। यह जागरूकता रैली न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई, बल्कि समाज में सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश देने में भी सफल रही। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## बिहार मे पहली बार बीजेपी सरकार बनने तथा सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर
### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा तथा मिठाई खिला मनाई खुशियां



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने तथा बिहार मे पहली बार बीजेपी के सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जम कर आतिशबाजी का एक दूसरे को मिठाई खिलाई, इस दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों मे भारी खुशी देखी गयी। कोचस चौक पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष पश्चिमी संतोष तिवारी एवं पूर्वी के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए अबीर ग़ुलाल लगा एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाई।खुशी का इजहार करने वालों में जिला पार्षद नीलम पटेल, कथराई पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी, जयशंकर प्रसाद, बीडीसीए प्रतिनिधि धनंजय शर्मा,मुन्ना मिश्रा,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह, प्रमोद पटेल, भाजपा जिला मंत्री सत्येंद्र दूबे, जिला प्रवक्ता संतोष गुप्ता, सत्येंद्र प्रताप सिंह, चंद्रभूषण सिंह, नरेंद्र जोशी,देववंश मिश्रा, राजेंद्र तिवारी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव ,रालोम के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय शर्मा, सच्चिदानंद गाँधी, लोहा गाँधी,संजय कुमार सिंह,कृष्णा तिवारी समेत अन्य लोगों ने नयी सरकार को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## नए नेतृत्व से नई उम्मीदें : सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर बिक्रमगंज में खुशी की लहर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास :** बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बिक्रमगंज क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला । क्षेत्र के प्रबुद्ध एवं सामाजिक रूप से सक्रिय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे बिहार के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया । बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह,भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ.मनीष रंजन,मदन प्रसाद वैश्य,प्रोफेसर बलिराम मिश्रा,द डीपीएस बिक्रमगंज के निदेशक अखिलेश कुमार,नवीन चंद्र साह ,विनेश कान्त तिवारी एवं सिकंदर सिंह ने संयुक्त रूप से एक स्वर में कहा कि सम्राट चौधरी एक जमीनी और दूरदर्शी नेता हैं,जिनकी कार्यशैली विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी रही है । सभी ने कहा कि राज्य की जनता को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं और यह विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा । साथ ही सबने उम्मीद जताई कि सरकार पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी । सभी गणमान्य लोगों ने सम्राट चौधरी के सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि यह नेतृत्व बिहार को नई पहचान दिलाने में सक्षम साबित होगा ।

## पुण्यतिथि पर संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक ने फीता काट की शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** ग्राम हुडरहां निवासी राजेंद्र सिंह यादव जी के स्वर्गीय पिता स्व. दरबारी सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर विगत रात्रि संध्या बेला में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया श्री जगमोहन सिंह ने की, जबकि उद्घाटन पूर्व विधायक विजय कुमार मंडल द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी अतिथियों ने स्व. दरबारी सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक आदर्श एवं प्रेरणास्त्रोत व्यक्ति बताया।स्व. दरबारी सिंह संगीत एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति विशेष रुचि रखते थे,विशेषकर चैता गीतों के प्रति उनका गहरा लगाव था। उनके इसी सपने को साकार करने के उद्देश्य से उनके पुत्र श्री राजेंद्र सिंह यादव प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं, ताकि उनकी स्मृतियां सदैव जीवंत बनी रहें। भोजपुरी लोकगायक भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध गीतों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले लोकगीतों की अपनी अलग पहचान थी, लेकिन वर्तमान समय में अश्लीलता के बढ़ते प्रभाव के कारण अच्छे गीतों की ओर लोगों का ध्यान कम हो गया है।पूर्व मुखिया जगमोहन सिंह ने स्व. दरबारी सिंह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें दयालु, सरल एवं सच्चे व्यक्तित्व का धनी बताया।कार्यक्रम के आयोजक श्री राजेंद्र सिंह यादव द्वारा सभी अतिथियों का हाथ जोड़कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर व्यास पवन यादव एवं अखिलेश यादव ने अपने मधुर गीतों से माहौल को भावविभोर कर दिया।

विशेष रूप से चैता गायन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और पूरे कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।इस अवसर पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, शिक्षक जयप्रकाश सिंह, शिक्षक विजय कुमार, राजद नेता सुनील कुमार, धीरेंद्र कुमार, सोनू उर्फ नुरुल फैयाज हसन, संजय यादव, बच्चा यादव, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार यादव सहित गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### तनिष्क-1 शोरूम में मैथिली कलेक्शन लॉन्च, ऑफर भी

**भागलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम तनिष्क-1 में नया मैथिली कलेक्शन लॉन्च किया गया। यह कलेक्शन मिथिला की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का खूबसूरत संगम है, जो खासतौर पर महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार, इस कलेक्शमें 18 कैरेट गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी के आकर्षक डिजाइन शामिल किए गए हैं। इसमें 3डी आर्ट, एंटीक फिनिश और लेटेस्ट ट्रेंड्स का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है, जो हर उम्र की महिलाओं के लिए उपयुक्त है। मैथिली कलेक्शन की खासियत यह है कि इसमें मिथिला पेंटिंग से प्रेरित डिजाइन, पारंपरिक मोटिफ और आधुनिक स्टाइल का अनूठा मेल देखने को मिलता है। लॉन्च ऑफर के तहत 10 से 20 अप्रैल तक ग्राहकों को 5% से 25% तक की विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही, चुनिंदा ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में भी आकर्षक राहत दी जा रही है।

### एसी मैकेनिक की खुदकुशी में 7 दिन बाद भी केस दर्ज नहीं

**भागलपुर।** वैशाली के एसी मैकेनिक का शव फंदे से लटका मिला था, लेकिन एक सप्ताह बाद भी मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गयी है। मृतक बेलसर स्थित उफरैला निवासी अली आजम के परिजनों ने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। परिजन फिलहाल आवेदन देने को लेकर असमंजस में है। मृतक के एक भाई ने बताया कि हमलोग अभी विचार कर रहे हैं। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं आयी है, जिससे मौत के असल कारण का पता नहीं चला है। बता दें कि बीते बुधवार की तड़के जीरोमाइल के गुरु नानकपुरा कॉलोनी में किराए के मकान में अली का शव मिला था। एसी लगाने वाले कॉपर वायर के फंदे से वह लटका था। उसके साथ रहने वाले दोस्त के अनुसार पत्नी से फोन पर विवाद के बाद अली ने फांसी लगा ली। चार माह पहले अली ने लव मैरिज शादी की थी। जीरोमाइल थानेदार बुद्धदेव पासवान ने बताया परिजन के लिखित आवेदन का इंतजार है। अली का पटना के किसी युवती से शादी के पहले से प्रेम संबंध था। बीते नवंबर में अली और नाज की शादी के बाद भी पुराना संबंध जारी था। फरवरी में जब नाज को पता चला तो उसने विरोध किया। अली को उस लड़की से दूर रहने की हिदायत दी थी। अली ने भरोसा दिया था कि वह दोबारा उस लड़की से संबंध नहीं रखेगा, लेकिन अली को पुरानी प्रेमिका के घरवाले धमकाते रहते थे। क्योंकि अली और पुरानी प्रेमिका के बीच का कुछ अश्लील वीडियो परिजनों के हाथ लग गया था। अली पर मुकदमे के साथ जान से मारने की धमकी भी देते थे। इसी बात से अली परेशान रहता था।

### कल्याण ज्वेलर्स में डायमंड ज्वैलरी के मेकिंग चार्ज पर 50% व गोल्ड पर 30% की छूट

**भागलपुर**| तिलकामांझी स्थित कल्याण ज्वेलर्स में डायमंड ज्वैलरी के मेकिंग चार्ज पर 50% की छूट और एंटीक एवं टेंपल ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर 35% की छूट दी जा रही है। साथ ही प्लेन गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 30% की छूट दी जा रही है। यह ऑफर केवल 7 दिनों के लिए लागू रहेगा। दुकान के प्रोप्राइटर बर्षा आनंद एवं राहुल आनंद ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा और किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता के आभूषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस ऑफर के तहत ग्राहक आधुनिक और पारंपरिक डिजाइनों के आभूषण बेहद कम मेकिंग चार्ज में खरीद सकेंगे। इस घोषणा के बाद ज्वेलरी प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कई ग्राहक इसे खरीदारी का सुनहरा अवसर मान रहे हैं और दुकान पर अच्छी भीड़ जुट रही है। व्यवसायियों का मानना है कि इस तरह के आकर्षक ऑफर से बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और ग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, आमलोगों के लिए यह मौका कम लागत में आभूषण खरीदने का सुनहरा अवसर है।

### कोशिश हाइजीन कंपनी ने मनायी रजत जयंती

**भागलपुर**| बिहार-झारखंड में घरेलू उत्पाद बनाने वाली कंपनी कोशिश हाइजीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के भागलपुर कार्यालय में रजत जयंती समारोह मनाया गया। इसका उद्घाटन प्रधान अतिथि ईस्टर्न बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि बिहार कोऑपरेटिव के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र मिश्रा और कोशिश ग्रुप चेयरमैन प्रो. देबज्योति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर अतिथियों ने केक भी काटे। आलोक अग्रवाल ने कहा कि कोशिश का कोशिश अच्छा है, पर सोशल मीडिया प्रेसेंस तथा विजिबिलिटी और बढ़ाने की जरूरत है। जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस कंपनी का जैसा नाम है वैसा ही काम है। ग्रुप चेयरमैन प्रो. देबज्योति ने आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की। मंच संचालन लेडी डायरेक्टर मधुमिता दत्ता ने की वहीं अतिथियों का स्वागत कंपनी मैनेजर अमित भगत ने किया। कोलकाता से आए केमिस्ट अरिंदम बर्धन ने भी अनुभव साझा किये।

### जनप्रिय कार्यालय में मनी आंबेडकर जयंती

**भागलपुर।** परबत्ती स्थित जनप्रिय कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। जनप्रिय के निदेशक गौतम कुमार और महिला स्वावलंबन समिति की संयोजिका रेखा कुमारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की। गौतम कुमार ने उनके समानता के विचारों को वर्तमान में प्रासंगिक बताया, वहीं रेखा कुमारी ने उन्हें सामाजिक समानता का अग्रदूत कहा। मौके पर बाबूलाल पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

# हत्या कर लाश पर रोज एसिड डालता था, भाई-मां जेल में बंद, पिता फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय के नावकोठी प्रखंड के वृंदावन गांव में साल 2018 की शुरुआत में एक के बाद मोटर पंप की चोरी होने लगी। फिर 8 से 10 बाइक चोरी की घटनाएं सामने आईं। गांव में चोरी की घटनाओं की चर्चा होनी शुरू हुई तो 24 साल का एक लड़का हाथ में पिस्टल लेकर लोगों को धमकाने लगा। ये कहानी है समस्तीपुर के दलसिंहसराय जेल में बंद अपराधी भोला सिंह उर्फ सन्नी की है, जो जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा है। भोला सिंह उर्फ सन्नी की चर्चा इसलिए, क्योंकि उसने जेल में बैठकर 24 मार्च से लेकर 3 अप्रैल तक यानी 11 दिनों में तीन बड़ी वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। 24 मार्च को तेघड़ा के हसनपुर स्थित एक्सिस बैंक से 4 लाख की लूट, 30 मार्च को बेगूसराय शहर में नेशनल प्लेयर पर फायरिंग और 3 अप्रैल को दरभंगा के प्रेम ज्वेलर्स से 2 करोड़ की लूट की वारदात शामिल है।

**2020 में गांव के लड़के की हत्या की, लाश पर डालता था एसिड:** दिसंबर 2020 में भोला सिंह ने अपने गांव के ही टुनटुन सिंह के बेटे प्रिंस कुमार का उसके घर से अपहरण किया, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। लाश को



पहले अपने अड्डे पर छिपाया। इसके बाद लाश पर रोजाना एसिड डालने लगा, ताकि लाश गल जाए। लेकिन जब लाश से बदबू आने लगी तो उसने शव के बचे हिस्सों को हल्दी के खेत में छिपा दिया और वहां भी लाश पर एसिड डालने लगा था। हालांकि, लाश की दुर्गंध ने एक दिन हत्या का राज खोल दिया। हल्दी के खेत में काम करने गए मजदूरों ने लाश को देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच पड़ताल शुरू होने से पहले ही भोला ने मृतक प्रिंस के पिता टुनटुन सिंह को इतना धमका दिया कि उसने पुलिस के सामने कुछ नहीं कहा। आज भी प्रिंस मर्डर केस ट्रायल में ही है।

**प्रिंस मर्डर केस में जिसने मदद की, उसकी भोला ने गोली मारकर की हत्या:** गांव के लोगों ने बताया कि प्रिंस मर्डर केस में टुनटुन की मदद गांव के ही मनोज सिंह ने की थी। इसकी जानकारी के बाद भोला सिंह ने 7 फरवरी 2022 को समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र स्थित फफौत पुल के पास मूर्ति विसर्जन के दौरान मनोज सिंह के बेटे परीक्षित कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने के बाद परीक्षित का पेट चाकू से चीर दिया। 8 फरवरी 2022 को परीक्षित कुमार का अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार के बाद जब परीक्षित के परिजन और गांव के लोग घर लौट रहे थे, तभी उन्होने भोला सिंह के चाचा हीरा सिंह के घर पर हमला कर दिया। हीरा सिंह को घर से खींच कर बाहर निकालते हुए ग्रामीणों की भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। इस मामले में मनोज सिंह को आरोपी बनाया गया था, जो मामला आज भी कोर्ट में चल रहा है और उसकी लास्ट तारीख 2 अप्रैल को थी, जिसमें भोला का भाई संदीप भी पहुंचा था। मृतक परीक्षित के पिता मनोज सिंह ने बताया कि मेरा बेटा सेना में जाने के लिए ट्रेनिंग लेता था। अप्रैल महीने में कटिहार में होने वाली बहाली में वह शामिल होता। उसके कोचिंग में सरस्वती पूजा हुई थी, 7 फरवरी को प्रतिमा विसर्जन करने के लिए वह दोस्तों के साथ बूढ़ी गंडक नदी में गया था।

# नगर परिषद स्थायी समिति चुनाव से बढ़ी सियासी हलचल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया।** अररिया नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बिहार नगरपालिका अधिनियम में हालिया संशोधन के बाद पहली बार इन सदस्यों का चयन लोकतांत्रिक तरीके से गुप्त मतदान द्वारा किया जाएगा। कुल 29 पार्षद 16 अप्रैल को तीन सदस्यों का चुनाव करेंगे। पहले सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चयन मुख्य पार्षद के अधिकार क्षेत्र में था। अब पार्षद ही अपने प्रतिनिधि चुनेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर लोकतंत्र मजबूत होने की उम्मीद है। पांच सदस्यीय समिति में मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद पदेन सदस्य होंगे, जबकि शेष तीन सीटों पर सीधा मुकाबला होगा। पूरी प्रक्रिया एक ही दिन में संपन्न होकर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।




**वार्ड 7 के श्याम कुमार मंडल प्रमुख दावेदार हैं:** इस चुनाव के लिए वार्ड संख्या 6 के रंजीत पासवान, वार्ड 19 की सोफिया परवीन और वार्ड 7 के श्याम कुमार मंडल प्रमुख दावेदार हैं। इनके अतिरिक्त भी कई अन्य चेहरे अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। चुनाव को लेकर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं।

**पार्षद दो खेमों में बंट गए:** चुनाव नजदीक आने के साथ ही पार्षद दो खेमों में बंट गए हैं। एक खेमा दूसरे खेमे के पार्षदों को अपने पाले में लाने के लिए जोड़-तोड़ की राजनीति में जुटा है। पर्दे के पीछे से कई पूर्व पार्षद और मुख्य पार्षद भी सक्रिय हो गए हैं। गुप्त रणनीतियां बनाई जा रही हैं और समर्थन जुटाने की कवायद तेज है। पार्षद एक-दूसरे को अपने पक्ष में करने के लिए चोरी-छिपे बैठकें कर रहे हैं।

# घर से उठाकर खेत ले गए, फिर मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में प्रेम-प्रसंग को लेकर मंगलवार की रात बदमाशों ने एक युवक की पिटाई की थी। इसके बाद सिर में गोली मार दी थी। युवक घायल है। जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल सूरज सिंह का बेटा गुलशन कुमार (30) है। बताया जा रहा कि गुलशन का भाई विभीषण कुमार गांव के संजय सिंह की बेटी मुनमुन कुमारी से प्यार करता था। प्रेम-प्रसंग को लेकर करीब ढाई साल पहले दोनों घर से भागकर शादी कर ली। इसी को लेकर दोनों परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर रात में हथियार से लैस संजय सिंह और उसके बेटे बिहारी कुमार सहित अन्य लोग आए और दरवाजा के आगे गुलशन कुमार को जबरदस्ती उठा लिया। उसे बाइक पर बैठाकर बहियार की ओर लेकर चले गए। जहां पहले तो उसकी जमकर पिटाई की गई, इसके बाद सिर में गोली मार दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गुलशन को उठाकर बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहोक गांव की है।

**दो दिन पहले भी गोलीबारी हुई थी:** घटना के संबंध में घायल गुलशन का कहना है कि मेरे छोटे भाई विभीषण ने सूरज सिंह की बेटी से प्यार किया और इसी में दोनों ने भाग कर शादी कर ली। कुछ दिन पहले प्रसव के दौरान दरभंगा के एक अस्पताल में लड़की की मौत हो गई और मेरा भाई इन लोगों के डर से बाहर ही रह रहा है। इसी को लेकर सोमवार की शाम मेरे घर पर चढ़कर गोलीबारी की गई थी। जिसकी सूचना हमने डायल-112 को दी तो पुलिस की टीम पहुंची और मामला शांत हो गया था। इसके बाद मंगलवार की रात सूरज सिंह और बिहारी कुमार सहित अन्य लोगों ने मुझपर हमला किया।

# चार मिठाई दुकानों में तोड़फोड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र स्थित राजावर चौक के पास चार मिठाई दुकानों में तोड़फोड़ की गई और तीन पान-चाय गुमटियों से चोरी हुई। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजावर बस्ती निवासी विक्रम कुमार के रूप में हुई है। दुकानदारों ने मंगलवार सुबह अपनी दुकानें खोलने पर तोड़फोड़ और चोरी का पता चला। मिठाई दुकानों के काउंटर टूटे हुए थे और कई सामान गायब थे।

**तीन भाइयों की दुकानें हुई क्षतिग्रस्त:** पंकज मिष्ठान भंडार के संचालक ने बताया कि उनके तीन भाइयों की दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। अमन कुमार ने भी अपनी मिठाई दुकान में तोड़फोड़ और चोरी की पुष्टि की। सभी मिठाई दुकानों के शीशे तोड़कर उन्हें नुकसान पहुंचाया गया था। प्रीतेश चौधरी, निरंजन यादव और सिथुन कुमार की पान-मसाला गुमटियों के ताले भी टूटे हुए मिले। प्रत्येक गुमटी से लगभग दो-दो हजार रुपये के सामान चोरी होने की बात कही गई है।

**आरोपी ने जुर्म किया कबूल:** स्थानीय लोगों ने देर रात विक्रम कुमार को नशे की हालत में संदिग्ध गतिविधि करते देखा था। उन्होंने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ के दौरान पुलिस ने विक्रम कुमार के पास से चोरी के कुछ सामान बरामद किए। उसने मिठाई दुकानों में तोड़फोड़ और चोरी करने की बात स्वीकार कर ली है। घटना के बाद सभी दुकानदारों ने थाने में सामूहिक आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि क्षेत्र में नशे का बढ़ता प्रचलन ऐसी घटनाओं का कारण बन रहा है, जिससे असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है। थानाध्यक्ष राजरतन ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका।** बांका में भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात बाइक की टक्कर से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना रजौन थाना क्षेत्र में संझा-श्यामपुर पंचायत अंतर्गत जवाईचक गांव के पास हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। वहीं मुआवजा व बाइक चालक पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जवाईचक गांव निवासी नेवालाल पासवान की पत्नी चुन्नी देवी सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क किनारे जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया।



**आरोपी की गिरफ्तारी-मुआवजे की मांग कर रहे परिजन:** घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। वे आरोपी बाइक चालक की गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे।

**दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतार:** इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मानवाधिकार सहायता संघ के जिला अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि मनोज मिश्रा और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे। मौके पर काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजनों को शांत कराया गया। पुलिस और मानवाधिकार जिलाध्यक्ष ने परिजनों को काफी मशक्कत के बाद समझा-बुझाया। उन्होंने कहा कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा मिलेगा। इसके बाद आक्रोशित परिजन शांत हुए। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक जाम की स्थिति बनी रही। थानाध्यक्ष राजरतन ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बिहार सरकार

कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र–1

देखिये नियम 12(1),

सूचना

नगर पंचायत, नबीनगर के वार्ड संख्या 12 की मतदाता सूची

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र– 2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी।

रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों/मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 12 | श्री अरूण कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, नबीनगर | प्रखंड कार्यालय नबीनगर का सभा कक्ष पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय (2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर (3) नगर पंचायत, नबीनगर (4) अंचल कार्यालय, नबीनगर (5) प्रखंड कार्यालय, नबीनगर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिश्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

स्थान : औरंगाबाद
दिनांक : 15.04.2026
PR- 001149 ( Election ) 2026-27

निबंधन पदाधिकारी–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# सॉल्वर गैंग के 21 सदस्य गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर में बीपीएससी परीक्षा से पहले प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सॉल्वर गैंग के 21 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में परीक्षा शुरू होने से पहले ही पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 17 सॉल्वर गैंग के सदस्य और 4 एजेंट शामिल हैं। ये सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र लीक करने की योजना बना रहे थे। यह कार्रवाई मंगलवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित बीपीएससी की परीक्षा से पहले की गई।

**प्रश्न पत्र लीक कराने की थी साजिश:** प्रशासन को परीक्षा से पहले सूचना मिली थी कि सॉल्वर गैंग के माध्यम से प्रश्न पत्र लीक कराने की साजिश रची जा रही है। सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया और पहले इसकी पुष्टि की गई। इसके बाद मुंगेर, पटना और भागलपुर जिलों के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस पूरे मामले का खुलासा बुधवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज और पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में करेंगे। फिलहाल, पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की पुष्टि की है और बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे भी छापेमारी जारी है।

**एजेंट के माध्यम से युवक को किया था हायर:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सॉल्वर गैंग ने परीक्षा में गड़बड़ी करने के लिए सुनियोजित तरीके से योजना बनाई थी। गैंग के सदस्यों ने स्थानीय एजेंटों के माध्यम से ऐसे युवकों को हायर किया था, जिन्हें असली अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाना था। बायोमेट्रिक सिस्टम को भी धोखा देने की कोशिश की गई, ताकि सॉल्वर गैंग के सदस्य परीक्षार्थी बनकर परीक्षा में शामिल हो सकें। पुलिस के अनुसार, उनकी योजना यह थी कि जैसे ही प्रश्न पत्र वितरित होगा, सॉल्वर गैंग के सदस्य उसे हल कर एजेंटों के माध्यम से बाहर भेजेंगे और फिर तैयार उत्तर अभ्यर्थियों तक पहुंचाए जाएंगे। हालांकि, प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण यह पूरी साजिश नाकाम हो गई। कार्रवाई की शुरुआत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भगत सिंह चौक निवासी सुजल कुमार की गिरफ्तारी से हुई। पूछताछ में उसने सॉल्वर गैंग से जुड़ाव की बात स्वीकार की और बताया कि वह मोटी रकम लेकर स्थानीय एजेंटों के जरिए युवकों की व्यवस्था करता था।

**एजेंट के रूप में काम कर रहे थे चारों:** इसके बाद पुलिस ने भागलपुर के कहलगांव निवासी प्रशांत कुमार, पटना निवासी समीर कुमार और धरहरा थाना क्षेत्र के बंगलवा निवासी प्रियांशू कुमार को भी गिरफ्तार किया। ये चारों एजेंट के रूप में काम कर रहे थे और अपने-अपने स्तर पर अभ्यर्थियों की व्यवस्था कर रहे थे।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद
Email:- ceaurangabad11@gmail.com

अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना संख्या –01/2026–27

पत्रांक:– 747

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद परिक्षेत्राधीन सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद/ सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, टेकारी/ सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर/ सोन नहर प्रमंडल, खगौल/ उतर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद/ उतर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर/ उतर कोयल नहर प्रमंडल, अम्बा/ बटाने शीर्ष कार्य प्रमंडल, अम्बा/उतर कोयल बॉध एवं बराज प्रमंडल, मोहम्मदगंज/पुनपुन बराज प्रमंडल–1, गोह एवं पुनपुन बराज प्रमंडल–2, गोह के क्षेत्राधीन नहर सम्पोषण कार्य/आकस्मिक कार्य/विभिन्न प्रकार के सामग्रियों की आपूर्ति कार्य/विभिन्न प्रकार के मशीनों की आपूर्ति कार्य इत्यादि हेतु वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए राज्य सरकार के वर्त्तमान अनुसूचित दर (संवेदक लाभ एवं ओवरहेड रहित) पर अथवा अधीक्षण अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद एवं उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद द्वारा स्वीकृत दर पर निर्माण सामग्रियों/श्रमिकों/मशीनरी इत्यादि के आपूर्ति/सेवा हेतु कोटेशनदाताओं /आपूर्तिकर्त्ताओं/सेवा प्रदाताओं से निम्नांकित शर्तों पर इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित किया जाता है।

1. इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आमंत्रण दिनांक–04 मई 2026 से दिनांक–08 मई 2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा एवं दिनांक– 08 मई 2026 को 3.30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं /आपूर्तिकर्ताओं/सेवा प्रदताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के कार्यालय में खोला जाएगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
2. कोटेशनदाताओं /आपूर्तिकर्त्ताओं/सेवा प्रदाताओं का जल संसाधन विभाग में किसी भी श्रेणी या संबंधित जिला में चतुर्थ वर्गीय श्रेणी में निबंधन अनिवार्य होगा।

अधिक जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सर्म्पक किया जा सकता है।

(ई0 अर्जुन प्रसाद सिंह)
मुख्य अभियंता
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद
मोबाईल नम्बर:–7463889714

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 001014 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय,अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र–1

[देखिये नियम 12(1)]

सूचना

नगर पंचायत, जम्होर के वार्ड संख्या 01 से 11 की मतदाता सूची

एतद् द्वारा उपरोक्त वार्ड का प्रारूप मतदाता सूची का सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। इस सूची में नाम दर्ज करने के लिए सभी दावा प्रपत्र–2 में, किसी प्रविश्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आक्षेप प्रपत्र– 2(A) तथा मतदाता सूची में दर्ज नाम के विरूद्ध आपत्ति प्रपत्र–3 में दिनांक 28.04.2026 तक दायर की जा सकेगी।

रिवाईजिंग अथॉरिटी जिनके समक्ष ऐसे दावे एवं आपत्तियाँ दायर की जा सकती है, वह इस प्रकार है :–

| वार्ड संख्या | रिवाईजिंग पदाधिकारी का नाम | नागरिकों/मतदाताओं के मिलने का स्थान एवं समय (प्रतिदिन) | प्रारूप मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है। |
|---|---|---|---|
| 01 से 11 | श्री रमण सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद | प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष, औरंगाबाद पूर्वा० 10:00 बजे से अप० 05:00 बजे तक | (1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय (2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर (3) नगर पंचायत, जम्होर (4) अंचल कार्यालय, औरंगाबाद (5) प्रखंड कार्यालय, औरंगाबाद (6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना (7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर |

दावे एवं आपत्तियाँ रिवाईजिंग अथॉरिटी को संबोधित किये जायेंगे तथा या तो इस सूचना में विनिर्दिष्ट रिवाईजिंग अथॉरिटी के समक्ष उपस्थापित किये जायेंगे या डाक द्वारा इस प्रकार भेजे जायेंगे ताकि उन्हें दिनांक 28.04.2026 तक प्राप्त हो सके।

निबंधन पदाधिकारी
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 001114 ( Election ) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय कारा का एसडीएम व एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**बक्सर**। मंगलवार को डीएम साहिला के निर्देश पर केंद्रीय कारा एवं ओपन जेल बक्सर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण एसडीएम अविनाश कुमार एवं एसडीपीओ गौरव पांडेय ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का गहन अवलोकन किया। इस क्रम में कारा प्रशासन से जुड़े पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, निगरानी प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा निर्धारित मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विशेष रूप से बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में सुधार लाने पर जोर दिया। साथ ही कारा प्रशासन को हर समय सतर्क एवं जवाबदेह रहने की हिदायत दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा में चूक की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि बक्सर जिला प्रशासन एवं पुलिस विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

### धनसोई में निकाली गई भीम उत्सव यात्रा, मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**धनसोई**| भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जंगलिया आश्रम परिसर में भव्य भीम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है और इसके जरिए ही व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। इसके पश्चात परिवर्तन सांस्कृतिक संघ परिक्षेत्र के तत्वावधान में जंगलिया बाबा आश्रम से भव्य भीम उत्सव यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा शामिल हुए।

### बाबासाहेब का प्रेरक जीवन सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक

**बक्सर**। सरस्वती विद्या मंदिर, अहिरौली में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। विद्यालय में प्रातः वंदना सभा में वंदना के उपरांत बाबा साहेब जी के चित्र पर विभाग प्रमुख लालाबाबू प्रसाद, पूर्व छात्र परिषद के विभाग संयोजक अंकित केशरी एवं वरिष्ठ आचार्य सत्येंद्र उपाध्याय ने माल्यार्पण व पुष्पार्चन करके किया। विभाग प्रमुख ने सभा में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। समता, न्याय और बंधुत्व के उच्च आदर्शों से आलोकित, समरस एवं समावेशी समाज की आधारशिला रखने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार "भारत रत्न" बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि है।अंत्योदय और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के अमूल्य रत्न हैं। उनका प्रेरक जीवन हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेगा।

### शिविर में बच्चों की हुई जांच, दो सौ से अधिक ने उठाया लाभ

**बक्सर**। नगर के नया बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में मंगलवार को डॉ अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ से अधिक बच्चों और अभिभावकों की जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ शत्रुघ्न पांडेय, डॉ प्रियंका पांडेय एवं विभाग प्रमुख लाल बाबू प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी चिकित्सकों और अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों के आंख, दांत और ब्लड टेस्ट समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की। जांच के दौरान कई बच्चों को जरूरी परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों की पहचान समय रहते हो जाती है, जिससे बच्चों का समुचित विकास संभव है। इस अवसर पर बच्चों और अभिभावकों को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि जब बच्चा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेगा तभी उसकी पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और वह बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

### मधुबनी की कला से सजा तनिष्क मैथिली ब्राइडल कलेक्शन' लॉन्च

**बक्सर**। देश के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क के वेडिंग सब-ब्रांड रिवाह बाय तनिष्क ने मंगलवार को बक्सर स्थित अपने स्टोर में विशेष ब्राइडल कलेक्शन 'मैथिली' का भव्य लॉन्च किया। मिथिला क्षेत्र की समृद्ध परंपरा और विश्व प्रसिद्ध मधुबनी कला से प्रेरित यह कलेक्शन पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिक डिजाइन का शानदार मेल प्रस्तुत करता है। इस कलेक्शन को फिलहाल बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया गया है, जबकि अन्य राज्यों के ग्राहक इसे ऑर्डर के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। लॉन्च कार्यक्रम के दौरान तनिष्क स्टोर में ग्राहकों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे माहौल और भी खास बन गया। इस कलेक्शन की खास बात यह है कि इसका चेहरा भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अक्षरा सिंह हैं, जो इसकी आकर्षक ब्रांड एंबेसडर के रूप में सामने आई हैं। स्टोर मैनेजर आदित्य पांडेय ने बताया कि 18 कैरेट सोने से तैयार यह विशेष कलेक्शन अक्षय तृतीया और आगामी विवाह सीजन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें हल्के, आरामदायक और बहुउपयोगी डिजाइनों को प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें दुल्हनें शादी के साथ-साथ अन्य पारंपरिक और सामाजिक अवसरों पर भी पहन सकती हैं। वहीं बिजनेस एसोसिएट दीपक पांडेय ने कहा कि इस कलेक्शन में बारीक फिलिग्री वर्क, रवा कारीगरी और मिथिला संस्कृति के पारंपरिक प्रतीकों को विशेष रूप से उकेरा गया है।

### अध्यक्ष के 2 व प्रबंध समिति सदस्य के लिए 22 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**बक्सर**। सोमवार को सदर प्रखंड के करहंसी पैक्स में अध्यक्ष पद के कुल 03 प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन वापस ले लिया गया। बता दें कि निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, आगामी 20 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 04.30 बजे तक बैलेट पेपर से मतदान होगा। वहीं मतदान समाप्त होने के बाद उसी दिन मतगणना की प्रक्रिया शुरु होगी। साथ ही चुनाव परिणाम जारी कर विजेता प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। नाम वापस लेने वाले प्रत्याशी निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ साधु शरण पाण्डेय के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी सहमति जताई। जबकि बोर्ड प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य पद पर किसी ने नामांकन वापस नहीं लिया। इस तरह से नाम वापसी के बाद करहंसी पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के महज 02 प्रत्याशी और प्रबंध समिति सदस्य के लिए 22 प्रत्याशी अब चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष और सदस्य पद के प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिह्न का आवंटन भी शुरू किया गया। अध्यक्ष पद के लिए गुड़िया देवी को मोतियों का माला, व बबन साहू को ब्लैक बोर्ड चुनाव चिह्न आवंटन किया गया। वहीं सदस्य पद के लिए किसी को स्लेट तो किसी को टॉर्च, चापाकल, गुड़िया, कुर्सी, स्टूल, कांच का गिलास, टेबूल लैंप इत्यादि चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया है। इधर करहंसी पैक्स में निर्विरोध चुनाव के लिए कुछ लोगों द्वारा अंतिम समय तक नाम वापस लेने का भी प्रयास किया जा रहा था। लेकिन सफलता नहीं मिली। करहंसी पैक्स में अध्यक्ष पद का मुकाबला महिला व पुरूष उम्मीदवार के बीच होगी।

# चोरी के शक में युवक को पेड़ से उल्टा लटकाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में चोरी के आरोप में युवक को पेड़ से उल्टा लटकाकर ग्रामीणों ने पीटा। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक को पेड़ से उल्टा लटका देखा जा सकता है। हालांकि, मारपीट का दृश्य स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने पिटाई की पुष्टि की है। यह घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है।

**चोरी के इरादे से गांव में घुसा युवकः** ग्रामीणों के अनुसार, युवक रात करीब 3 बजे गांव में चोरी के इरादे से घुसा था। आहट सुनकर ग्रामीण जाग गए और उसे पकड़ लिया। आरोप है कि इसके बाद भीड़ ने युवक को रस्सी से पेड़ से बांधकर उल्टा लटकाया और उसकी पिटाई की। सुबह घटना की



सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

**झूठे आरोप में फंसाकर पीटने का आरोपः** पीड़ित युवक की पहचान बेटानी यादव के रूप में हुई है, जो उसी गांव का निवासी है। युवक के परिजनों ने इसे पुरानी रंजिश का मामला बताते हुए आरोप लगाया

♦ **परिजन बोले-झूठे आरोप में फंसाकर पीटा, पीड़ित ने शिकायत दर्ज करने से किया इनकार**

है कि उसे झूठे आरोप में फंसाकर पीटा गया है। परिवार ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष शंभु भगत ने बताया कि सूचना मिलने पर युवक को थाने लाया गया था। युवक ने किसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया और लिखित रूप से भी शिकायत न करने की बात कही, जिसके बाद उसे घर भेज दिया गया।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। फाउंडेशन स्कूल, बक्सर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। उल्लेखनीय है कि आज विद्यालय परिसर में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की लिखित परीक्षा भी संचालित हो रही थी। इस कारण कार्यक्रम दोनों पालियों के मध्य अवकाश के दौरान आयोजित किया गया, जिसमें परीक्षा कार्य में लगे अधिकतर सरकारी विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज त्रिगुण, अकादमिक एक्सीलेंस डॉ एसके दुबे, रामायण राय, अनिल ओझा, राजीव पाठक, संजीव सिंह, सरोज सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं में जमाल अहमद सिद्दकी, रूबी कुमारी, अरविंद कुमार, सरिता कुमारी, अजीत कुमार, कुसुम चौहान, दुलारचंद एवं अन्य शिक्षकों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रनिर्माण में डॉ अंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## प्रसव के बाद डॉक्टरों ने पेशाब की थैली सिल डाली, महिला की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में प्रसव के बाद महिला की पेशाब की थैली को निजी क्लीनिक के डॉक्टर ने सिल दिया। ऑपरेशन के 4 घंटे के बाद ही महिला का पेट फूलने लगा। परिजन ने डॉक्टर को इस बारे में बताया भी था, तब डॉक्टर ने कहा था कि ठीक हो जाएगा। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो परिजन ने फिर से डॉक्टर से कहा कि आपसे नहीं हो रहा है तो रेफर कर दीजिए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ऑपरेशन 3 दिन बाद मंगलवार को महिला की मौत हो गई। 12 अप्रैल को ऑपरेशन हुआ था। मृतका संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव निवासी गुड्डू कुमार की पत्नी सीमा कुमारी (22) है।

**डॉक्टर फरार, अस्पताल का बोर्ड भी फेंकाः** दवंतनगर थाना क्षेत्र के दर्शन छपरा गांव निवासी मृतका के पिता निर्मल कुमार ने बताया कि बेटी को प्रसव पीड़ा हुई थी। जिसके बाद हम उसे लेकर 11 अप्रैल को बचरी गांव के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। बेटी की मौत के बाद डॉक्टर फरार हो गए हैं। अस्पताल का बोर्ड भी उखाड़कर फेंक दिया गया है। जिसके बाद हमलोगों ने मामले की सूचना



स्थानीय थाने में दी है। पुलिस ने सदर अस्पताल में शव को पोस्टमॉर्टम कराया।

**2023 में हुई थी शादीः** वहीं, दूसरी तरफ मृतका के पिता निर्मल कुमार ने डॉक्टर मनोज कुमार और उसकी पत्नी पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका अपने 5 बहन और 2 भाई में चौथे स्थान पर थी। उसकी शादी 2023 में मई महीने में हुई थी। उसे पहले जुड़वा बच्चों में एक बेटा ऋषभ और एक बेटी शिवानी है। इस घटना के बाद मृतका की मां लीलावती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## केस मैनेज करने के लिए दुष्कर्म की कोशिश का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा के टाउन थाना क्षेत्र स्थित भलुहीपुर मोहल्ले में केस समझौता करने के दबाव को लेकर गंभीर आपराधिक घटना सामने आई है। मामले में एक महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और विरोध करने पर उसके बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना को लेकर पीड़िता के बयान पर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें पंकज यादव, बुढ़ा यादव, पारस यादव और दीपू कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित पंकज यादव को गिरफ्तार कर लिया है, जो भलुहीपुर मोहल्ले का ही निवासी बताया जा रहा है। वहीं, अन्य



आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोपः** बताया जा रहा है कि सोमवार को ही महिला के बेटे के साथ मारपीट हुई थी, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया। घटना के पीछे पुरानी

♦ **बेटे की गोली मारकर हुई थी हत्या, मां के बयान पर एफआईआर दर्ज**

रंजिश को मुख्य वजह बताया जा रहा है। दरअसल, एक साल पहले पीड़िता के बेटे ऑटो चालक गोलू कुमार की भलुहीपुर मोहल्ला स्थित अखाड़े पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले को लेकर आरोपी 5 दिनों से पीड़ित परिवार पर केस मैनेज करने के लिए दबाव बना रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश और बेटे के साथ मारपीट की गई। टाउन थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष शैलेश्वर ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी पंजक यादव का आपराधिक इतिहास रहा है। वो पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## उर्वरक के उपयोग से घट रही मिट्टी की उर्वरता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ अनूप दास के निर्देश पर कृषि विज्ञान केंद्र बक्सर एवं आत्मा के संयुक्त तत्वाधान में बक्सर प्रखंड अंतर्गत कमरपुर में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन अभियान चलाया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उर्वरकों के असंतुलित एवं अत्यधिक उपयोग (विशेषकर यूरिया एवं डीएपी) से उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में जानकारी देना है। संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को जागरूक एवं उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना भी प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आत्मा के माध्यम से किसानों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं फसल उत्पादकता वृद्धि हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रसार गतिविधियां संचालित करना है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डॉ रामकेवल ने बताया की डीएपी एवं यूरिया के असंतुलित एवं अंधाधुंध प्रयोग के कारण मृदा उर्वरता में ह्रास हो रहा है,



मृद जीव निष्क्रिय हो रहे हैं , मिटटी की जलधारण क्षमता घट रही है एवं उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही मृदा की पीएच मान बिगड़ रहा है। इसको ठीक करने के लिए हरी खाद जैसे ढैंचा, मूंग, लोबिया का प्रयोग आवश्यक है। हर फसल चक्र में दलहनी फसलों को शामिल करना अति आवश्यक है। पट्टी कलर चार्ट के माध्यम से किसानों को यूरिया के संतुलित मात्र में प्रयोग करने के तरीके बताये गए। आत्मा के उप परियोजना निदेशक रणधीर सिंह ने किसानों को सूक्षम पोषक तत्वों जैसे जिंक, बोरोन, आयरन, सल्फर आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कृषि समन्वयक अमरेश कुमार राय ने किसानों को मृदा जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरको के प्रयोग पर विशेष बल दिया। प्रखंड कृषि अधिकारी अंकित कुमार ने किसानों को नैनो यूरिया के सही मात्रा में फसल में पूरी पत्ती आ जाने पर 500 मिलीलीटर प्रति एकड़ प्रयोग करने की सलाह दिया।

## मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र दे किया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की ओर से मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के उन सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद की सभापति कमरुन निशा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज का यह दृश्य हृदय को सुकून देने वाला है। जब एक समाज अपने बच्चों की शिक्षा को उत्सव की तरह मनाता है, तो समझ लीजिए कि उस समाज के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं। बाबा साहब ने जिस न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज का सपना देखा था, उसकी पहली सीढ़ी "शिक्षा" ही है। हम नगर क्षेत्र में पुस्तकालयों और अध्ययन केंद्रों के विस्तार के लिए योजना बना रहे हैं ताकि इन बच्चों को और बेहतर माहौल मिल सके।

**संविधान के अंतर्संबंधों पर विस्तृत प्रकाश डालाः** महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षाविद् डॉ श्वेत प्रकाश ने शिक्षा, समाज और संविधान के अंतर्संबंधों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वैचारिक संबोधन में कहाः "मिट्टी को सुंदर पात्रों में ढालने वाले हमारे हुनरमंद पूर्वजों की विरासत अब इन बच्चों की मेधा में साफ दिखाई दे रही है। रेणु प्रजापति ने कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। जिला अध्यक्ष अमरनाथ प्रजापति ने अपने सामाजिक व शैक्षणिक उत्थान के लिए बच्चों हेतु छात्रावास एवं निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था करने पर विशेष बल दिया। सचिव उपेंद्र प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। पूर्व अध्यक्ष रामचीज प्रजापति ने बच्चों को अनुशासन और निरंतरता का पाठ पढ़ाया। मंच संचालन धीरज प्रजापति एवं उपेंद्र प्रजापति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जैसे ही मंच से बच्चों के नाम पुकारे गए, पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रत्येक मेधावी छात्र को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न सहित कॉपी-कलम देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रीति कुमारी, श्वेता कुमारी, बजरंगी कुमार विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। मौके पर धीरेंद्र कुमार आर्य, महेंद्र प्रजापति, रेणु प्रजापति, पूनम प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, मनोज प्रजापति, अमित प्रजापति, भरत प्रजापति, शिव शंकर प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, सीमा देवी, हवलदार प्रजापति, जग नारायण प्रजापति, गुड्डू प्रजापति, गोरखनाथ प्रजापति आदि मौजूद थे।

## पत्रकार विवेक कुमार सिन्हा की 13वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि, 10 लोगों ने किया रक्तदान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। जिले के पत्रकार विवेक कुमार सिन्हा की 13वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विवेक सिन्हा स्मृति संस्थान की ओर से मंगलवार को स्मृति सभा सह रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव चुरामनपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं बार एसोसिएशन बक्सर द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में लगी उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष विनय कुमार सिन्हा एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ भूपेंद्र नाथ ने की। अधिवक्ता विनय सिन्हा ने कहा कि विवेक कुमार सिन्हा बक्सर के होनहार एवं संघर्षशील पत्रकार थे, जिन्होंने अपनी कलम की धार से कभी समझौता नहीं किया और सदैव समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज को बुलंद करते रहे। संस्थान की सचिव दीपशिखा ने कहा कि विवेक एक आदर्श शिक्षक, संवेदनशील पत्रकार एवं जुझारू अधिवक्ता थे। उन्होंने कम उम्र में ही पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका




निभाई। उनके सहयोगी शिक्षक विमल कुमार सिंह ने बताया कि उनकी स्मृति में स्थापित विवेक कुमार सिन्हा स्मृति संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि उनके विचारों और आदर्शों को आगे बढ़ाया जा सके। शुभनारायण पाठक ने कहा कि विवेक सबसे पहले एक सच्चे इंसान थे और उनकी आत्मीयता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी। इस अवसर पर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में कुल 10 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में विमल कुमार सिंह, राकेश कुमार, शुभम कुमार, शुभम ओझा, अविनाश कुमार, अभिनव वशिष्ठ, सरोज कुमार, प्रकाश पासवान एवं सोहैल खान शामिल रहे। कार्यक्रम में उज्ज्वल सिन्हा, दीपांकर सिन्हा, अखौरी सुशील सिन्हा, रणवीर सिंह, अर्जुन, पप्पू पासवान, सूर्यकांत पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, धीरज पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आर्यन गोलीकांड का आरोपी अरेस्ट, युवक को दोनों पैर में गोली मारी, लड़की का वीडियो वायरल करने की धमकी दी

**हाजीपुर।** पुलिस ने आर्यन गोलीकांड का खुलासा कर दिया है। दो दिन पहले नगर थाना क्षेत्र के गदनिया चौक पर एक युवक के दोनों पैरों में गोली मारने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना एक लड़की का वीडियो वायरल करने की धमकी देने के कारण हुई थी। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि इस मामले में प्रिंस नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। प्रिंस ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि घायल आर्यन कुमार, घटना में शामिल एक आरोपी के घर की लड़की का वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसी बात को लेकर आर्यन और लड़की के परिवार वालों के बीच विवाद हुआ था। घटना से लगभग एक घंटे पहले दोनों पक्षों के बीच एक पंचायत भी हुई थी, लेकिन बात नहीं बन पाई। इसके बाद राहुल कुमार और आदर्श कुमार ने आर्यन के दोनों पैरों में गोली मार दी और फरार हो गए। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि आर्यन को गोली मारने का उद्देश्य उसे केवल डराना था, ताकि वह वीडियो वायरल न करे। गोली मारने का इरादा जान से मारने का नहीं था। फिलहाल, पुलिस राहुल कुमार और आदर्श कुमार सहित अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घायल आर्यन कुमार का इलाज जारी है।

### मध्याह्न भोजन में कीड़े मिले, बच्चों ने हंगामा किया, वैशाली में एनजीओ ने बिस्किट बांटे, मामले की जांच शुरू



**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय खजवत्ता में मध्याह्न भोजन में कीड़े मिलने के बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया। घटना के बाद, मध्याह्न भोजन परोसने वाले एनजीओ ने बच्चों को वैकल्पिक भोजन के रूप में बिस्किट बांटे। इस घटना ने एनजीओ और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह पहली बार नहीं है जब मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। पूर्व में भी कई बार भोजन में कीड़े या छिपकली मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन अक्सर खाने योग्य नहीं होता, फिर भी बच्चे उसे किसी तरह खाते हैं। बुधवार को प्रतिदिन की तरह एनजीओ द्वारा मध्याह्न भोजन भेजा गया था। जब बच्चे दोपहर के भोजन के लिए बैठे, तो उन्हें अपने खाने में कीड़े दिखाई दिए। इसके बाद बच्चों में गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। स्कूल के शिक्षकों ने तुरंत बच्चों को शांत कराया और घटना की जानकारी मध्याह्न भोजन परोसने वाली शक्ति एकता फाउंडेशन (एनजीओ), बिदुपुर को दी। गर्मी के कारण बिहार के सभी शैक्षणिक संस्थान सुबह की पाली में चल रहे हैं। सरकारी स्कूल सुबह 06:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होते हैं, जिसमें छात्रों का लंच टाइम सुबह 09:00 बजे से 09:40 बजे तक होता है। सूचना मिलने के बाद एनजीओ के प्रतिनिधि तुरंत स्कूल पहुंचे और सुबह 10:51 बजे बच्चों को बिस्किट बांटे, जिससे उन्होंने अपनी भूख मिटाई। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष भारद्वाज ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है और मामले की गहन जांच कराई जा रही है।

### वैशाली में बिजली तार पर मिला किसान का शव, परिजन बोले-करंट लगने से मौत दिखाने की कोशिश



**हाजीपुर।** वैशाली में 45 वर्षीय किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को बिजली के तार से घिरे खेत में फेंक दिया, ताकि इसे करंट लगने से हुई मौत दिखाया जा सके। घटना मंगलवार देर शाम पातेपुर थाना क्षेत्र के नीरपुर कुसाही गांव में हुई। मृतक की पहचान स्व. गेना राय के बेटे देवेंद्र राय(45) के रूप में हुई है। मंगलवार देर शाम तक जब देवेंद्र राय खेत से घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने परिजनों को बताया कि उनकी मौत करंट लगने से हुई है। परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने शव को महेंद्र राय के खेत में पड़ा पाया। यह खेत बिजली के तारों से घिरा हुआ था। परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए आशंका जताई है। मृतक देवेंद्र राय अपने दो भाइयों में सबसे बड़े थे और उनकी एक बेटी है। उनके भतीजे पवन कुमार ने बताया कि देवेंद्र राय भूसा लेने के लिए घर से करीब 4 किलोमीटर दूर अपने खेत गए थे। पवन कुमार ने यह भी बताया कि हाल ही में देवेंद्र राय ने जमीन खरीदी थी, जिसे लेकर गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था। परिजनों ने इस जमीन विवाद को हत्या का संभावित कारण बताया है। पवन के अनुसार, मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी जख्म का निशान नहीं है। उन्हें आशंका है कि गला दबाकर हत्या की गई है और फिर शव को यहां फेंका गया है। घटना की सूचना मिलते ही पातेपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी की है। हालांकि, पातेपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने प्रारंभिक तौर पर बताया कि किसान की मौत करंट लगने से हुई है।

### परिजन पर जबरन शादी और पति पर दुष्कर्म का आरोप, शादी के 2 महीने बाद घर से भागी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 18 वर्षीय युवती ने अपने ही परिजनों पर जबरन शादी कराने और पति पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पीड़िता ने अहियापुर थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता के अनुसार, 1 फरवरी को उसके जीजा और मामा ने मां की सहमति लेकर उसे घूमाने के बहाने मंदिर ले गए, जहां उसकी मर्जी के खिलाफ सहदुल्लाहपुर राघोपुर निवासी युवक से जबरन शादी करा दी गई। युवती का आरोप है कि यह शादी मोटी रकम लेकर कराई गई। शिकायत में बताया गया है कि शादी के बाद 5 और 6 फरवरी को आरोपी पति ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की और जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वह उसे लगातार घर में बंधक बनाकर रखा गया और प्रताड़ित किया जाता रहा। करीब दो महीने तक उत्पीड़न झेलने के बाद 31 मार्च को युवती किसी तरह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपनी दूसरी बहन के घर पहुंची। इसके बाद उसने अहियापुर थाने में आवेदन देकर पूरे मामले की जानकारी दी। मामले में अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि एक युवती ने आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे लाइन के पास मिली लाश, घर से बिना बताए निकला था मैकेनिक, ट्रेन से कटने की आशंका

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में आमगोला रेल ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति का शव मिला। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान मिठनपुरा दास कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय सुरेश कुमार दास के रूप में की गई है। बुधवार सुबह रेल लाइन किनारे शव मिलने की सूचना पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। मृतक के परिजन मिथलेश दास ने बताया कि सुरेश कुमार दास मंगलवार रात घर से बिना बताए निकल गए थे। वे कहां जा रहे थे, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। उन्होंने बताया कि मृतक कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और पहले गैरेज में काम करते थे, लेकिन फिलहाल कोई काम नहीं कर रहे थे। उनके दो बेटे हैं, जो बाहर रहते हैं। परिजनों के अनुसार, बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि उनके परिजन का शव रेल लाइन के पास पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने शव की पहचान की। स्थानीय निवासी किशन कुमार और राजा कुमार के अनुसार, ओवरब्रिज होने के बावजूद लोग अक्सर रेल लाइन पार करते हैं, जिससे यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। मामले में आरपीएफ के कांस्टेबल शिवचंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से गिरने या ट्रेन की चपेट में आने का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पटना में रिटायर्ड एसबीआई मैनेजर से 95 लाख की ठगी

## फेसबुक पर लड़की ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर फंसाया, फर्जी ट्रेडिंग ऐप से बनाया शिकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। साइबर थाना पटना में दर्ज शिकायत के मुताबिक एसबीआई के रिटायर्ड गृह ऋण शाखा के मुख्य प्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिन्हा से इन्वेस्टमेंट के नाम पर 95 लाख रुपए की ठगी हुई है। आरोपी ने खुद को कंपनी की CEO बताकर फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए उन्हें जाल में फंसाया। उन्होंने साइबर थाना पटना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

आवेदन के मुताबिक, अमरेंद्र कुमार सिन्हा 31 अगस्त 2024 को एसबीआई से रिटायर हुए थे। इस दौरान उन्हें अच्छी खासी रकम मिली। इस रुपए को किसी अच्छी जगह पर निवेश करने की उनकी मंशा थी। रिटायरमेंट के बाद वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगे।



इस दौरान फेसबुक पर आए "वेपलोग" नाम के ऐड पर उन्होंने क्लिक किया। इसके बाद उनकी बातचीत साक्षी अग्रवाल नाम की युवती से शुरू हुई। उसने खुद को मुंबई की VV कंस्ट्रक्शन की CEO बताया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। दोनों ने व्हाट्सएप नंबर, आधार कार्ड और एक दूसरे की तस्वीर आपस में शेयर किया।

एक दूसरे के बीच नजदीकी बढ़ाने के बाद साक्षी अग्रवाल ने अमरेंद्र कुमार सिन्हा को Polyus Finance Pic प्लेटफार्म में निवेश करने की सलाह दी। फिर 25.8.2025 को अमरेंद्र अग्रवाल ने साक्षी के जरिए पहले ट्रेडिंग में 43000 रुपए निवेश किया। इसके बाद पहली निकासी 2 सितंबर 2025 को 1978 रकम की निकासी भी कराई गई, जिससे भरोसा बढ़ता गया। अमरेंद्र अब साक्षी अग्रवाल के बताए अनुसार ट्रेडिंग करते चले गए। अमरेंद्र के मुताबिक, दो बार साक्षी अग्रवाल ने वीडियो कॉलिंग के जरिए बातचीत की। इसके अलावा अधिकतर बातचीत व्हाट्सएप चैटिंग के जरिए हुई। इस दौरान ट्रेडिंग होती गई और 31 अक्टूबर 2025 को एसेट्स वैल्यू 3 लाख 50 हजार तक पहुंच गई। अमरेंद्र के मुताबिक, 1 नवंबर 2025 को अमरेंद्र ने अपने एसेट्स से 1 लाख निकासी के लिए प्रयास किया।

# पटना में विवाहिता पर गर्म दूध फेंका, बेहरमी से पीटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना जिले के नेउरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेउरागंज में एक विवाहिता के साथ दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला के साथ मारपीट कर उस पर गर्म दूध फेंककर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनके गले से मंगलसूत्र, कान का झुमका और पायल भी छीन लिया। पीड़िता पूनम देवी के अनुसार, घटना बीती रात करीब 1 बजे की है। वह अपने पति निप्पू कुमार के साथ कमरे में सो रही थीं, तभी गोतनी ममता देवी, ससुर श्याम पुकार चौधरी, सास सीता देवी, ननद आरती कुमारी और प्रिया कुमारी तथा देवर गुड्डू कुमार ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर पूनम की बेरहमी से पिटाई की और उन पर गर्म दूध फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पूनम ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उन पर मायके से पैसे लाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती थी। घटना के समय उनके पति भी मौजूद थे, लेकिन डर के कारण उन्होंने कोई विरोध नहीं किया। पीड़िता के पिता कमलेश चौधरी ने बताया कि दिसंबर 2020 में हिंदू रीति-रिवाज से बेटी की शादी की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज के लिए परेशान कर रहा था। कभी 50 हजार रुपए तो कभी मोटरसाइकिल के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की जाती थी। उन्होंने बताया कि कई बार समझौते के बावजूद स्थिति नहीं सुधरी। पूनम के दो छोटे बच्चे भी हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

## रेलवे टीटी के घर दिनदहाड़े चोरी, 10 लाख से अधिक के जेवर-नकदी ले उड़े चोर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। चोरों ने रेलवे टीटी के बंद घर को निशाना बनाते हुए 10 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और 20 हजार रुपये नकद उड़ा लिए। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं।

**2 घंटे में साफ कर दिया घर:** पीड़ित रेलवे टीटी विनोद प्रसाद सिन्हा पटना जंक्शन पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी रीता देवी दोपहर में घर में ताला लगाकर बाहर गई थीं। करीब दो घंटे बाद जब वह लौटीं, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर देखा कि गोदरेज अलमारी का सेफ भी तोड़ा जा चुका था। उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नकद गायब थे।

**CCTV खंगाल रही पुलिस, FSL टीम कर रही पड़ताल:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से जांच शुरू की। आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान हो सके।

**कुम्हरार के पास की घटना, केस दर्ज:** थाना प्रभारी राजेश कुमार झा ने बताया कि घटना कुम्हरार के नजदीक हुई है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच में जुटी है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्यव्यापी ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित

## चार स्तरीय कचरा पृथक्करण अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** देश में 01 अप्रैल से लागू नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिहार स्टेट प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा एक राज्यव्यापी ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से नगर निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किया जा रहा है, ताकि शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाया जा सके। आज आयोजित प्रशिक्षण सत्र में राज्य के सभी नगर निकायों, थोक कचरा उत्पादकों, सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों, जिला समन्वयकों तथा जिला परिषद के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को भी इस प्रशिक्षण में आमंत्रित किया गया।




इस सत्र में कुल 751 प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी दर्ज की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पर्षद् के अध्यक्ष डा. डीके शुक्लाने कहा कि नई नियमावली 2016 के पुराने प्रावधानों की जगह लागू की गई है और यह 1 अप्रैल से प्रभावी हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियमावली केवल कचरा संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि डेटा आधारित निगरानी, जवाबदेही और संसाधन प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इसका मुख्य उद्देश्य कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलकर चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

नए नियमों के तहत स्रोत स्तर पर ही ठोस अपशिष्ट का चार स्तरीय पृथक्करण अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही थोक कचरा उत्पादकों की जवाबदेही तय करते हुए उन्हें अपने परिसर में ही 100 प्रतिशत गीले कचरे का प्रसंस्करण करना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में उन्हें विस्तारित उत्पादक दायित्व (ईपीआर) प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने सिविल अपील संख्या 6174/2023 में 19 फरवरी 2026 को दिए गए अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि इन नियमों की अनदेखी केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं मानी जाएगी, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त, सेन्ट्रल प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा संचालित एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूरे देश, राज्य और जिला स्तर पर कचरा प्रबंधन की निगरानी की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकेगी। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन पर्षद् के वैज्ञानिक नलिनी मोहन सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को नियमावली के विभिन्न प्रावधानों, तकनीकी पहलुओं और उनके क्रियान्वयन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# ढाबे में टोकन सिस्टम से चल रहा था सेक्स रैकेट, मुजफ्फरपुर में 2 महिलाएं गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने बुधवार को सेक्स रैकेट की सूचना पर एक ढाबे पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ढाबे के मैनेजर मिथलेश कुमार और लाइनर अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, ढाबा महिला फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामला गरहां थाना क्षेत्र के पटियासा पेट्रोल पंप के पास स्थित मोहिनी ढाबे का है। ढाबे से दो महिलाओं को भी गिफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिलाओं ने पुलिस को बताया कि होटल के मैनेजर ने आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर जबरन देह व्यापार करवाता था।

**सुनियोजित तरीके से चल रहा था देह व्यापार:** टाउन-2 SDPO विनीता सिन्हा और ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम मिलकर ढाबा में रेड की। जांच में पता चला कि ढाबे में देह व्यापार सुनियोजित तरीके से चल रहा था। ग्राहकों को



एंट्री के लिए टोकन दिए जाते थे और लेन-देन का हिसाब एक रजिस्टर में मेंटेन किया जाता था। इससे यह साफ होता है कि सेक्स रैकेट का धंधा लंबे समय से संगठित रूप में संचालित किया जा रहा था।

**महिलाओं से जबरन कराया जाता था देह व्यापार:** पुलिस की टीम जैसे ही छापेमारी करने पहुंची तो ग्राहक और कुछ अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि टीम ने दो महिलाओं को मौके से पकड़ा है। महिलाओं से पुलिस को बताया कि ढाबे के मैनेजर हमलोगों से जबरन देह व्यापार करवाता है।

**बोलीं- अश्लील वीडियो बनाकर मैनेजर गंदा काम करवाता था**

**बाकी आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी:** सिटी SP मोहिबुल्ला अंसारी ने बताया कि हमें दोपहर में सूचना मिली कि एक ढाबे में सेक्स रैकेट चल रहा है। हमने टीम का गठन किया। रेड के दौरान 2 महिलाओं को बरामद किया है। महिलाओं ने बताया कि मैनेजर ने धोखे से हमारा गलत वीडियो बना लिया था। वो उस वीडियो को दिखाकर हमें ब्लैकमेल करता था। मैनेजर कहता था कि मैं जैसा कहूं करो नहीं तो तुम्हारा वीडियो वायरल कर दूंगा। महिलाओं ने बताया कि बदनामी के डर से वो चुप रही और ये करती रहीं। मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य संलिप्त लोगों की पहचान कर ली गई है, जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

# पशुपति पारस अस्पताल में भर्ती चिराग को देखते ही गले लगाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की तबीयत अचानक खराब हो गई। सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद उन्हें पटना के कंकड़बाग में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनका इलाज कर रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। चिराग पासवान अपने चाचा के बीमार होने की सूचना पर उनसे मिलने पहुंचे। अस्पताल के बेड पर लेटे पशुपति पारस ने जैसे ही चिराग को देखा वो भावुक हो गए। उन्होंने अपने भतीजे को गले लगा लिया।

**चिराग बोले- वे मेरे पिता की तरह हैं:** चिराग पासवान ने कहा कि 'पशुपति पारस उनके लिए पिता समान हैं। मैं यहां एक राजनेता के तौर पर नहीं, बल्कि एक बेटे के तौर पर अपने अभिभावक का हाल जानने



आया हूं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन परिवार में भले ही वैचारिक मतभेद रहे हों, सेहत और पारिवारिक रिश्तों के मामले में हम सब एक हैं। वे मेरे अभिभावक हैं और इस समय उनके साथ होना मेरा धर्म है।' चिराग पासवान ने अस्पताल में डॉक्टरों की टीम से भी चाचा की तबीयत को लेकर बात की। चिराग ने अपने X अकाउंट से चाचा से मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर कर उनके स्वस्थ होने की कामना की है।

बता दें कि साल 2021 के बाद से लोक जनशक्ति पार्टी दो हिस्सों में बंट गई थी, जिसमें एक गुट की कमान पारस ने संभाली, जबकि

◆ **केंद्रीय मंत्री बोले- वो पिता की तरह हैं, राजनीति अपनी जगह रिश्तों में हम सब एक हैं**

चिराग पासवान ने अपनी अलग पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बनाई। राम विलास पासवान के निधन के बाद चिराग पासवान और पशुपति पारस के रिश्तों में खटास आ गई थी।

**चाचा और भतीजे का था पॉलिटिकल विवाद:** 28 नवंबर 2000 को रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी बनाई थी। 2020 में रामविलास का निधन हुआ। चिराग पासवान और पशुपति पारस पार्टी की कमान को लेकर आमने-सामने आ गए। 14 जून 2021 को लोक जनशक्ति पार्टी (LJP) टूट गई। पारस गुट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग को सभी पदों से हटा दिया।

# 2552 हज यात्रियों का फ्लाइट शिड्यूल जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार के 2552 हजयात्रियों का फ्लाइट शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उनकी रवानगी 18 अप्रैल से 21 मई के बीच देश के 8 एयरपोर्ट से होगी। इस बार गयाजी एयरपोर्ट से हजयात्रियों की रवानगी नहीं होगी, क्योंकि 97 लोगों ने ही यहां से जाने का ऑप्शन चुना था।

बिहार के 360 हज यात्रियों का पहला जत्था 18 अप्रैल को कोलकाता, दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से रवाना होगा। इनमें पटना जिले के करीब 100 लोग हैं। कोलकाता से सुबह 8:20 बजे, मुंबई से सुबह 6:30 बजे और दिल्ली से 10:35 बजे विमान टेकऑफ करेगा। इससे पहले हज यात्रियों



के लिए बुधवार को हज भवन में सामूहिक दुआ होगी। बिहार में चल रही राजनीतिक हलचल की वजह से इसमें कौन नेता शामिल होंगे, यह तय नहीं हो सका है। पिछले 20 साल से नीतीश कुमार शामिल होते रहे हैं।

बिहार के 2552 में से 1698 हजयात्री मदीना जाएंगे और उनकी वापसी जेद्दाह एयरपोर्ट से होगी।

# स्कूली बच्चों ने अग्नि सुरक्षा का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में जिला अग्निशमन विभाग ने 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के दूसरे चरण के तहत जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को आग से बचाव के उपायों और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम जिला अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। अभियान में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, बड़ी संख्या में अग्निशमन कर्मियों और महिला शिल्प कला की छात्राओं ने भाग लिया। जागरूकता अभियान की शुरुआत मुजफ्फरपुर अग्निशमालय परिसर से एक प्रभात फेरी के साथ हुई। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में अधिकारी, अग्निशमन कर्मी और छात्राएं अग्नि सुरक्षा से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लिए हुए थे। अधिकारियों ने रास्ते में दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को अग्नि सुरक्षा का महत्व समझाया। इस दौरान विभाग



की ओर से विशेष पंपलेट भी वितरित किए गए। इन पंपलेट में आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई थी।

**अग्नि सुरक्षा-जीवन रक्षा के नारे लगाए:** यह प्रभात फेरी शहर के प्रमुख मार्गों जैसे बनारस बैंक चौक, टावर चौक, गांधी चौक, बाबा गरीब नाथ मंदिर, साहू पोखर और पुरानी बाजार सब्जी मंडी से होते हुए वापस अग्निशमालय पहुंची। इस आयोजन में जिला अग्निशमन पदाधिकारी, सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी और सहायक अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जागरूकता रैली में महिला शिल्प कला की छात्राओं की भागीदारी विशेष रही। छात्राओं ने 'अग्नि सुरक्षा-जीवन रक्षा' के नारे लगाए और लोगों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र रखने के लिए प्रेरित किया। विभाग के कर्मियों ने भी अपनी पेशेवर वर्दी में मार्च करते हुए अनुशासन और तत्परता का प्रदर्शन किया।

**सुरक्षा के संदेश लोगों तक पहुंचाने की अपील:** जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का मूल उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जन-जन तक सुरक्षा का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और सही जानकारी से बड़ी से बड़ी आगजनी की घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने कार्यस्थलों और घरों में बिजली के उपकरणों और रसोई गैस के इस्तेमाल में सावधानी बरतें।

## संक्षिप्त समाचार

### दुम्बीसाई गांव में एनएसएस विशेष शिविर का समापन, कंचनलता गगराई बनीं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक



**पश्चिमी सिंहभूम।** महिला कॉलेज चाईबासा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बीएड यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को दुम्बीसाई गांव में हुआ। यह शिविर 09 से 15 अप्रैल तक आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. परशुराम सियाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएसएस वॉलंटियर्स ने शिविर के दौरान किए गए छह दिनों के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. परशुराम सियाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविरों से स्वयंसेवकों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास होता है। उन्होंने युवाओं से समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझने और उसे निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अर्पित सुमन ने बताया कि शिविर के दौरान वॉलंटियर्स ने स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए दलपत देवगम, महिला समिति, आंगनबाड़ी केंद्र और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान बीएड सत्र 2023-25 की छात्रा कंचनलता गगराई को 'बेस्ट एनएसएस वॉलंटियर' चुना गया और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य सक्रिय स्वयंसेवकों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. मीनाक्षी मुंडा, डॉ. अंजना खलखो, मानकी दलपत देवगम, मोबारक करीम हाशमी, सितेंद्र रंजन सिंह और मदन मोहन मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पत्नी से विवाद में नाराज युवक ने रचा गायब होने का ड्रामा

**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी स्थित डोबो पुल पर मंगलवार देर रात लावारिस हालत में मिली स्कूटी के मामले ने बुधवार सुबह एक नया और चौंकाने वाला मोड़ ले लिया। जिस युवक को लेकर पुलिस और परिजन पूरी रात स्वर्ण रेखा नदी में खोजबीन करते रहे, वह युवक सुरक्षित साकची में मिला। इस घटना ने न केवल पुलिस महकमे को बल्कि पूरे शहर को रात भर उलझन और चिंता में डाले रखा। जानकारी के अनुसार, परसुडीह गोलपहाड़ी निवासी 26 वर्षीय अविनाश कुमार मंगलवार रात करीब 11 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। डोबो पुल पर उसकी प्लेजर स्कूटी, मोबाइल फोन और चाबी लावारिस हालत में मिलने के बाद परिजनों ने आशंका जताई कि उसने नदी में छलांग लगा ली है। सूचना मिलते ही सोनारी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों व स्थानीय लोगों के साथ रात भर टॉर्च की रोशनी में सुवर्णरेखा नदी में उसकी तलाश की जाती रही, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस सनसनीखेज घटना से इलाके में हड़कंप मच गया था। परिजन रो-रोकर बेहाल थे और हर कोई युवक की सलामती को लेकर चिंतित था। लेकिन बुधवार सुबह मामला पूरी तरह पलट गया। पता चला कि अविनाश पूरी रात साकची गुरुद्वारा के पास एक किराए के मकान में ठहरा हुआ था। वह गोविंदपुर में किराए के मकान में पत्नी के साथ रह रहा था और दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इसी पारिवारिक तनाव से नाराज़ होकर उसने यह पूरा ड्रामा रचा, जिससे ऐसा लगे कि उसने खुदकुशी कर ली है। इस घटना ने कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। एक ओर जहां पुलिस और स्थानीय लोग पूरी रात नदी में उसकी तलाश में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर युवक आराम से शहर में ही मौजूद था।

# रांची में 'टेस्ट ऑफ ट्रेडिशन' फूड फेस्टिवल, बंगाली-ओड़िया व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची में मेकॉन के इस्पात क्लब की ओर से 'टेस्ट ऑफ ट्रेडिशन' नामक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन 14 से 17 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। यह फेस्टिवल प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक इस्पात क्लब परिसर में आयोजित हो रहा है। मेकॉन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सीमांतिनी साहू ने बताया कि इस फेस्टिवल में बंगाली और ओड़िया व्यंजनों की समृद्ध परंपरा और विविधता को प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें पारंपरिक स्वाद और क्षेत्रीय व्यंजनों का विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। बंगाली व्यंजनों में बसंती पुलाव, लुची, शुक्तो, सरसों माछ और चिंगड़ी मलाईकरी जैसे लोकप्रिय पकवान शामिल हैं। वहीं ओड़िया व्यंजनों में दालमा, बेसरा के साथ-साथ चिकन कासा और मिष्टी दही जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, यह फूड फेस्टिवल सिर्फ खानपान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्वी भारत की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक पाक-कला को बढ़ावा देने का एक प्रयास भी है। इस आयोजन के माध्यम से रांची के लोगों को विभिन्न राज्यों के पारंपरिक स्वाद और संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस फूड फेस्टिवल का आनंद लें।

### झारखंड टेंडर घोटाला: आरोपित अभियंता संतोष कुमार ने अदालत में किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत




**एजेंसी। रांची**

झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में हुए टेंडर घोटाला मामले के आरोपित अधिशाषी अभियंता (एक्जीक्यूटिव इंजीनियर) संतोष कुमार ने बुधवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के तुरंत बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। अदालत ने संतोष कुमार को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए पासपोर्ट जमा करने और बिना अनुमति देश नहीं छोड़ने की शर्तें लगाई हैं। दरअसल, इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में प्रमोद कुमार सहित 14 अन्य आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपितों के खिलाफ समन जारी कर दिया है। मामले की जांच और कानूनी प्रक्रिया जारी है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब तक कई आरोपित आत्मसमर्पण कर चुके हैं और उन्हें जमानत मिल चुकी है। उल्लेखनीय है कि संतोष कुमार पर कमीशन वसूली और उसके बंटवारे की पूरी चेन में शामिल होने का आरोप है। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल के निर्देश पर कमीशन के रूप में लगभग 20 करोड़ रुपये की वसूली की।

# रांजाबुरु खदान परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों का 72 घंटे की भूख हड़ताल शुरू



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

जिले के गुवा क्षेत्र में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांजाबुरु खदान परियोजना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों का आंदोलन अब तेज हो गया है। बुधवार से दर्जनों ग्रामीण, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं, सेल गुवा जनरल ऑफिस के सामने 72 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। हक नहीं तो काम भी नहीं के नारे के साथ शुरू हुआ यह आंदोलन पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन से भारी मुनाफा कमाने के बावजूद सेल प्रबंधन स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में लगातार उपेक्षा कर रहा है। लंबे समय से मांग उठाने के बावजूद सिर्फ आश्वासन मिला, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीण अब निर्णायक लड़ाई के मूड में हैं। बताया गया कि 13 फरवरी को मुंडा-मानकी की अगुवाई में धरना दिया गया था, जबकि 27 फरवरी को थाली-कटोरा बजाकर विरोध जताया गया। इसके बावजूद जब 39 दिनों तक कोई पहल नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने भूख हड़ताल का रास्ता अपनाया। रोजगार के साथ-साथ ग्रामीणों ने खनन से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान को भी बड़ा मुद्दा बनाया है। उनका कहना है कि खदानों से निकलने वाली धूल, मिट्टी और लाल पानी खेतों को बंजर बना रहे हैं, वहीं कारो नदी भी प्रदूषण की चपेट में आ गई है, जिससे पीने के पानी तक का संकट गहरा गया है। इस आंदोलन का नेतृत्व सारंडा पीढ़ के मानकी सुरेश चाम्पिया कर रहे हैं। उनके साथ मुंडा सींगा सुरीन, बिरसा सुरीन, मंगता सुरीन, लालू चाम्पिया, गोमाई चाम्पिया, सोमा चाम्पिया, जेना बाड़ींग, लांगो चाम्पिया, ननिका सुरीन, मसूरी सुरीन और सोमवारी सुरीन समेत कई ग्रामीण सक्रिय हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 72 घंटे के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 20 अप्रैल से चक्का जाम कर खदान का काम पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।

### रांची में अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन, 46 निराश्रितों ने ग्रहण किया भोजन प्रसाद

**रांची।** परमहंस संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट, रांची द्वारा पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम परिसर में बुधवार को अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य निराश्रित, दिव्यांग एवं मंदबुद्धि लोगों को भोजन उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के तहत सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 46 निराश्रितों एवं उनकी देखभाल में लगे सेवादारों को विभिन्न व्यंजनों सहित भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। यह आयोजन समाजसेवी कविता गाड़ोदिया और उनके परिवार के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने जानकारी दी कि अब तक कुल 3230 निराश्रितों और सेवादारों के बीच भोजन प्रसाद वितरित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे पुण्य कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर कई समाजसेवियों ने खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(1st Call)

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-02/2026-27 दिनांक -11.04.2026

1. **Name of Work -** Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 70 and 90mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM-II Hand pump, PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basic in different rural habitation in Garhwa district for the year 2026-27.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GAR/SR/70 mtr-01 | 41 Nos | 36,85,592.00 | 74,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| GAR/SR/90 mtr-02 | 55 Nos | 56,04,555.00 | 1,12,500.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| GAR/SR/90 mtr-03 | 50 Nos | 50,95,050.00 | 1,02,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रका न की तिथि | 16.04.2026 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय– | 22.04.2026 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 23.04.2026 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम- ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,गढ़वा। | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2480345 | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.377500 Drinking Water and Sanitation(26-27):D


# झारखंड के 7 जिलों में 16-17 अप्रैल को गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। विभाग के अनुसार, 16 और 17 अप्रैल को राज्य के सात जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। जिन जिलों में बारिश के आसार हैं, उनमें देवघर, गिरीडीह, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं। हालांकि, राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम साफ और शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि आने वाले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। विशेष रूप से 17 से 19 अप्रैल के दौरान तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इस समय राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में प्रचंड गर्मी का असर देखा जा रहा है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुमला में सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही मौसम साफ रहा, जिससे लोगों को तेज गर्मी का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री और न्यूनतम 19.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान ऊंचा रहा। जमशेदपुर में अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39.8 और न्यूनतम 19.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 39.1 और न्यूनतम 19.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 39.4 और न्यूनतम 24.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने और आवश्यकतानुसार ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।


**वाक-इन-इंटरव्यू**
ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज में
अनुबंध के आधार पर स्कूल शिक्षक की नियुक्ति

**अधिसूचना संख्या : ईओ/स्कूल टीचर/कॉन्ट्रैक्चुअल/एमएलडीटी दिनांक: 15.04.2026**

निम्नलिखित विषयों में टीजीटी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक) के पद के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु नीचे दी गई तारीख और समय पर आयोजित होने वाले एक वाक-इन-इंटरव्यू के लिए पात्र और योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाता है। उम्मीदवारों को सीबीएसई के मानदंडों को अवश्य पूरा करना होगा एवं साथ ही उनके पास अपने विषय का गहरा ज्ञान और अच्छा संचार कौशल होना चाहिए। **पद का विवरण और इंटरव्यू की तारीख एवं समय :**

| तारीख और दिन | क्र. सं. | पद | पदों की संख्या | रिपोर्टिंग का समय |
|---|---|---|---|---|
| 24.04.2026 (शुक्रवार) | 1. | टीजीटी - प्योर साइंस | 1 | सुबह 8:00 बजे |
| | 2. | टीजीटी - बायो. साइंस | 1 | |
| | 3. | टीजीटी - अंग्रेजी | 2 | |
| 25.04.2026 (शनिवार) | 4. | टीजीटी - सोशल साइंस | 1 | सुबह 8:00 बजे |
| | 5. | टीजीटी - कंप्यूटर साइंस | 1 | |
| | 6. | टीजीटी - फिजिकल एजुकेशन | 1 | |

**1. पात्रता मानदंड:** स्नातक/स्नातकोत्तर बीसीए/एमसीए उम्मीदवार के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **बी.एड / बी.पी.एड** की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही, उम्मीदवार सीटीईटी/एसटीईटी उत्तीर्ण हो, इसी तरह के पद पर कार्य करने का अनुभव रखता हो, अंग्रेजी और हिंदी में अच्छा संचार कौशल हो और कंप्यूटर का ज्ञान हो। **2.** पात्र उम्मीदवार निर्धारित तारीखों पर इंटरव्यू के लिए स्कूल परिसर में उपस्थित हों। उन्हें अपने साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र एवं मूल दस्तावेजों के साथ उनकी फोटोकॉपी का एक सेट (सत्यापन के लिए) लाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। **3.** यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर रहा है, तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र जमा करना होगा। **4.** इंटरव्यू में शामिल होने के लिए किसी भी प्रकार का टीए/डीए (यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता) देय नहीं होगा। **5.** अधिक जानकारी के लिए, कृपया पूर्व रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **https://er.indianrailways.gov.in देखें -> "Divisions" section में जाएं->"Malda Division" सेलेक्ट करें-> "Departments" section खोलें->"Personnel Department" पर क्लिक करें->"Recruitment" section पर जाएं->वहां आपको "Contractual Teacher" (संविदा शिक्षक) से संबंधित अधिसूचना मिल जाएगी।**

**वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मालदा**
**पूर्व रेलवे**


### चक्रधरपुर रेल मंडल में डॉ. अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। 14 अप्रैल को अवकाश होने के कारण यह कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में प्रसिद्ध डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण से हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चक्रधरपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने उनके विचारों को अपनाकर एक समावेशी और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबासाहेब के विचारों को अपने जीवन में उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited (JBVNL)**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Retd. Office : By Pass Road, Sudna, Medininagar, 822102 e-mail :- gm_mdnjseb@yahoo.in
Telephone :- 06562-295539

**Very short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part -I Technical and Commercial and P art-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/PR/JBVNL/2026-27 | Sinking of one No. 125/115 mm dia tube well and allied works at 33/11 KV P/S/S, Bairiya under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 298700/– | 6000/– | 750.00+136.00 (GST 18%) = 886.00 | 02 Month |
| 2 | 28/PR/JBVNL/2026-27 | Sinking of one No. 125/115 mm dia tube well and allied works at 33/11 KV P/S/S, Kutmu under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 297600/– | 6000/– | 750.00+136.00 (GST 18%) = 886.00 | 02 Month |

| | |
|---|---|
| **Availability of tender document on website** | 16.04.2026 3:00 PM to 29.04.2026 at 4:00 PM |
| **Last date and time for bid submission/uploading** | 29.04.2026 at 4:00 PM |
| **Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)** | 30.04.2026 at 4:30 PM |
| **Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)** | Will be communicated later on |
| **Tendering Officer and address for communication** | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal **(jharkhandtenders.gov.in).**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

**Sd/-**
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Medininagar**

PR 377581 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | प्रथम तल | B-32 | 01 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | छतरपुर | भूतल | C-01, C-05, C-08, | 03 | 865.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | हरिहरगंज | भूतल | A-06, A- 07, A-12 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | नावाबाजार | भूतल | B-04, C-01, C-02, C -03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23 | 24 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | E-01 | 01 | 960.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 21 | 600.00-1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | मोहम्मदगंज | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12 | 07 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 10 | पाँकी (तेतराई) | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 11 | चैनपुर (चान्दो) | भूतल | A-01, A-02, A-03, A-04, A-05, A-06, A-07, A-08, A-09 A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18 A-19, A-20, A-21, A-22, A-23 | 23 | 800.00-910.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | कुल :– | | | 137 | | | |

* दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | दिनांक 18.04.2026 को अपराहन् 02:00 बजे तक |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | दिनांक 22.04.2026 अपराहन् 03:00 बजे तक |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 23.04.2026 को 12:00 बजे मध्याहन |
| 7. | डाक का स्थान :– | अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।
नोट 2:– दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
नोट 3:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,जिला परिषद, पलामू

PR 377552 District(26-27).D

# महिला सांसद का सनसनीखेज दावा- स्वयंभू बाबा अशोक खरात का हो सकता है मुठभेड़ में सफाया

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने मंगलवार को दावा किया कि बलात्कार के कई मामलों में गिरफ्तार स्वयंभू धर्मगुरु अशोक खरात को फर्जी मुठभेड़ में मारा जा सकता है।

इसके पीछे की वजह बताते हुए उन्होंने कहाकि अगर वह जिंदा रहा तो उससे जुड़े और भी नाम सामने आने की संभावना है। शिंदे ने यहां पत्रकारों से कहाकि मुझे लगता है कि खरात का मुठभेड़ में सफाया किया जाएगा। कारण स्पष्ट है, उससे जुड़े और भी नाम सामने आने की संभावना है। ये नाम भी सत्ता में बैठे लोगों से जुड़े हैं, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं।

**कुछ बुरा हो सकता है:** प्रणीति ने कहाकि और भी सबूत सामने आ सकते हैं, लेकिन उससे पहले उसके (खरात के) साथ कुछ बुरा हो सकता है। खरात को नासिक पुलिस ने तीन साल से अधिक समय तक एक महिला के साथ बार-बार बलात्कार करने के आरोप में 18 मार्च को गिरफ्तार किया था।





बाद की जांच में यौन शोषण, भूमि हड़पने और धोखाधड़ी के और भी मामले सामने आए। पिछले कुछ वर्षों में, कई प्रमुख नेता सिन्हार तहसील में खरात द्वारा निर्मित एक मंदिर में दर्शन करने गये थे। शिंदे के दावे पर महाराष्ट्र के मंत्री एवं भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि कुछ लोग जांच में सहयोग करने के बजाय निराधार दावे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दावे जांच की दिशा भटकाने का प्रयास प्रतीत होते हैं।

**पुलिस हिरासत में है खरात:** खरात फिलहाल पुलिस हिरासत में है। उसके खिलाफ अहिल्या नगर और नासिक शहर में 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से आठ यौन उत्पीड़न से जुड़े हैं। एसआईटी की प्रमुख एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी तेजस्वी सतपुते ने मंगलवार को बताया कि उनकी टीम ने अब तक 30 गवाहों और पीड़ितों के बयान दर्ज किए हैं। सतपुते ने संवाददाताओं को बताया कि पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने पीड़ितों और उनके परिवारों की आस्था का फायदा उठाया। पीड़ित परिवार के सदस्यों में मृत्यु का भय पैदा करके और पत्थर, इमली के बीज जैसी चीजों का इस्तेमाल करके तथा अनुष्ठान करके उसने उनसे पैसे वसूले।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खरात और उसकी संपत्तियों से कथित तौर पर जुड़े वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। सतपुते ने कहा कि एसआईटी ने खरात के खिलाफ मामलों की जांच के लिए 24-सदस्यीय विशेष दल का गठन किया है।

**दिव्य शक्ति के इस्तेमाल का दावा कर डराता था:** गौरतलब है कि यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार स्वयंभू धर्मगुरु एवं ज्योतिषी अशोक खरात के खिलाफ जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को कहाकि आरोपी ने 'दिव्य शक्ति' होने का दावा करके महिलाओं का यौन शोषण किया। जांचकर्ताओं के मुताबिक, खरात ने महिलाओं को भयभीत किया कि अगर वे उसकी बात नहीं मानेंगी तो उसकी 'दैवीय शक्तियों' के प्रभाव से उनके (महिलाओं के) परिवार के सदस्यों की मौत हो जाएगी या उन्हें वह बदनाम कर देगा। जांच के मुताबिक, खरात महिलाओं को अपने प्रभाव में लेने के लिए अनुष्ठान का सहारा लेता था और डराने-धमकाने तथा 'दिव्य आह्वान' के लिए पत्थर और इमली के बीज जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने 135वीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने देश के महान संविधान निर्माता के योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आज के भारत के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

इसके उपरांत श्री जयन्त चौधरी संसद भवन के सेंट्रल हॉल पहुंचे, जहां उन्होंने माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी की गरिमामयी उपस्थिति में बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब के जीवन और उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों को याद किया। श्री जयन्त चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी देश के युवाओं को आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समावेशी विकास और कौशल सशक्तिकरण के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके उपरांत, श्री जयन्त चौधरी ने सांसद राजकुमार सांगवान और चंदन चौहान के साथ अपने आवास पर डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### राजस्थान में बीएपी नेता के भाई की पीट-पीटकर हत्या, पुलिस मान रही प्रेम प्रसंग के कारण हुई घटना

**उदयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) नेता के भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वजन ने युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस इसे प्रेम प्रसंग के कारण हत्या मान रही है। सोमवार देर रात 28 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में झाड़ियों में मिला। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस की जांच में सामने आया है कि रात करीब 2 बजे बीएपी नेता को सरपंच प्रकाश का फोन आया था। सरपंच ने लोकेशन बताते हुए कहा कि तुम्हारा भाई झाड़ियों में पड़ा है। एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि फिलहाल सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और कॉल डिटेल खंगाली जा रही हैं। मृतक शादीशुदा था और उसके दो छोटे बच्चे हैं।

### वर्दी पहनकर धोखाधड़ी: शादी का झांसा देकर 60 महिलाओं को बनाया शिकार

**हैदराबाद, एजेंसी।** सीआईएसएफ कर्मी का रूप धरकर एक महिला और उसके परिवार को शादी के लिए धोखा देने के आरोप में एक 30 वर्षीय युवक को हैदराबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले का आरोपित सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संदिग्ध तरीके से फोटो खींचते हुए पैरामिलिट्री यूनिफार्म पहने पाया गया। उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों द्वारा रोका गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। वह एक तलाकशुदा महिला के साथ रिश्ते में था। उसने महिला से शादी करने की साजिश के तहत सीआईएसएफ कर्मी का रूप धरा था, जबकि उसने अपनी पहली पत्नी से अलगाव कर लिया था। आरोपित ने महिला के परिवार को बताया था कि वह हैदराबाद हवाई अड्डे पर सीआइएसएफ में तैनात है। अधिकारी ने कहा, उसने एक यूनिफार्म खरीदी और सोमवार को हैदराबाद हवाई अड्डे पर गया, जहां उसने अपने मोबाइल फोन पर फोटो खींचे। उसने ये फोटो महिला के परिवार को एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप से भेजे और यह दावा करने के लिए वीडियो कॉल भी किया कि वह सीआईएसएफ में काम कर रहा है और हवाई अड्डे पर तैनात है।

## घरवालों ने तय किया रिश्ता तो पानी की टंकी पर चढ़ गई लड़की, बुलाया गया प्रेमी; शाम होते-होते मांग पूरी



**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर उसे नीचे उतरवाया। देर शाम उनकी मंदिर में शादी कराई गई।

पुलिस के अनुसार, युवती का परिवार उसकी शादी कहीं और तय कर चुका था और घर में तैयारियां भी चल रही थीं। शादी की तारीख महज चार दिन बाद की बताई जा रही है। युवती ने प्रेमी से शादी के लिए कहा तो परिवारीजनों ने इंकार कर दिया था, जिसके बाद वह घरवालों ने नाराज होकर पानी की ऊंची टंकी पर चढ़कर विरोध जताने लगी। उसने कहा कि अगर उसकी शादी उसके प्रेमी से नहीं कराई गई तो वह खुदकुशी कर लेगी।

युवती के टंकी पर चढ़ने की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। काफी देर तक समझाने-बुझाने और धैर्यपूर्वक बातचीत के बाद पुलिस ने युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया। उसके परिवारीजन और प्रेमी को बुलाकर पुलिस ने बात की। पता चला कि दोनों बालिग हैं। ग्राम प्रधान की पहल पर दोनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया, जिसमें अंततः प्रेमी युगल की शादी के लिए सहमति बन गई। शाम को मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। एसपी साउथ दिनेश पुरी ने बताया कि युवती को समझाकर नीचे उतारा गया। दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया।

### झंगहा में भी शादी कराने को पानी की टंकी पर चढ़ी थी किशोरी

वहीं, कुछ दिन पहले गोरखपुर के झंगहा थाना क्षेत्र के राघोपट्टी पडरी गांव में भी ऐसी एक घटना सामने आई थी। वहां एक किशोरी अपने प्रेमी से शादी की जिद में पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। सूचना मिलने पर उसका प्रेमी भी मौके पर पहुंच गया था। वह भी पानी की टंकी पर चढ़ा और शादी का भरोसा दिया। इसके बाद ही वह नीचे उतरी। हालांकि लड़की के नाबालिग होने के चलते पुलिस ने प्रेमी पर केस दर्ज कर उसे जेल भेजवा दिया था। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी और युवक की मुलाकात हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान हुई थी।

## सीएम नायडू ने अमरावती क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटीज का उद्घाटन किया

**स्वदेशी हार्डवेयर इकोसिस्टम को मिलेगा बढ़ावा**

**अमरावती , एजेंसी।** अमरावतीः आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को अमरावती में क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए समर्पित मानक परीक्षण एवं अनुसंधान केंद्र एक्यूआरएफ का उद्घाटन किया. इसका उद्देश्य देश की पहली 'स्वदेशी हार्डवेयर पारिस्थितिकी' तैयार करना और उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है.

विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर लॉन्च किए गए अमरावती क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटीज (एक्यूआरएफ) में एसआरएम यूनिवर्सिटी में स्थित अमरावती 1एस और मेधा टावर्स में स्थित अमरावती 1क्यू शामिल हैं. यह परियोजना 'अमरावती क्वांटम वैली' पहल के तहत विकसित की गई है. इसे देश के पहले स्वदेशी 'ओपन-एक्सेस क्वांटम कंप्यूटर प्रणाली' के रूप में पेश किया गया है, जिन्हें देश में ही डिजाइन, असेंबल और परीक्षण किया गया है.



इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम नायडू ने कहा, 'देश की पहली क्वांटम रेफरेंस सुविधा का शुभारंभ, उन्नत तकनीकों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है और यह राज्य को क्वांटम इनोवेशन के केंद्र के रूप में स्थापित करता है. ' नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया, जिन्होंने भारत की 'पहली ओपन-एक्सेस' क्वांटम सुविधाओं के हिस्से के रूप में अमरावती क्वांटम वैली की स्थापना को प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि क्वांटम हार्डवेयर टेस्टबेड (परीक्षण मंच), क्वांटम उपकरणों के परीक्षण और प्रमाणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और उभरती हुई तकनीकों में देश की क्षमताओं को मजबूत करेंगे.

मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि यह पहल शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के लोगों और छात्रों को क्वांटम प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करेगी, जिससे वे क्वांटम तकनीकों के क्षेत्र में रिसर्च, विकास और नवाचार करने में सक्षम हो सकेंगे. उन्होंने कहा की कि जिस तरह बिजली ने औद्योगिक विकास को गति दी और इंटरनेट ने डिजिटल युग को शक्ति प्रदान की, उसी तरह क्वांटम तकनीक आधुनिक नवाचार को आगे बढ़ाएगी।

## तमिलनाडु में चुनाव प्रचार से राहुल गांधी की गैरहाजिरी से डीएमके गठबंधन की बढ़ी चिंता

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अपने दौरे की तारीखों की घोषणा में लगातार हो रही देरी से पार्टी की राज्य इकाई और उसके गठबंधन सहयोगी डीएमके की चिंता बढ़ गई है। गहन बातचीत के बाद 28 सीटें मिलने के बावजूद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अभी तक तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के लिए मैदान में नहीं उतरा है। ऐसे समय में जब प्रतिद्वंद्वी दलों ने आक्रामक और जोरदार प्रचार अभियान तेज कर दिया है, राहुल गांधी की अनुपस्थिति से कई उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के भीतर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं की ओर से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की भागीदारी के लिए दबाव बढ़ रहा है, जिन्हें पार्टी का सबसे बड़ा जनसमर्थक माना जाता है। नेताओं का मानना है कि उनकी उपस्थिति कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भर सकती है और चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में पार्टी की दृश्यता में सुधार कर सकती है।

तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई और अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी के आधार को सक्रिय करने के लिए राज्यव्यापी जनसंपर्क अभियान में लगे हुए हैं। हालांकि, पार्टी के भीतर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति की मांग बढ़ रही है, जिन्हें व्यापक रूप से पार्टी की चुनावी संभावनाओं को बढ़ाने में सक्षम माना जाता है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने अभी तक अपने तमिलनाडु दौरे की तारीखें तय नहीं की हैं। उनकी हिचकिचाहट कथित तौर पर तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के भीतर के मतभेदों से जुड़ी है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर बेचैनी पैदा कर दी है। इसी बीच, कांग्रेस नेता 16-18 अप्रैल को होने वाले प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास को लेकर भाजपा की मुखर आलोचना कर रहे हैं, जिससे संकेत मिलता है कि पार्टी का ध्यान संगठनात्मक मुद्दों और राजनीतिक संदेश के बीच बंटा हुआ है। इस देरी ने राहुल गांधी और डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन के बीच संबंधों में संभावित तनाव की अटकलों को और भी बल दिया है।

## मायावती ने एससी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण मांगा, 33 की जगह 50% करने की भी मांग

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने महिला आरक्षण बिल को लेकर बड़ा राजनीतिक दांव चला है। संसद के विशेष सत्र के दौरान पेश होने वाले इस बिल का स्वागत करते हुए मायावती ने मांग की है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत नहीं बल्कि उनकी आबादी के हिसाब से 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की मांग की है



**'आरक्षण में आरक्षण' की जोरदार मांग:** मायावती ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि देश में बहुजन समाज, खासकर दलित और पिछड़ी जातियों की महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने कहा, 'महिला आरक्षण की असली हकदार एससी-एसटी और ओबीसी समाज की महिलाएं हैं। यदि इस बिल में इन वर्गों के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई, तो सामंती ताकतों के कारण ये महिलाएं लाभ से वंचित रह जाएंगी।' उन्होंने कहा कि सर्व समाज की महिलाओं को अलग से आरक्षण दिए बगैर इसे लागू करने पर इसका पूरा फायदा मिलने पर लोगों को शंका है।।

**विरोधियों की 'जातिवादी' राजनीति पर प्रहार:** विरोधी दलों पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही जातिवादी पार्टियां साम-दाम-दंड-भेद का इस्तेमाल कर दलित वोट बैंक को लुभाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा कि इन खोखले वादों का दलित समाज पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन ईमानदारी से उन पर अमल नहीं किया जाता।

**बाबा साहेब और हिंदू कोड बिल का जिक्र:** इतिहास का हवाला देते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 'हिंदू कोड बिल' के जरिए महिलाओं को समान अधिकार देना चाहा था, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे स्वीकार नहीं किया। बाद में उसे 'आत्माविहीन' करके टुकड़ों-टुकड़ों में लागू किया गया। इसी विरोध के चलते बाबा साहेब को कानून मंत्री के पद से इस्तीफा तक देना पड़ा था। मायावती ने कहा कि जिस तरह बसपा के अनवरत संघर्षों के बाद मंडल आयोग ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, उसी तरह महिलाओं को भी उनका पूर्ण हक मिलना चाहिए।

**संकीर्ण मानसिकता त्यागने की अपील:** मायावती ने केंद्र सरकार से अपील की है कि महिलाओं की लगातार हो रही दयनीय स्थिति और उनके साथ होने वाली जघन्य वारदातों को देखते हुए, महिला आरक्षण को किसी भी संकीर्ण राजनीति से दूर रखा जाए। उन्होंने मांग की कि इस बिल को बिना किसी देरी के जल्द से जल्द और समावेशी तरीके से लागू किया जाए ताकि सर्वसमाज की महिलाओं को मुख्यधारा में आने का मौका मिल सके।

## पत्नी को किचन जाने से रोकना मानसिक क्रूरता, बॉम्बे हाई कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी?



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने पिछले हफ्ते एक अहम फैसले में कहा कि, किसी महिला को उसके अपने किचन में जाने से रोकना मानसिक क्रूरता है; जो उसके मौलिक अधिकारों और गरिमा के मूल पर चोट करती है। बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के लिए खाना बनाना सिर्फ एक रोजमर्रा का घरेलू काम नहीं है, बल्कि यह एक महिला की गरिमा, पहचान और वैवाहिक घर में उसके सही स्थान की अभिव्यक्ति है।

कोर्ट ने यह फैसला अकोला में रहने वाली एक महिला की ओर से नागपुर में रहने वाले अपने पति के खिलाफ दायर एक मामले की सुनवाई करते हुए सुनाया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति और सास ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, और उसके पति ने उसे किचन में जाने से रोक दिया, जिसके कारण उसे अपने मायके वापस लौटना पड़ा।

**किचन में ना जाने देना मानसिक क्रूरता:** वहीं, मामले में फैसला सुनाते हुए, जस्टिस उर्मिला जोशी फाल्के ने टिप्पणी की कि नागपुर में रहने वाले पति के खिलाफ लगाए गए आरोपों से पहली नजर में क्रूरता का एक स्पष्ट मामला बनता है। कोर्ट ने कहा, उसे किचन में जाने की भी इजाजत नहीं थी और उसे बाहर से खाना लाने के लिए कहा जाता था, और साथ ही यह भी जोड़ा कि इस तरह का बर्ताव मानसिक क्रूरता का अनुमान लगाने के लिए काफी है।

दरअसल, 29 नवंबर, 2022 को अपनी शादी के तुरंत बाद अकोला से दायर अपनी शिकायत में, महिला ने आरोप लगाया कि उसे बार-बार परेशान किया गया। उसकी शिकायत के अनुसार, उसका पति अक्सर झगड़ा करता था, उसके आने-जाने पर रोक लगाता था, और उसे अपने मायके जाने से रोकता था। उसने आगे दावा किया कि उसे खाना बनाने से रोका गया, बाहर से खाना मंगाने के लिए मजबूर किया गया, अपमानित किया गया, और तलाक लेने के लिए दबाव डाला गया; यहां तक कि कथित तौर पर उसका सामान भी घर से बाहर फेंक दिया गया।

**पति ने कहा-तलाक के जवाब में पत्नी ने दर्ज कराया मामला:** महिला की शिकायत के बाद, 2024 में पति और उसकी मां दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद एफआईआर को चुनौती देते हुए, पति ने तर्क दिया कि यह मामला उसकी तलाक की अर्जी के जवाब में दायर किया गया है और यह सामान्य, बिना किसी ठोस आधार के लगाए गए आरोपों पर आधारित है। हालांकि, अभियोजन पक्ष और शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि आरोप स्पष्ट रूप से लगातार मानसिक क्रूरता की ओर इशारा करते हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद, कोर्ट ने अभियोजन पक्ष का साथ दिया, और कहा कि पति के खिलाफ लगाए गए आरोप विशिष्ट हैं और मानसिक नुकसान पहुंचाने वाले जान-बूझकर किए गए बर्ताव की ओर संकेत करते हैं। इसके बाद कानूनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए, कोर्ट ने दोहराया कि धारा 498 के तहत क्रूरता में कोई भी ऐसा जान-बूझकर किया गया बर्ताव शामिल है। जिससे किसी महिला को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़े, या जिससे उसके जीवन, शरीर या मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर चोट या खतरा पहुंचे।

## वाट्सएप चैट विवाद: अभिषेक की पत्नी तक पर 'नजर' के आरोप से गरमाया चुनावी माहौल; निष्पक्षता पर उठाया सवाल

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए नया विवाद खड़ा कर दिया है। सार्वजनिक किए हैं, जिनमें दावा किया गया है कि आयोग ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुचिरा तक को निगरानी के दायरे में रखने के निर्देश दिए हैं। तृणमूल का दावा है कि इन निर्देशों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को छोड़कर पार्टी के सभी बड़े नेताओं, मंत्रियों और यहां तक कि अभिषेक की पत्नी को भी जांच के दायरे में रखने को कहा गया है।

पार्टी का आरोप है कि आयोग ने संदेशों में आशंका जताई है कि अभिषेक की पत्नी के जरिए धन का लेनदेन हो सकता है, इसलिए उनकी भी सघन जांच की जाए। तृणमूल का आरोप है कि इन चैट्स में पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया है कि पार्टी नेताओं और मंत्रियों की गाड़ियों की व्यापक तलाशी ली जाए। इतना ही नहीं, कथित तौर पर अभिषेक और उनकी पत्नी का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए धन के संभावित लेनदेन पर नजर रखने को कहा गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बाल तस्करी -जो बच्चे भविष्य थे, वही खतरे में

हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं।इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है।हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था।अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें।

### मामूली विवाद, सिर कलम,समाज की खतरनाक सच्चाई उजागर

बिहार के अररिया जिले में गुरुवार को मामूली कहासुनी के बाद सत्तू विक्रेता द्वारा चाकू से हमला कर एक वाहन चालक की हत्या कर देने और इसके उपरांत आक्रोशित भीड़ द्वारा आरोपी को पीट-पीटकर मार डालने की घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर हिंसक होती प्रवृत्ति को भी फिर से उजागर किया है।आखिर क्या वजह है कि किसी मामूली बात पर व्यक्ति को जान से मार देने वालों के हाथ जरा भी नहीं कांपते और न ही उनके चेहरे पर कानून का कोई खौफ नजर आता है! अगर कोई अपराध करता है, तो उसे सजा देने के लिए कानून और न्यायिक प्रक्रिया मौजूद है, भीड़ को यह अधिकार किसने दिया है कि वह सरेआम किसी को पीट-पीटकर मार डाले। इसे अराजकता नहीं तो और क्या कहा जाएगा? इस तरह की घटनाओं से पता चलता है कि हमारे सामाजिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों का क्षरण किस स्तर पर पहुंच गया है।देश भर में इस तरह की खबरें अक्सर आती रहती हैं कि किसी ने मामूली बात पर दूसरे व्यक्ति की हत्या कर दी। ऐसी घटनाओं पर गंभीरता से गौर किया जाए, तो यह बात निकलकर सामने आती है कि जिस विवाद पर किसी बड़े अपराध को अंजाम दिया गया, उसे धैर्यपूर्वक बातचीत से आसानी से सुलझाया जा सकता था। पुलिस के मुताबिक, अररिया की घटना के पीछे भी विवाद सिर्फ इतना था कि एक व्यक्ति ने अपना वाहन सत्तू बेचने वाले के ठेले के सामने खड़ा कर दिया था।इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और सत्तू विक्रेता ने वाहन चालक की हत्या कर उसका सिर काटकर अलग कर दिया। सवाल है कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पहले बीच-बचाव क्यों नहीं किया और जब हत्या कर दी गई, तो वही भीड़ हिंसक कैसे हो गई? इसकी एक वजह सुरक्षा एजंसियों का लापरवाह रवैया भी है, जिस कारण समाज के एक वर्ग में कानून का कोई भय नहीं है।

*ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है। आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं।*

## सुरों की आशा बनकर गूंजती रहेंगी आशा भोसले

**(ललित गर्ग)**

आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। 'अभी न जाओ छोड़ कर' जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे। 8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है। आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, चुरा लिया है तुमने, दिल चीज क्या है जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है। आशा भोसले का व्यक्तिगत जीवन जितना संघर्षमय रहा, उतना ही अदम्य साहस, जीवटता और आत्मविश्वास से भरा हुआ भी था। एक संगीत-साधक परिवार में जन्म लेकर उन्होंने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया, परंतु हर चुनौती को उन्होंने अपनी शक्ति में रूपांतरित किया। लता मंगेशकर जैसी विराट विभूति की छाया में रहते हुए भी अपनी स्वतंत्र पहचान बनाना उनके असाधारण व्यक्तित्व का प्रमाण है। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक आलोचनाओं और पारिवारिक जटिलताओं के बीच उन्होंने कभी अपने आत्मबल को क्षीण नहीं होने दिया। उनकी जिंदादिली, बेबाकी, हाजिरजवाबी और जीवन के प्रति उत्सवधर्मी दृष्टिकोण उन्हें केवल एक कलाकार नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणा बनाते हैं। वे हर परिस्थिति में मुस्कराते हुए आगे बढ़ने की उस दुर्लभ कला की प्रतीक थीं, जो साधारण मनुष्यों को असाधारण बना देती है। आशाजी की प्रतिभा को तीन मुख्य संगीतकारों ने निखारा एवं संवारा, जिनमें ओ.पी.नैय्यर, रवि और आर.डी. बर्मन मुख्य है। उनका एक गीत मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है, बहुत ही लोकप्रिय है।

## कुचलना होंगे देश में पनपते आतंकवादी समूह

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

वर्तमान परिस्थितियों से समूचा संसार जूझ रहा है। पाकिस्तान में हुई शान्ति वार्ता का विफल होना एक नये संकट का शंखनाद माना जा रहा है। ईरान संरक्षित हिजबुल्लाह, हूती, हमाज जैसी दहशतगर्द जमातें खुलेआम मिसाइल, ड्रोन और राकेट लांचर सहित अत्याधुनिक हथियारों से हमले कर रहे हैं। आतंक परस्त देशों के कवच में कट्टरपंथी जमातें दहशतगर्दों की फौजें तैयार करने में जुटे हैं। अमन, चैन, भाईचारे को गजवा-ए-दुनिया निगलती जा रही है। कहीं यहूदियों को समाप्त करने की धमकियां दी जा रहीं हैं तो कहीं हिन्दुओं को। ईसाई और पारसियों को भी निशाना बनाया जा रहा है। यह हालात दुनिया के साथ-साथ देश के अन्दर भी बेलगाम होते जा रहे हैं। अतीत गवाह है कि ईश निंदा के मनगढन्त आरोप लगाकर सर तन से जुदा करने वाली प्रायोजित भीड एकत्रित की जाती है और फिर पूर्व नियोजित षडयंत्र को अमली जामा पहना दिया जाता है। राष्ट्रविरोधी ताकतें सीमापार से मिलने वाले धन से कट्टरता को पोषित कर रहीं हैं, भय का वातावरण निर्मित कर रहीं है और बना रहीं है आन्तरिक युद्ध के हालात। देश के लगभग प्रत्येक शहर, कस्बे और गांव में वैमनुष्यता का जहर फैल चुका है जिसे खास धार्मिक स्थानों से निरंतर संरक्षण दिया जा रहा है। हर जगह अवसरवादियों की जमातें मौके की तलाश में हैं। किसी भी मनगढन्त मुद्दे को सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाकर देश भर में अशान्ति फैलाने के निरंतर प्रयास होते रहे हैं जिस पर उत्तरदायी तंत्र द्वारा हमेशा ही बेखबर होने का ढोंग रचा जाता रहा है। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करके मकान, दुकान, कारखाने लगाये जा रहे हैं। इन अवैध निर्माणों को सोची समझी योजना के तहत सकरी गलियों में बहुमंजिला इमारतें के साथ तैयार किया जाता है ताकि सुरक्षाबलों की आमद के दौरान आक्रमण की व्यूह रचना का लाभ उठाया जा सके। देश की लगभग हर बसाहट में खास झंडा लगाकर अपनी उपस्थिति, कट्टरता और एकता का सबूत देने वाले जुल्म की नई इबारत लिखने में लगे हैं जिस पर कार्यपालिका जानबूझकर मौन धारण रखे हुए है। इन अवैध परिसरों में अवैध ढंग से विद्युत, जल और शासकीय सुविधाओं का खुलकर निःशुल्क उपयोग हो रहा है। ऐसे लगभग सभी स्थानों पर स्थानीय निकायों ने सुविधाओं का अम्बार भी लगा दिया है। जनप्रतिनिधियों ने वोट बैंक के लिए अनेक अवैध निर्माणों को वैध कराना भी शुरू कर दिया है। इन स्थानों को अभेद किले के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है जो आने वाले समय में आक्रमण का केन्द्र बनेंगे। इन स्थानों पर भारी मात्रा में अवैध असलहे, गोला-बारूद और घातक संसाधन मौजूद होने की खबरें भी निरंतर आ रहीं हैं। धर्म के नाम पर उन्माद फैलाने वाली अनेक पाठशालाओं में जहरीली पौध तैयार की जा रही है। लगभग हर आबादी में ऐसे आतंकी संगठन मौजूद है जिन्हें खूनी खेल खेलने में महारत हासिल है। अनेक राजनैतिक दलों के कद्दावर नेताओं से लेकर लालफीताशाही की एक खास विरादरी खुलकर उनके साथ खडी दिखती है। नियम, कानून और कायदे केवल निरीह, गरीब और लाचार तक ही सीमित होकर रह गये हैं या फिर जुल्मी को बचाने हेतु संविधान की धारायें प्रयुक्त होतीं हैं। भीड तंत्र के आगे कार्यपालिका और विधायिका पूरी तरह नतमस्तक हो चुकी है। वोट बैंक बढाने की मानसिकता अब दावानल बनकर उभर चुकी है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

### वर्ग पहेली 6063




**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस क्रांतिकारी को भगतसिंह के साथ फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
4. पृथ्वी के ऊपर की सतह (3)
6. कथन, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच वार्तालाप (4)
8. अपना मतलब निकालने वाला, कुशल, चालाक (3)
9. किसी नगर या कस्बे में पहुंचने का प्रवेश स्थल (2)
10. किसी बड़े स्थान को घेरने के लिए लगया गया तंबू (4)
11. तलाश करने के किया जाने वाला प्रयत्न (3)
13. बेटी के बेटे को यह कहते है (2)
15. शिकस्त, पराजय, माता का अपभ्रंश (2)
16. धूल आदि साफ करने के लिए उपयुक्त होने वाली वस्तु (3)
17. बुलावा, उपस्थित होने के लिए जोर से बुलावा (3)
18. स्त्री जाति का प्राणी (2)
19. सख्त होने का भाव (2)
20. आसान, सरल, सामान्य, साधारण (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
2. उद्गार, धूल, गर्द (3)
3. ऋतु का अपभ्रंश (2)
4. बीता हुआ, अतीत, पिशाच, प्रेत (2)
5. छोटी लता को यह कहा जाता है (3)
7. मुख्यमंत्री (अंग्रेजी)(6)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
12. पद प्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
14. तीर से लक्ष्य को भेद करने वाला (4)
16. यह सेनेगल देश की राजधानी है, उर्ध्ववायु (3)
18. तीस दिनों का समय, मास (2)

### वर्ग पहेली 6062 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | ल्ल | भ | भा | ई | प | टे | ल |
| सी | | न | न | | ह | ल | क |
| य | म | क | | को | ला | र | |
| त | ला | | श | शि | | | आ |
| ना | या | ब | | श | ह | ना | ई |
| मा | | द | म | | म | ना | ना |
| | आ | ल | म | आ | रा | | |
| जा | ग | ना | | न | ज | रा | ना |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज नए प्रयोग और सीखने की ऊर्जा बनी रहेगी। कार्यस्थल पर मीटिंग और ट्रेनिंग में समय बीतेगा। व्यापार में विकास के अच्छे संकेत मिल सकते हैं। पारिवारिक मामलों में धैर्य रखना जरूरी होगा। धन प्राप्ति योग हैं। परिवार के साथ संतुलन बनाए रखें। सकारात्मक सोच के साथ दिन गुजारें। व्यापार में विकास और नई ऊर्जा का अनुभव होगा।

**वृष**

आज का दिन नई जिम्मेदारियों को स्वीकार करने का अवसर देगा। काम में आगे बढ़ने के लिए सही योजना और दृढ़ संकल्प जरूरी होगा।परिवार का सहयोग आपके कार्यों को आसान बनाएगा। धार्मिक गतिविधियों में रुचि और मानसिक संतुलन बना रहेगा। काम के क्षेत्र में कुछ तनाव या दबाव रह सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

**मिथुन**

आज सीखने और कौशल विकास में प्रगति होगी। अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। व्यावसायिक गतिविधियों से आर्थिक लाभ संभव है। जिम्मेदारियों का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। कुछ बाहरी जिम्मेदारियाँ उत्साह कम कर सकती हैं, इसलिए संतुलन बनाएं।

**तुला**

आज आपका ध्यान आय बढ़ाने और सफलता पाने पर रहेगा। छात्रों को शिक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। परिवार में खुशी और संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। छोटी पारिवारिक बातों को धैर्य से संभालें। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखकर दिन को बेहतर बनाएं। बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा।

**वृश्चिक**

आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आप अपनी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। सामाजिक संपर्क और पहचान बढ़ने के संकेत हैं। परिवार से जुड़ी छोटी चिंता मन में रह सकती है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं। वित्तीय मामलों में सतर्क रहें। सकारात्मक रहकर दिन का लाभ उठाएं।स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु**

आज काम और सेवाओं के प्रमोशन पर आपका फोकस रहेगा। आपके प्रयास भविष्य में अच्छे लाभ दिला सकते हैं। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा और जीवनशैली में सुधार होगा। दस्तावेजों और संपत्ति मामलों में सावधानी जरूरी है। वैवाहिक जीवन सहयोगपूर्ण और आरामदायक रहेगा। संपत्ति या दस्तावेजों से जुड़ी छोटी जटिलताएँ आ सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें।

**कर्क**

आज आर्थिक और संपत्ति संबंधी मामलों में मजबूती आएगी। सफलता के लिए अतिरिक्त प्रयास और धैर्य जरूरी रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और दर्द को नजरअंदाज न करें। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। भावनात्मक रूप से स्थिर रहें और परिवार की खुशियों पर ध्यान दें। अनावश्यक खर्च से बचें।

**सिंह**

आज आप कार्य व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देंगे। नई तकनीक और पुराने अनुभव का सही उपयोग करेंगे। पुराने ऋण या जिम्मेदारियों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना जरूरी होगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। परिवार के साथ संतुलन बनाए रखें। सकारात्मक सोच के साथ दिन गुजारें। कार्य व्यवस्था में सुधार होगा।

**कन्या**

आज आपकी पेशेवर स्थिति स्थिर और मजबूत रहेगी। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें निभाना होगा। परिवार का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगा। भविष्य को लेकर चिंता छोड़ सकारात्मक सोच रखें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर**

आज काम को आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। महत्वपूर्ण निर्णय भविष्य की प्रगति तय करेंगे। वाहन और स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानी जरूरी रहेगी। चिड़चिड़ापन हो सकता है, रिश्तों में संतुलन बनाए रखें। नई योजनाएं और महत्वपूर्ण निर्णय भविष्य के लिए लाभदायक साबित होंगे। वाहन और सांस से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न करें, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ**

आज व्यावसायिक कार्यों और समझौतों में व्यस्त रहेंगे। सफलता के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। गलतफहमी से बचने के लिए स्पष्ट संवाद रखें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। कुछ लोग आपके इरादों को गलत समझ सकते हैं, इसलिए स्पष्ट संवाद करें। भावनात्मक रूप से मजबूत रहें। दिन मेहनत भरा लेकिन फायदेमंद रहेगा। व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी।

**मीन**

आज आप सुख-सुविधाओं और निजी जीवन पर ध्यान देंगे। वित्तीय और विदेश संबंधी मामलों में सुधार के संकेत हैं। भावनात्मक दबाव रह सकता है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें और तनाव कम करें। दिन कुल मिलाकर सकारात्मक रहेगा। वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और घरेलू जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# धोनी ने चेपॉक पर किया अभ्यास, केकेआर के खिलाफ खेलने की संभावना

**चेन्नई (एजेंसी)।** कॉफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फिटनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फिट होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, उन्हें अभ्यास कराने वालों में टीम के बल्लेबाजी कोच माइक हसी भी शामिल थे।



जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जेस्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुकाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं।

उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं ष्रस्थ के घरेलू मुक़ाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिंग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवटर्न ने अपने खेल से फिनिशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

सीएसके के पास राजस्थान के विकेटकीपर कार्तिक शर्मा भी हैं जिन्हें उन्होंने दिसंबर में हुई नीलामी में 14.2 करोड़ में खरीदा था, इसके अलावा उनके पास गुजरात के विकेटकीपर उर्विल पटेल का विकल्प भी मौजूद है। पिछले कुछ सीजन में धोनी ने प्रति पारी अंतिम 10-12 गेंदें खेलकर उनका अधिक से अधिक उपयोग करने की भूमिका निभाई है। 2023 में उनका स्ट्राइक रेट 182 था और 2024 में उन्होंने 221 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी की थी। लेकिन पिछले साल उन्हें 145 गेंदों का सामना करना पड़ा जो कि 2023 (57) और 2024 (73) में खेली गई गेंदों को मिलाकर भी ज़्यादा था और इसके परिणामस्वरूप उनका स्ट्राइक रेट घटकर 135 का रह गया।

# अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा के 10-10 विकेट, पर्पल कैप अभी प्रसिद्ध के पास

**चेन्नई (एजेंसी)।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो



रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा के 10-10 विकेट हो गए हैं लेकिन पर्पल केप पर प्रसिद्ध का कब्जा है।

सीएसके के मध्यम तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिंदबरम स्टेडियम में खेले कल खेले गए मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर 2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए।

अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई (राजस्थान रॉयल्स) 9 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर 7 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया।

टीम इंडिया में बदलते समीकरण, इंग्लैंड दौरा होगा 'करो या मरो'

# फॉर्म से जूझ रहे सूर्या पर बढ़ा दबाव




**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के सामने अब असली चुनौती शुरू होती दिख रही है। हालिया समय में उनकी बल्लेबाजी में आई गिरावट ने चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट दोनों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। टीम इंडिया ने भले ही बड़े टूर्नामेंट में सफलता हासिल की हो, लेकिन व्यक्तिगत प्रदर्शन में निरंतरता की कमी अब सूर्यकुमार यादव के भविष्य पर सवाल खड़े कर रही है। सूर्यकुमार यादव के लिए जून-जुलाई में इंग्लैंड और आयरैंड दौरा सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि करियर का अहम मोड़ साबित हो सकता है। इस दौरे में उनकी कप्तानी से ज्यादा बल्लेबाजी पर नजर रहेगी, क्योंकि 2028 ओलंपिक और अगले टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टीम इंडिया में जगह अब पूरी तरह प्रदर्शन के आधार पर तय होगी।

## सूर्या के लिए खराब रहा 2025

सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा। उन्हें टीम में अपना स्थान बरकरार रखने के लिए अपने प्रदर्शन में हर हाल में निरंतरता लानी होगी। इस बीच, वैभव सूर्यवंशी का नाम टी20 टीम के लिए उन विशेषज्ञ खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया, जिन्हें राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने जून-जुलाई में आयरलैंड दौरे के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में चुना है। सूत्र ने लिखा, ''चयन समिति को पूरा विश्वास है कि वैभव तैयार है, लेकिन फिर आप संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और इशान किशन की बात कर रहे हैं। ये तीनों ही टी20 विश्व कप में अर्धशतक लगा चुके हैं। अगर आप चौथा ओपनर रखते हैं, तो यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं।''

## खराब फॉर्म के कारण उठे सवाल

सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लगे हैं कि क्या उन्हें 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इंग्लैंड दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं।

## कोच गंभीर की पहली पसंद हैं

सूर्यकुमार यादव अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति गौतम गंभीर से



सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने लिखा, ''सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें।

# पंजाब किंग्स के शानदार प्रदर्शन की सलमान ने की तारीफ

## प्रीति जिंटा को बधाई देते हुए कहा- टीम बहुत अच्छा खेल रही है



**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने सोमवार को एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को उनकी टीम पंजाब किंग्स के आईपीएल 2026 में अब तक के शानदार प्रदर्शन को लेकर बधाई दी। बता दें कि आईपीएल 2026 में पीबीकेएस का प्रदर्शन अब तक काफी शानदार रहा है। टीम फिलहाल 4 मैचों में 3 जीत और 1 बेनतीजा मैच के साथ 7 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सलमान ने लिखा, 'शाबाश जिंटा! बधाई हो जिंटा, टीम बहुत अच्छा खेल रही है।'

### फैंस को पुराने ट्वीट की याद आई

सलमान का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गया। दरअसल, फैंस ने इस ट्वीट की तुलना साल 2014 में किए गए सलमान के पुराने पोस्ट से की, जिसमें उन्होंने पूछा था, 'जिंटा की टीम जीती क्या?' सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इसे 12 साल बाद आया सबसे अच्छा सीक्वल बताते हुए फनी रिएक्शन दिए। वहीं, एक यूजर ने कहा, 'टाइगर जिंटा है।'

### दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया

सलमान खान और प्रीति जिंटा ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें चोरी चोरी चुपके चुपके, जान-ए-मन और हर दिल जो प्यार करेगा शामिल हैं।वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द फिल्म मातृभूमि में नजर आएंगे। वहीं इसके अलावा एक्टर जल्द ही दिल राजू के साथ एक फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी और इसका डायरेक्शन वामशी पेडिपल्ली करेंगे। वहीं, प्रीति जिंटा फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल, शबाना आजमी, अली फजल और करण देओल के साथ नजर आएंगी। फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान ने तैयार किया है और गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। प्रीति वाइब नाम के एक प्रोजेक्ट में भी नजर आएंगी।

# दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन



ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना हुआ है।

तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने बैडमिंटन यूरोप से कहा, जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया। उन्होंने कहा, दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

## ये बड़े क्रिकेटर्स पहले से ही लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्टीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा।

अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह



और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। लंबी कूद में हिस्सा लेने वाली शैली सिंह और एम श्रीशंकर तथा गोला फेंक की एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर को भी इस सूची में शामिल किया गया है।

तीरंदाजी से अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी, राकेश कुमार और मशहूर पैरा तीरंदाज शीतल देवी नाडा की इस सूची में शामिल हैं। हॉकी से मनप्रीत सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और हार्दिक सिंह के साथ-साथ महिला टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सविता पूनिया और नवनीत कौर भी इस सूची का हिस्सा हैं।

# सीएसके की लगातार दो जीत के बाद अश्विन ने गायकवाड़ को दी सलाह

## बल्लेबाजी दृष्टिकोण में करें बदलाव

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना ??है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में लगातार दो जीत से कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर दबाव कम होगा। उन्होंने इसके अलावा



खराब फॉर्म में चल रहे इस सलामी बल्लेबाज को पारी की शुरुआत में अपने दृष्टिकोण में थोड़ा बदलाव करने की सलाह भी दी। पांच बार की चैंपियन सीएसके ने शुरुआत में लगातार तीन हार झेली लेकिन इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शानदार वापसी की। अश्विन ने जियोस्टार पर कहा, कप्तान के तौर पर उन्हें दो जीत मिल चुकी हैं, जिससे वह सहज महसूस करेंगे। सच कहूं तो अगर मैं डगआउट में होता या रुतुराज गायकवाड़ होता तो ज्यादा चिंता नहीं करता। टी20 प्रारूप ऐसा है जहां आपको लगातार इरादा दिखाना होता है। गायकवाड़ रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 28 है। उनकी असफलता के कारण युवा आयुष म्हात्रे के संजू सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने की भी चर्चा बढ़ रही है।

# जीरो टॉलरेंस या खोखला वादा?

## ISL में कथित नस्लभेदी घटना ने खोली भारतीय फुटबॉल सिस्टम की पोल!

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग में फिर नस्लभेद का जिन्न सामने आया है, जिसने खेल प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेंगलुरु स्थित श्री कांतीरावा स्टेडियम में 11 अप्रैल को बेंगलुरु एफसी और केरल ब्लास्टर्स के बीच खेले गए ISL मैच में सेनेगल के डिफेंडर फालू नडियाये को स्थानीय दर्शकों की भद्दी नस्लभेदी टिप्पणियों का शिकार होना पड़ा। केरल ब्लास्टर्स ने वह मैच 2-1 से जीता था। केरल ब्लास्टर्स की कड़ी आपत्ति और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मामले को अपनी अनुशासनात्मक समिति को सौंप दिया। हालांकि, AIFF और बेंगलुरु एफसी दोनों ने नस्लभेद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन प्रशंसक अब ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में खेल के मैदान नफरत का अखाड़ा न बने।

### AIFF का दावा- हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति

बयान में कहा गया, ''AIFF नस्लवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल भी बर्दाशत न करने) की नीति अपनाता है। शिकायतों को एआईएफएफ की अनुशासन संहिता के अनुसार जांच के लिए अनुशासन समिति को भेज दिया गया है। अनुशासन समिति एक स्वतंत्र न्यायिक संस्था है। जब तक यह कार्यवाही चल रही है, तब तक एआईएफएफ इस मामले पर कोई और टिप्पणी नहीं करेगा।



## न्यूज बाइट्स

### एसपी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी गईं, जहां बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी शिकायतों को लेकर पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना तथा संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद, आपसी झगड़े, लंबित मामलों और अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़े आवेदन सामने आए, जिनके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस पहल से आमजनों को सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिला और प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ।

### अवैध खनन पर कार्रवाई दो हाईवा जब्त

**टंडवा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले में अवैध खनन और उसके परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आसूचना संकलन के आधार पर टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी टोला के पास छापेमारी करते हुए पुलिस ने अवैध मोरम लदे दो हाईवा वाहनों को जब्त किया है। टंडवा थाना पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कदम उठाया गया। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए दोनों वाहनों में बिना वैध कागजात के मोरम का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और इस तरह के कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर कोयल नहर परियोजना की समीक्षा, डीएम ने लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

# 36.557 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण पूर्ण शेष कार्य में तेजी लाने पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बुधवार को जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्मा की अध्यक्षता में उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की अद्यतन प्रगति, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान और विभिन्न स्तरों पर आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज–03 से पैकेज–11) शामिल हैं। कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 36.557 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष 4.694 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

अवशेष भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर बताया गया कि एनकेसीडी, औरंगाबाद अंतर्गत 2.4041 हेक्टेयर भूमि के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) पूरा कर धारा 11(1) के तहत 6 मार्च 2026 को अधिसूचना प्रकाशित की जा चुकी है और आगे की प्रक्रिया जारी है। वहीं एनकेसीडी, गया क्षेत्र में 2.16 हेक्टेयर भूमि में से 0.9591 हेक्टेयर का निष्पादन कर लिया गया है, जबकि शेष जमाबंदियों के निरस्तीकरण का मामला न्यायालय में लंबित है। प्रमंडलवार समीक्षा में बताया गया कि नवीनगर, मदनपुर, अम्बा, औरंगाबाद एवं गया प्रमंडलों में भूमि अधिग्रहण का कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। कई क्षेत्रों में अधिकांश भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है, जबकि कुछ स्थानों पर आंशिक कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा करने की दिशा में प्रयास जारी हैं।

बैठक में मुआवजा भुगतान की स्थिति पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि एलपीसी एवं अन्य आवश्यक कागजातों के संकलन के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। रफीगंज अंचल में अब तक 57 एलपीसी जारी किए जा चुके हैं, जिनके आधार पर रैयतों को लगभग 8.81 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि, गया क्षेत्र सहित कई जगहों पर मुआवजा दर को लेकर रैयतों की असहमति के कारण कागजात जमा नहीं किए जा रहे हैं, जिससे भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नवीनगर, अम्बा और औरंगाबाद क्षेत्रों में भी मुआवजा दर, नाम सुधार एवं एलपीसी निर्गत करने से संबंधित समस्याएं सामने आई हैं, जबकि मदनपुर और गया क्षेत्रों में कई रैयतों को भुगतान अब भी लंबित है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए शेष भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही रैयतों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने पर जोर दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेन्द्र पंडितt, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)


फाइल फोटो

जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बेलवां गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना केवल्हा फाटक के पास की बताई जा रही है, जहां रेलवे लाइन पर युवक की लाश मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के अनुसार, रेलवे ट्रैक पर शव होने की जानकारी आरपीएफ टीम द्वारा दी गई थी, जिसके बाद नवीनगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

मृतक के छोटे भाई अमित ने बताया कि अजीत घर से बैरिया स्थित दूसरे मकान पर जाने के लिए निकला था, लेकिन काफी देर तक वहां नहीं पहुंचा। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे, तभी रेलवे ट्रैक से शव मिलने की सूचना मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक पुलिस शव को अस्पताल भेज चुकी थी और उन्हें इसकी पूर्व सूचना नहीं दी गई। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब पुलिस मौके पर पहुंची थी, तब अजीत जीवित था और यदि उसे समय पर अस्पताल ले जाया जाता तो उसकी जान बच सकती थी। उनका यह भी कहना है कि अजीत की हत्या कर साजिश के तहत शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है, ताकि इसे दुर्घटना का रूप दिया जा सके।

हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इस मामले को ट्रेन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना मान रही है। पुलिस का कहना है कि युवक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। मृतक अजीत कुमार मजदूरी के लिए दूसरे राज्य में काम करता था और हाल ही में होली के दौरान घर लौटा था। वह अपने पांच भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर था और अभी अविवाहित था। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन 'मुस्कान' से लौट रही लोगों की खुशी, गुम मोबाइल बरामद

**दाउदनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। दाउदनगर थाना पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किया, जिससे लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाना है। इसी क्रम में तकनीकी जांच और सतत प्रयास के बाद कई मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें विधिवत सत्यापन के बाद संबंधित व्यक्तियों को सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और इसे भरोसा बढ़ाने वाला कदम बताया।

# श्री सीमेंट संयंत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन, 35 यूनिट रक्त संग्रह

- कर्मचारियों ने दिखाया उत्साह, रेड क्रॉस के सहयोग से सफल आयोज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



श्री सीमेंट लिमिटेड के औरंगाबाद इकाई में बुधवार को सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जब यूनिट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यूनिट हेड अतुल शर्मा एवं मानव संसाधन विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में इंडियन रेटक्रॉस सोयायटी के सहयोग से व्यापक स्तर पर रक्त संग्रह किया गया।

इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। रक्तदान करने वालों में युवा कर्मचारियों के साथ-साथ अनुभवी कर्मियों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे कार्यक्रम का माहौल प्रेरणादायक बना रहा। शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस की टीम की अहम भूमिका रही। टीम ने सभी आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की और सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों का विशेष ध्यान रखा गया। इस मौके पर यूनिट हेड अतुल शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने के समान है। उन्होंने कर्मचारियों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य संस्थान की सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। वहीं मानव संसाधन प्रमुख ने भी सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में वरीय चिकित्सक डा. रविरंजन सहित कंपनी के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यह रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी और मजबूत करेगा।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम प्रभात फेरी और मॉक ड्रिल का आयोजन

स्कूलों में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण, 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दूसरे दिन बुधवार को जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निर्देशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की उपस्थिति में अग्निशमन कर्मियों और अनुग्रह नारायण मध्य विद्यालय, कर्मा मोड़ के छात्र-छात्राओं के साथ अग्निशामालय, औरंगाबाद से रमेश चौक तक प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए अग्नि सुरक्षा पर आधारित "इवैक्यूएशन प्लान" तैयार करने तथा आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कक्षा 8, 7 एवं 4 के छात्र-छात्राओं ने अग्नि सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका समाधान अग्निशमन कर्मियों द्वारा किया गया। इससे छात्रों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और समझ विकसित हुई। इसी क्रम में अनुमंडल अग्निशामालय, दाउदनगर क्षेत्र में अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी के नेतृत्व में विजन पब्लिक स्कूल और +2 बालिका विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पटना रोड स्थित विद्यालय से भखरूआ मोड़ और सब्जी मंडी तक प्रभात फेरी निकालकर आमजन को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा उपकरणों के रख-रखाव, उनके सही उपयोग और आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# 44 लीटर अवैध शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कुटुंबा थाना क्षेत्र में की गई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 144 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई है, जबकि तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पहली कार्रवाई थाना क्षेत्र के एटीएम भट्ठा के पास की गई, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 24 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के चिरी गांव निवासी दीपा बिंद और राजा बाबू, तथा औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के किया खाप निवासी अभय चौहान शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी मौके पर शराब बेचने के लिए सक्रिय थे।

# पोक्सो मामले में दोषी को पांच साल की सजा, कोर्ट ने लगाया जुर्माना

- नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में स्पेशल कोर्ट का फैसला, दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद स्थित स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त को सजा सुनाई है। स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने देव थाना कांड संख्या 119/24 एवं पोक्सो केस संख्या 210/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय दिया। स्पेशल लोक अभियोजक शिवलाल मेहता ने बताया कि रोहतास जिले के करगहर निवासी अभियुक्त शशिभूषण कुमार को पूर्व में 7 अप्रैल 2026 को भादंवि की धारा 366 और पोक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत दोषी करार दिया गया था, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने भादंवि धारा 366 के तहत पांच वर्ष का सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये का जुर्माना, जबकि पोक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत तीन वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

मामले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 21 मई 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी नाबालिग बेटी 20 अप्रैल 2024 की शाम शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि एक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल से भगा ले गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों को राजस्थान में चिन्हित किया। पुलिस दबाव के बाद करीब एक माह बाद पीड़िता को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में अभियुक्त को 27 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया गया था, जबकि 22 जनवरी 2025 को आरोप गठन किया गया।

# सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह

- जे.पी. नड्डा और विनोद तावड़े समेत कई नेताओं से मुलाकात

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह शामिल हुए और उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम पटना स्थित लोक भवन में आयोजित किया गया, जहां उप मुख्यमंत्री के रूप में विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी शपथ ली।

समारोह के दौरान पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा और राज्य नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार बिहार के समग्र विकास को और गति देगी तथा जन-आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से बिहार एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य के रूप में उभरेगा और 'विकसित बिहार' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, बिहार प्रभारी सह राज्यसभा सदस्य विनोद तावड़े सहित अन्य वरीय नेताओं से भी मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए एनडीए कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने भाजपा नेता आदित्य श्रीवास्तव ने दी बधाई

- सम्राट चौधरी को अनुभवी और दूरदर्शी नेता बताया
- कहा—उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार में नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के पदभार संभालने पर भाजपा नेता आदित्य श्रीवास्तव ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने प्रेस रिलीज में कहा कि सम्राट चौधरी एक अनुभवी एवं दूरदर्शी नेता हैं। उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

हमें विश्वास है कि राज्य में सुशासन, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को और गति मिलेगी। आगे उन्होंने कहा कि नई सरकार आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी तथा युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।हमें पूरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व में पूरे बिहार में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही, उद्योग, व्यापार और हर व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिलेगा। हमे उम्मीद है कि आप हर व्यक्ति की सुरक्षा, सम्मान और विकास की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और बिहार को प्रगति के नए रास्ते पर ले जाएंगे।बिहार की इस पवित्र धरती ने सम्राट अशोक जैसे महान शासक को जन्म दिया, जिन्होंने न्याय, शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाया। उसी प्रेरणा के साथ आप भी बिहार को एक नई पहचान और नई ऊँचाई देंगे, ऐसी हम सभी को आशा है।एक मजबूत, सुरक्षित और विकसित बिहार का निर्माण होगा।

डीएम ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

# आरटीई में 25% नामांकन अनिवार्य, शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं लेने का आदेश

- निजी स्कूलों पर सख्ती के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अभीलाशा शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निजी विद्यालयों में आरटीई अनुपालन, छात्रवृत्ति, छात्रावास, पीएम पोषण योजना सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने कई अहम बिंदुओं पर सख्त निर्देश देते हुए व्यवस्था में सुधार लाने पर जोर दिया। निजी विद्यालयों की समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट किया कि आरटीई अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत नामांकन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में अभिभावकों द्वारा आरटीई के तहत नामांकन नहीं लेने की शिकायतें मिल रही हैं, जिसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लेने पर भी रोक लगाने का आदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि शिक्षकों को केवल पठन-पाठन कार्यों में ही लगाया जाए और विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी प्रतिनियुक्ति या मंच संचालन जैसे कार्य उनसे नहीं लिए जाएं। इस निर्देश को तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया।

छात्रावासों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवीनगर के बेला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास के नए भवन में संचालन शुरू हो चुका है, जबकि कपसिया में निर्माणाधीन भवन पूरा होने के बाद वर्तमान छात्रावास को वहां स्थानांतरित किया जाएगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कम नामांकन पर चिंता जताते हुए डीएम ने शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और अगली बैठक में सभी विद्यालयों की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण देने को कहा।

अष्टभुजी महोत्सव से लेकर यज्ञ और भागवत कथा, पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल

# पिपरा पंचायत बन रहा धार्मिक आस्था का केंद्र, लगातार हो रहे भव्य आयोजन

निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)



पिपरा पंचायत इन दिनों धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आ रहा है। लगातार हो रहे भव्य धार्मिक आयोजनों के कारण यह क्षेत्र अब एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में तेजी से उभरता जा रहा है। गांव-गांव में पूजा-पाठ, यज्ञ और कथा के आयोजन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है और दूर-दराज से श्रद्धालु भी यहां पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जनवरी माह में पिपरा पंचायत मुख्यालय पर अष्टभुजी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक ऊर्जा का संचार किया और लोगों को एकजुट करने का कार्य किया। इसके बाद पिपरा पंचायत के धुरिया गांव में 11 अप्रैल से भव्य यज्ञ का शुभारंभ हुआ, जहां मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में इसमें भाग ले रहे हैं।

इसी कड़ी में अब पिपरा पंचायत के बरौली गांव में 25 अप्रैल से एक और विशाल धार्मिक आयोजन की तैयारी जोरों पर है।

# ओबरा में दो पिकअप की आमने-सामने टक्कर, तीन लोग घायल

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा प्रखंड अंतर्गत लोकन बिगहा (अतरौली) के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर बुधवार को भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बोलोरो पिकअप गाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना से अमूल दूध लेकर औरंगाबाद की ओर जा रही एक बोलोरो पिकअप और अंबिकापुर की दिशा से आ रही सब्जी लदी दूसरी पिकअप अचानक आमने-सामने टकरा गईं। बताया जा रहा है कि एक वाहन गलत दिशा से आ रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सब्जी से लदी पिकअप सड़क पर ही पलट गई, जबकि दूध लेकर जा रही गाड़ी सड़क से नीचे ढलान में जा गिरी।

हादसे में अमूल दूध वाहन के चालक उमा राम (20 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरी पिकअप के चालक संदीप तिरखी (24 वर्ष) और उसमें सवार ममता देवी (20 वर्ष) भी घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य डीएम ने पारदर्शी वितरण के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के बाद प्रशासन ने इसे सामान्य और संतोषजनक बताया है। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की आपूर्ति की जा रही है और लंबित बुकिंग का लगातार निष्पादन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के मुकाबले करीब 7006 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिला पदाधिकारी अभीलाषा शर्माने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करें और वितरण प्रणाली में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

साथ ही सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी करने और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल 2026 तक जिले में 169 नए पीएनजी कनेक्शन भी स्थापित किए जा चुके हैं। आमजन की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06186-295027 सक्रिय रखा गया है, जिस पर नागरिक अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। निगरानी व्यवस्था के तहत 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। 15 अप्रैल को नियंत्रण कक्ष में प्राप्त 15 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 2 शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं। जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।